

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 331 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 18 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


# भारत ने सिर्फ 37 गेंद में जीत लिया एशिया कप का फाइनल, बनाया नया वर्ल्ड रिकॉर्ड, ऑस्ट्रेलिया को छोड़ा पीछे



नई दिल्ली. रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने एशिया कप 2023 का फाइनल एकतरफा अंदाज में जीता. भारत ने फाइनल में श्रीलंका को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी और रिकॉर्ड 8वीं बार एशिया कप का टाइटल जीता. मैच में श्रीलंका की टीम पहले खेलते हुए 15.2 ओवर में सिर्फ 50 रन बनाकर ऑलआउट हो गई. 9 खिलाड़ी दहाई के आंकड़े को नहीं छू सके. तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 21 रन देकर 6 विकेट लिए. यह उनका वनडे का बेस्ट प्रदर्शन है. जवाब में भारतीय टीम ने लक्ष्य को 6.1 ओवर में बिना विकेट के हासिल कर लिया. शुभमन गिल 19 गेंद पर 27 और ईशान किशन 18 गेंद पर 23 रन बनाकर नाबाद रहे. मल्टीनेशन टूर्नामेंट यानी 3 या उससे अधिक देशों के बीच होने वाले वनडे टूर्नामेंट की बात करें, तो टीम इंडिया सबसे कम गेंदों में फाइनल जीतन वाली टीम बन गई है. यह वर्ल्ड रिकॉर्ड भी है.

टीम इंडिया ने श्रीलंका के खिलाफ सिर्फ 6.1 ओवर यानी 37 गेंद में फाइनल मैच जीत लिया. अभी मैच में 263 गेंद का मैच बाकी था. इससे पहले मल्टीनेशनल टूर्नामेंट के फाइनल में सबसे कम गेंदों में जीत का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नाम था. 2003 में वीबी सीरीज के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने 226 गेंद शेष करते इंग्लैंड को 10 विकेट से रौंद दिया था. मैच में इंग्लैंड की टीम पहले खेलते हुए सिर्फ 117 रन ही बना सकी थी. जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने लक्ष्य को 12.2 ओवर में हासिल कर लिया था.

### सिर्फ 129 गेंद में खत्म हो मैच

भारत और श्रीलंका का मैच सिर्फ 129 गेंद में खत्म हो गया. वनडे क्रिकेट की बात करें, तो यह गेंद के लिहाज से तीसरा सबसे छोटा मैच है. इससे पहले 2020 में नेपाल-अमेरिका का मैच 104 गेंद में जबकि 2001 में श्रीलंका-जिम्बाब्वे का मैच 120 गेंद पर खत्म हुआ था. टीम इंडिया की यह गेंद के शेष रहते हुए सबसे बड़ी जीत है. मैच में अभी 263 गेंद का खेल बाकी थी. इससे पहले भारतीय टीम ने 2001 में केन्या को 231 गेंद शेष रहते हुए मात दी थी.
रोहित शर्मा बतौर कप्तान 2 एशिया कप का खिताब जीतने वाले तीसरे भारतीय कप्तान बन गए हैं. मोहम्मद अजहरुद्दीन और एमएस धोनी ने भी ऐसा किया है. धोनी ने बतौर कप्तान एक बार वनडे तो एक बार टी20 एशिया कप का टाइटल अपने नाम किया है. वहीं रोहित और अजहरुद्दीन ने वनडे एशिया कप के खिताब 2-2 बार अपने नाम किए हैं. 5 अक्टूबर से शुरू हो रहे वनडे वर्ल्ड कप से पहले यह टीम की बड़ी जीत कही जा सकती है.

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन अवसर पर स्वास्थ्य और दीघार्यु जीवन हेतु पूजन अर्चना

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने हनुमान सेतु मंदिर पर उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु जीवन हेतु पूजन अर्चन किया



संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73वें जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने आज प्रातः हनुमान सेतु मंदिर पर प्रधानमंत्री मोदी के उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु जीवन हेतु पूजन अर्चन किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकताओं के साथ गणेश वंदन व हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा , लखनऊ महापौर सुषमा खर्कवाल,भाजपा नेता नीरज सिंह,लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने भी पूजन किया और प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु की कामना की।
भूपेंद्र सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा हम सब की इच्छा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के साथ-साथ विश्व का नेतृत्व करें। भारतीय जनता पार्टी के असंख्य कार्यकताओं की तरफ से प्रधानमंत्री जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़े के रूप में मना रही हैं



।जिसमें सेवा के काम रचनात्मक, काम और पार्टी के संघटनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से हम लगातार सरकार का रिपोर्ट कार्ड प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी सरकार के कार्यों को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा सनातन देश के करोड़ों लोगों की आस्था का विषय है। आई.एन.डीआई.ए गठबंधन के लोग लगातार सनातन को लज्जित और अपमानित करने का काम कर रहे हैं। यह लोग भगवान श्री राम को नहीं मानते हैं और हमारे धार्मिक ग्रंथो को, साधु संतो को अपमानित करने का काम करते हैं। कार्यक्रम में प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित , महानगर मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग , रजनीश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष राकेश सिंह, शैलेंद्र राय डब्बू व काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सर्वदलीय बैठक में उठा महिला आरक्षण का मुद्दा

नई दिल्ली. पांच दिवसीय संसद सत्र से एक दिन पहले रविवार को सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के दौरान कई दलों ने महिला आरक्षण विधेयक को संसद में पेश करने पर जोर दिया. सर्वदलीय बैठक में कई नेताओं ने कहा कि लंबे समय से लंबित इस विधेयक को पेश किया जाना चाहिए और उम्मीद है कि इसे आम सहमति से पारित किया जा सकता है.
विधेयक में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीट आरक्षित करने का प्रावधान है. सूत्रों ने कहा कि कुछ क्षेत्रीय दलों ने महिलाओं के लिए समग्र आ-रक्षण के भीतर पिछड़े वर्गों और अनुसूचित जातियों के लिए कोटा की मांग की है जो पूर्व में विधेयक के पारित होने में एक महत्वपूर्ण बाधा रही है.

## जौहर यूनिवर्सिटी और जौहर ट्रस्ट में नियम विरुद्ध ब्याज भुक्तान पर शासन सख्त

### रामपुर जिला सहकारी बैंक के दो अधिकारी हो चुके हैं निलंबित

समाज जागरण

शावेज अहमद रामपुर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां की जौहर यूनिवर्सिटी, जौहर ट्रस्ट और रामपुर पब्लिक स्कूल को नियम विरूद्ध ब्याज का भुगतान करने के मामले में शासन सख्त है। इस मामले में पहले ही रामपुर जिला सहकारी बैंक के दो अधिकारी निलंबित हो चुके हैं। जिसके बाद अब बैंक को भुगतान की गई 21.96 लाख रुपए की धनराशि भी वापस मिल गई हैं।
जिला सहकारी बैंक की जौहर यूनिवर्सिटी शाखा ने जौहर यूनिवर्सिटी और जौहर ट्रस्ट के नाम से संचालित खातों को बचत खाता मानते हुए जुलाई 2022 में यूनिवर्सिटी को 17.58 लाख और ट्रस्ट को 2.18 लाख रुपए ब्याज का भुगतान कर दिया था। जबकि जिला सहकारी बैंक की ही डिग्री




कालेज शाखा ने रामपुर पब्लिक स्कूल के नाम से संचालित खाते को बचत खाता मानते हुए 3.67 लाख रुपए ब्याज का भुगतान कर दिया। तीनों खातों का संचालन मोहम्मद आजम खां के द्वारा किया जा रहा हैं। नियमों के अनुसार ऐसा नहीं किया जा सकता। जैसे ही यह मामला शहर विधायक आकाश सक्सेना के संज्ञान में आया तो उन्होंने मुख्यमंत्री से शिकायत कर दी जिस्के बाद जांच कमेटी गठित हुई। कमेटी की जांच में ब्याज का भुगतान नियमों के विरूद्ध सामने आया। जिसके बाद शासन ने जिला सहकारी बैंक रामपुर के सचिव उपेंद्र कुमार सारस्वत, जिला सहकारी बैंक रामपुर के उपमहाप्रबंधक शकील अहमद को निलंबित कर दिया था। वहीं अब तीनों संस्थानों को नियम विरूद्ध दिए गए ब्याज की धनराशि जिला सहकारी बैंक रामपुर को वापस मिल गई हैं।
शहर विधायक आकाश सक्सेना ने बताया कि जिला सहकारी बैंक ने आजम खां को अनुचित तरीके से लाभ पहुंचाया था जिसकी शिकायत की गई थी। इस मामले में दो अधिकारियों के निलंबन के बाद अब संस्थानों को दी गई ब्याज की धनराशि भी वापस मिल गई हैं। यह धनराशि 21.96 लाख रुपए हैं।

# संसद का विशेष सत्र आज से हो रहा शुरू

नई दिल्ली. संसद का पांच दिवसीय विशेष सत्र सोमवार (18 सितंबर) से शुरू होने वाला है. यह विशेष सत्र भारतीय संसद की 75 साल की यात्रा पर चर्चा के साथ शुरू होने की संभावना है, क्योंकि इसकी पहली बैठक आजादी से पहले दिसंबर 1946 में हुई थी. संसद के विशेष सत्र से पहले, केंद्र ने कार्यवाही के लिए एक अस्थायी एजेंडा जारी किया है. 18 सितंबर से 22 सितंबर तक चलने वाली पांच दिवसीय बैठक के दौरान नेताओं को जानकारी देने और उनकी राय जानने के लिए रविवार को एक सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई थी.

संसद सत्र से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस और एनसीपी सहित कई दलों ने महिला आरक्षण विधेयक को सदन के पटल पर रखने और पारित करने की पुरजोर वकालत की है. कई नेताओं ने कहा कि लंबे समय से लंबित विधेयक को सदन के पटल पर रखा जाना चाहिए और उम्मीद जताई कि इसे आम सहमति से पारित किया जा सकता है.



यह विशेष सत्र पुराने संसद भवन में शुरू होगा और फिर 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के अवसर पर नए संसद भवन में चलेगा. (फाइल फोटोः PTI)

### संसद का विशेष सत्रः एजेंडे में क्या है ?

विशेष सत्र में गणेश चतुर्थी के अवसर पर 19 सितंबर को पुराने संसद भवन से नए भवन में औपचारिक रूप से स्थानांतरण किया जाएगा. इसके अलावा मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति, सेवा की शर्तों और कार्यकाल को विनियमित करने के लिए एक विधेयक में बदलाव सहित चार प्रमुख विधेयक भी संसद में पेश किए जाने की संभावना है.
संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि पहले दिन सत्र पुराने संसद भवन में होगा. अगले दिन यानी 19 सितंबर को पुरानी संसद में फोटो सेशन होगा, फिर सुबह 11 बजे सेंट्रल हॉल में एक समारोह होगा. उसके बाद, हम नई संसद में प्रवेश करेंगे. नई संसद का सत्र 19 सितंबर से शुरू होगा और 20 सितंबर से नियमित सरकारी कामकाज शुरू होगा.

### भारतीय संसद की 75 साल की यात्रा पर चर्चा

केंद्र ने संविधान सभा से शुरू होने वाली 75 साल की संसदीय यात्रा पर एक विशेष चर्चा की रूपरेखा तैयार की है. इसमें पांच लंबित बिलों की प्रस्तुति के साथ उपलब्धियों, अनुभवों, यादों और सीखों का विश्लेषण शामिल होगा. शीर्ष सरकारी सूत्रों ने बताया कि संविधान सभा से शुरू होने वाली संसद की 75 साल की यात्रा पर विशेष चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी लोकसभा में पहले अध्यक्ष हो सकते हैं, जबकि पीयूष गोयल राज्यसभा में पहले अध्यक्ष होंगे.

### विशेष सत्रः पेश हो सकते हैं अहम विधेयक

सत्र के दौरान सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी विधेयक को विचार और पारित कराने के लिए सूचीबद्ध किया है. इसके अलावा सरकार लोकसभा में ह्यअधिवक्ता (संशोधन) विधेयक, 2023ह्ल और ह्यप्रेस एवं आवधिक पंजीकरण विधेयक, 2023ह्ल भी पेश करेगी. दोनों विधेयकों को पिछले महीने मानसून सत्र के दौरान राज्यसभा द्वारा पारित किया गया था. पोस्ट ऑफिस बिल, 2023 को भी लोकसभा के कामकाज में सूचीबद्ध किया गया है.

### 'इंडिया' गुट की भी सहमति

इंडिया गठबंधन गुट के कुल 24 दलों ने संसद के विशेष सत्र में भाग लेने पर सहमति व्यक्त की है. कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर देश की मौजूदा आर्थिक स्थिति सहित कई मुद्दों पर चर्चा और बहस की मांग की है. इस बीच, कांग्रेस ने शनिवार को मांग की कि संसद के आगामी विशेष सत्र के दौरान महिला आरक्षण विधेयक पारित किया जाए.

## और जब सत्ता की हनक सिर चढ़कर बोली एक जनप्रतिनिधि ने दी यातायात सिपाही की वर्दी उतरवाने की दी धमकी

फिरोजाबाद। थाना उत्तर क्षेत्र के बिपरीत दिशा मेबाइक निकालने से मना करने पर एक जनप्रतिनिधि ने यातायात पुलिसकर्मी को वर्दी उतरवाने की धमकी दे दी। वहां काफी लोग एकत्रित हो गए। उन्होंने मामले को शांत कराया।
मामला बायपास रोड स्थितजलेसर रोड चौराहा फ्लावर ओवरके नीचे का बताया गया है। एक जनप्रतिनिधि बाइक से चौराहा पार कर रहे थे। वह गलत साइड से बाइक निकल रहे थे।



वहां ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक सिपाही ने रोकने का प्रयास किया तो जनप्रतिनिधि बिगड़ गए।
वह यातायात सिपाही से तकरार करने पर उतर आए। उन्होंनेसिपाही को काफी खरी गोटी सुनाई। उसकी वर्दी उतरवाने की भी बात कही। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## अवैध रूप से दिल्ली से बिहार निर्बाध गति से फर्राटा भर रहीं स्लीपर बसें

### चेकिंग के दौरान पकड़ी गई दोनों बसों का हो चुका है बीमा समाप्त

समाज जागरण

अयोध्या। अयोध्या - लखनऊ हाईवे पर शुक्रवार को एआरटीओ की चेकिंग के दौरान पकड़ी गई दोनों स्लीपर बसें अवैध रूप से संचालित हो रहीं हैं। दो यात्रियों की मौत के बाद हुए हंगामे को लेकर बसों को मानवीय आधार पर छोड़ने वाले एआरटीओ की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है।

पत्रकारों की टीम ने शनिवार को जब दोनों बसों की वैधता को लेकर पड़ताल की तो दोनों का बीमा समाप्त मिला। गंभीर बात यह है कि शुक्रवार को चेकिंग के दौरान हुए घटनाक्रम में परिवहन और पुलिस दोनों की भूमिका शर्मसार कर देने वाली रही। इतना ही नहीं घटना के बाद अभी तक परिवहन के उच्चाधिकारियों की ओर से कोई संज्ञान तक नहीं लिया गया है।

चेकिंग के दौरान पकड़ी गई बस संख्या यूपी 51 एटी 8109 का बीमा 24 मार्च 20 को और बस संख्या यूपी 22 एटी 3897 का 21 दिसम्बर 22 को ही समाप्त हो चुका है। इसके बाद भी यह प्रतिदिन इसी रुट पर फर्राटा भर रही थीं। बताया जाता है कि यह बसे कई वर्षों से दिल्ली से बिहार हाइवे से होकर गुजर रहीं थी लेकिन चढ़ावे के चलते कभी इनकी ओर निगाह नहीं गई। चेकिंग में शुक्रवार को तो जब छह बसों को रोका गया तो इनमें यह भी शामिल निकली।

बता दें कि चेकिंग के दौरान अधिक समय तक रोके जाने के कारण दो यात्रियों की मौत हो गई थी। हालांकि दोनों को पहले से ही बीमार बताया गया है। परिवहन विभाग ने चेकिंग के दौरान जहां बसों को छह घंटे तक रोके रखा वहीं पुलिस ने दोनों शवों के पोस्टमार्टम की जिम्मेदारी नहीं निभाई। हालांकि एसपी ग्रामीण ने मामले में सीओ को जांच के लिए निर्देश दे रखे हैं।

### बोले जिम्मेदार

पकड़ी और सीज बसों को मानवता के आधार पर छोड़ा गया था। दोनों का बीमा समाप्त हो गया है। नोटिस देकर फिर सीज करने की कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग की ओर से किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती गई है। - प्रवीण सिंह, एआरटीओ, अयोध्या

## शांतिनिकेतन को यूनेस्को ने विश्व विरासत सूची में किया शामिल, रवींद्रनाथ टैगोर ने यही की थी विश्वभारती की स्थापना

नई दिल्ली. नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर का घर शांतिनिकेतन यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल कर लिया गया है. शांतिनिकेतन में ही कवि रवींद्रनाथ टैगोर ने एक सदी पहले विश्वभारती की स्थापना की थी. यूनेस्को ने रविवार को सोशल मीडिया 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में यह घोषणा की. यूनेस्को ने कहा, 'यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शांतिनिकेतन शामिल. भारत को बधाई.' पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में स्थित इस सांस्कृतिक स्थल को यूनेस्को की धरोहर सूची में शामिल कराने के लिए भारत लंबे समय से प्रयास कर रहा था. शांतिनिकेतन को विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने के लिए एक दस्तावेज तैयार करने पर काम करने वाली प्रसिद्ध संरक्षण वास्तुकार आभा नारायण लांबा ने कहा कि वह खबर सुनने के बाद 'खुशी से झूम उठीं.ह्ल उन्होंने कहा, 'हमने 2009 में दस्तावेज पर काम किया था और शायद तब समय सही नहीं था. लेकिन हम हमेशा शांतिनिकेतन की सुंदरता में विश्वास करते थे और आज इसे यूनेस्को की सूची में देखकर इसकी पुष्टि हुई.'

# सभी विघ्नों के हर्ता भगवान श्री गणेश

**दैनिक समाज जागरण**

सभी देवताओं में प्रथम पूजे जाने का अधिकार विघ्नाशक श्री गणेश के पास है। शंकर पार्वती के कनिष्ठ पुत्र जिनका सर गज का है। इसीलिये इन्हें गजानन भी कहा जाता है। एक बार क्रोध में आकर पिता शंकर ने श्री गणेश का सर ही अपने त्रिशुल से काट डाला था। बाद में अपने ही पुत्र की हत्या करने की जानकारी होने पर भगवान शंकर ने गज का सर जोड़कर गणेशजी को पुर्नजीवन प्रदान किया एवं उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया कि सभी देवताओं और मुझसे भी पहले तुम्हारी पूजा करने में ही बाकी देवताओं की पूजा करने पर सबकी पूजा सार्थक होगी। इस अवसर पर उपस्थित माँ पार्वती एवं अनेक देवताओं ने भी उन्हें अनेक वर देकर अभिभूषित किया। आज हमारे देश में ही नही वरन विदेशों में भी गणेश चतुर्थी आने पर उनकी प्रतिमा स्थापना कर उनकी आराधना करने का चलन सर्व प्रचलित हो चुका है । गाँव गाँव और शहरों में प्रायः हर गली मुहल्ले में साज सज-ावट और पंडाल बनाकर युवाजन गणेश प्रतिमा की स्थापना बड़े जोशो खरोश और उत्साह से करते हैं। इस अवसर पर अनेक स्थानों में सांस्कृतिक और संगीत कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते हैं। यह उत्सव दस दिन चलता है उसके बाद अनंत चतुर्दशी को "गणपति बाप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ" के नारों के साथ गणेश की प्रतिमा को नदी जलाशयों में विसर्जित कर दिया जाता है।श्री गणेश प्रतिमा की स्थापना का इतिहास ज्यादा पुराना नहीं है, आजादी पूर्व जब देश अंग्रेज शासकों की गुलामी में देशवासी सिसक रहे थे। चारों ओर अंग्रेजों का आतंक और फूट डालो राज करो की नीति का साम्राज्य व्याप्त था। ऐसी विषम परिस्थितियों में स्वतंत्रता के महान सेनानी "बाल गंगाधर तिलक" ने इस परम्परा का बीजारोपण किया। उन्होंने सर्वप्रथम गणेश की प्रतिमा की स्थापना कर लोगों के बीच भाईचारे संगठन और एकता का संदेश फैलाने के उद्देश्य से गणेशोत्सव का शुभारंभ किया। यह परम्परा धीरे धीरे बम्बई पुणे से फैलते - फैलते पूरे मराठवाड़ा में फैल गया। उसके बाद जल्दी ही यह सारे राष्ट्र का पर्व बन गया।और अब सारी दुनिया में इसे बड़े उत्साह से स्थापित कर हिन्दूओं द्वारा उत्साह का प्रदर्शन किया जाता है।

वैसे उत्तर भारत में मुख्यतः शिव पार्वती की पूजा ज्यादा प्रचलित हैं, किन्तु दक्षिण में शिव पार्वती के साथ गणेश और उनके अग्रज भ्राता कार्तिकेय की पूजा भी बड़े उत्साह के साथ की जाती है। गणेश जी की पूजा दीपावली में भी लक्ष्मी जी के साथ अनिवार्यतः मानी गई है। वहीं कार्तिकेय की पूजा विजयादशमी के अवसर पर दुर्गा की मूर्ति के साथ स्थापित कर उन्हें पूजा जाता है। गणेशजी अधिकांशतः शुभ और लाभ के अवसर पर स्थान पाते हैं। जिस प्रकार शिव के अनेक पर्याय व नाम हैं, उसी प्रकार श्रीगणेश की भी अनेक नामों से चर्चा हुई है।



उदाहरणार्थ ऋग्वेद संहिता में गणेश की स्तुति इस प्रकार की गई है।

"हे ब्रम्हणस्पति, तुम देवों में गणपति और तुम्हारा अन्न सर्वोच्च और अमानभूत है।

तुम प्रशंसनीय लोगों में राजा और मंत्रों के स्वामी हो। हम तुम्हें बुलाते हैं।

तुम हमारी स्तुति सुनकर आश्रय प्रदान करने के लिये यज्ञ ग्रह में बैठो।"

इस स्तुति में ब्रम्हणस्पति का अर्थ वाक्पति अर्थात वाणी का स्वामी से है। और गणपति का अभिप्रायः है गुणों - का पति । महाहस्ती, एकदंत, वक्रतुण्ड तथा - दन्ती आदि नामों से भी उन्हें पुकारा जाता है। यजुर्वेद में भी गणपति की स्तुति इस प्रकार की गई है।

"नमो गणेक्यो गणपतिभ्यश्व"

अर्थात गणों को और आप गणपतियों को प्रणाम है। इसके अतिरिक्त यजुर्वेद का यह निम्न मंत्र आज ज्यादा लोकप्रिय हो रहा है।

"गणानां त्वां गणपति हबागडे प्रियाणां त्वा प्रियपति हवामहे निधीनां त्वां निधिपति हवाम हे वसो मम।।"

अर्थात हम मनुष्यादि के गण के अधिष्ठाता के रूप में विद्यमान तुम्हारा आह्वान करते हैं। संसार के समस्त पदार्थों में सर्वाधिक प्रिय होने के कारण गज रूप होने के कारण हम आपका आव्हान करते हैं। जिसमें सभी प्राणी निवास करने हैं, ऐसे वसु नामक परमात्मन आप मेरी भी रक्षा करें। वह स्तुति गणेश के वर्तमान स्वरूप के अधिक निकट बैठती है, क्योंकि आज भी गणेश को विघ्नविनाशक तथा 'समृद्धि के रक्षक देवता के रूप में ही माना जाता है।

अनंत चतुर्दशी का पर्व भी हालांकि गणेश पूजा से ही संबंधित है पर इस दिन भगवान विष्णु की कथा सुनी जाती है। इस पर्व (व्रत) के नाम से ही बोध होता है कि यह दिन उस अंतहीन सृष्टि के रचयिता निर्गुण ब्रम्ह की भक्ति का दिवस है। इस दिन भक्तगण अन्य कार्यों को त्याग कर ईश्वर भक्ति में बिताते हैं। इस दिन वेदग्रंथों का पाठ करके भक्ति की स्मृति का डोरा बांधा जाता है, जिसे अनंता कहते हैं। इस व्रत की पूजा दोपहर को की जाती है। इस दिन व्रती लोग स्नान करके कलश की स्थापना करते हैं। कलश पर अष्टदल कमल के समान बने बर्तन में कुशा से निर्मित अनन्त की स्थापना की जाती है। इसके पास कुमकुम, केशर या हल्दी रंजित चौदह गांठों वाला अनंत भी रखा जाता है। कुशा के अनंत की वंदना करके, उसमें विष्णु भगवान का आह्वान तथा ध्यान करके गंध, अक्षत, पुष्प, धूप तथा नैवेद्य से पूजन किया जाता है। इसके बाद अनंत का पुनः ध्यान करके शुद्ध अनंत को अपनी दाहिनी भुजा पर बांधना चाहिये। यहं डोरा भगवान विष्णु को प्रसन्न करने वाला तथा अनन्त फलदायक माना गया है। यह व्रत धन, पुत्रादि की कामना से किया जाता है। इस दिन नवीन सूत्र के अनंत को धारण करके पुराने को त्याग देना चाहिये। इस व्रत का पारण ब्राम्हण को सम्मान व दक्षिणा दे कर-के करना चाहिये। अनंत की चौदह गांठे चौदह लोगों की प्रतीक है। उनमें अनंत भगवान विद्यमान है। इस व्रत की कथा सामूहिक रूप से परिवार जनों के बीच सुनी जानी चाहिये।



**- सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"**

# वराह जयन्ती

वराह जयन्ती भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है। हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस तिथि को भगवान विष्णु ने वराह अवतार लिया था, और हिरण्याक्ष नामक दैत्य का वध किया। भगवान विष्णु के इस अवतार में श्रीहरि पापियों का अंत करके धर्म की रक्षा करते हैं। वराह जयन्ती भगवान के इसी अवतरण को प्रकट करती है। इस जयन्ती के अवसर पर भक्त लोग भगवान का भजन-कीर्तन व उपवास एवं व्रत इत्यादि का पालन करते हैं।

**कथा**

जब दिति के गर्भ से हिरण्याक्ष और हिरण्यकशिपु ने जब जुड़वाँ पुत्रों के रूप में जन्म लिया तो पृथ्वी काँप उठी। आकाश में नक्षत्र और दूसरे लोक इधर से उधर दौड़ने लगे, समुद्र में बड़ी-बड़ी लहरें पैदा हो उठीं और प्रलयंकारी हवा चलने लगी। ऐसा प्रतीत होने लगा कि मानो प्रलय आ गई हो। हिरण्याक्ष और हिरण्यकशिपु दोनों पैदा होते ही बड़े हो गए। दैत्यों के बालक पैदा होते ही बड़े हो जाते है और अपने अत्याचारों से धरती को कँपाने लगते हैं। यद्यपि हिरण्याक्ष और हिरण्यकशिपु दोनों बलवान थे, किंतु फिर भी उन्हें संतोष नहीं था। वे संसार में अजेयता और अमरता प्राप्त करना चाहते थे।

तप तथा वरदान

हिरण्याक्ष और हिरण्यकशिपु दोनों ने ब्रह्मा को प्रसन्न करने के लिए कठिन तप किया। उनके तप से ब्रह्मा जी प्रसन्न हुए। उन्होंने प्रकट होकर कहा- "तुम्हारे तप से मैं प्रसन्न हूँ। वर मांगो, क्या चाहते हो?" हिरण्याक्ष और हिरण्यकशिपु ने उत्तर दिया- "प्रभो, हमें ऐसा वर दीजिए, जिससे न तो कोई युद्ध में हमें पराजित कर सके और न कोई मार सके।" ब्रह्माजी ह्यतथास्तुह्न कहकर अपने लोक में चले गए। ब्रह्मा से अजेयता और अमरता का वरदान पाकर हिरण्याक्ष उद्दंड और स्वेच्छाचारी बन गया। वह तीनों लोकों में अपने को सर्वश्रेष्ठ मानने लगा। दूसरों की तो बात ही क्या, वह स्वयं विष्णु भगवान को भी अपने समक्ष तुच्छ मानने लगा।

**इन्द्रलोक पर अधिकार**

हिरण्याक्ष ने गर्वित होकर तीनों लोकों को जीतने का विचार किया। वह हाथ में गदा लेकर इन्द्रलोक में जा पहुँचा। देवताओं को जब उसके पहुँचने की खबर मिली, तो वे भयभीत होकर इन्द्रलोक से भाग गए। देखते ही देखते समस्त इन्द्रलोक पर हिरण्याक्ष का अधिकार स्थापित हो गया। जब इन्द्रलोक में युद्ध करने के लिए कोई नहीं मिला, तो हिरण्याक्ष वरुण की राजधानी 'विभावरी नगरी' में जा पहुँचा। उसने वरुण के समक्ष उपस्थित होकर कहा- "वरुण देव, आपने दैत्यों को पराजित करके राजसूय यज्ञ किया था। आज आपको मुझे पराजित करना पड़ेगा। कमर कस कर तैयार हो जाइए, मेरी युद्ध पिपासा को शांत कीजिए।" हिरण्याक्ष का कथन सुनकर वरुण के मन में रोष तो उत्पन्न हुआ, किंतु उन्होंने भीतर ही भीतर उसे दबा दिया। वे बड़े शांत भाव से बोले- "तुम महान योद्धा और शूरवीर हो। तुमसे युद्ध करने के लिए मेरे पास शौर्य कहाँ? तीनों लोकों में भगवान विष्णु को छोड़कर कोई भी ऐसा नहीं है, जो तुमसे युद्ध कर सके। अतः उन्हीं के पास जाओ। वे ही तुम्हारी युद्ध पिपासा शांत करेंगे।"

**विष्णु तथा हिरण्याक्ष का युद्ध**

वरुण का कथन सुनकर हिरण्याक्ष भगवान विष्णु की खोज में समुद्र के नीचे रसातल में जा पहुँचा। रसातल में पहुँचकर उसने एक विस्मयजनक हृश्य देखा। उसने देखा एक वराह अपने दांतों के ऊपर धरती को उठाए हुए चला जा रहा है। वह मन ही मन सोचने लगा, यह वराह कौन है? कोई भी साधारण वराह धरती को अपने दांतों के ऊपर नहीं उठा सकता। अवश्य यह वराह के रूप में भगवान विष्णु ही हैं, क्योंकि वे ही देवताओं के कल्याण के लिए माया का नाटक करते रहते हैं।

# देश की मुख्य धारा में चरित्र निर्माण, राष्ट्रीयता का सूत्रधार।

**दैनिक समाज जागरण**

चरित्र अथवा सच्चरित्रता को यदि हम परिभाषित करें, तो अच्छे आचरण, चाल चलन, स्वभाव, गुणधर्म, आदि इत्यादि को चरित्र तथा सचरित्रता का तात्पर्य अच्छा चाल चलन, अच्छा स्वभाव, अच्छे व्यवहार से है। मनुष्य समाज के बीच रहने वाला दोपाया है। अतः समाज के मध्य ऐसे गुणों का होना आवश्यक है, जिनके द्वारा व समाज में शांति पूर्वक रहते हुए देश की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। मनुष्य के खराब आचरण से समाज का वातावरण भी प्रदुषित, खराब होता है। दूस-री तरफ अच्छे राष्ट्रीय चरित्र फलादेश हमेशा प्रगति के पथ पर चलकर एक महान राष्ट्र की संज्ञा पाता है। काम, क्रोध,लोभ, मोह, संताप, निर्दयता और ऐसे अवगुण मनुष्य के सामाजिक जीवन में अशांति उत्पन्न करते हैं। ऐसा व्यक्ति सदैव दुराचारी ही माना जाता है जो अच्छे आचरण या अच्छे चरित्र का ना हो। दूसरी ओर इसके जरा विपरीत निष्ठा, ईमानदारी, लगन शीलता, संयम तथा परोपकार इत्यादि पालन करने वाला मनुष्य चरित्रवान और सच्चरित्र वाला कहलाता है। इसके अलावा उदारता, विनम्रता,सहिष्णुता, सत्यभाषण किसी राष्ट्र को चरित्रवान बनाता है।

हमारे देश के महान नेता बापू महात्मा गांधी ने कूटनीति की चमक को बड़ा नहीं समझा,बुद्धि विकास को बड़ा नहीं समझा, चरित्रिक बल को ही मान दिया है। आज हमें अधिक से अधिक इस बात पर विचार करना है कि चरित्र बल केवल एक व्यक्ति का नहीं समूचे देश का होना चाहिए। राष्ट्रीय चरित्र को अत्यधिक महत्व देने वाली पंक्तियां मूर्धन्य आलोचक आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा अंग्रेजी में लिखी गई पंक्तियां से हम सब भली भली भांति परिचित हैं,उसका हिंदी भावार्थ है, यदि धन गया तो कुछ भी नहीं गया, यदि स्वास्थ्य गया तो थोड़ा गया, और यदि चरित्र चला गया तो सब कुछ चला गया। उनके इस कथन से चरित्र का महत्व स्पष्ट परिलक्षित होता है। कर्म मानव की अभिव्यक्ति है, वैसे ही जीवन चरित्र की अभिव्यक्ति है। हारवर्ट स्पेंसर ने कहा कि किसी मनुष्य राष्ट्र की सबसे बड़ी आवश्यकता शिक्षा नहीं चरित्र है, और यही सबसे बड़ा उसका रक्षक है। चरित्रवान व्यक्ति ही अच्छा राष्ट्रीय चरित्र निर्माण कर सकता है। और अच्छा राष्ट्रीय चरित्र एक महान देश को जन्म देता है। जिसमें विश्व में शांति, सद्भावना एवं परस्पर सहयोग की भावना को बल मिलता है। चरित्रवान नेता पूरे देश को अच्छे से नेतृत्व देकर सही विकास और शिक्षा की ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। चरित्रहीन नेता देश को रसातल की ओर ले जाने में नहीं चूकता है। इसीलिए हमारा परम कर्तव्य बनता है कि हम देश के प्रतिनिधि के रूप में चरित्रवान नेताओं का ही चुनाव करें। राजनीति एक कठिन डगर है, जहां की पगडंडी बल खाकर आगे बढ़ती है। और इस प्रयास में हमें समाज में सदाचार को बढ़ाने की अत्यंत आवश्यकता है। भ्रष्टाचार कदाचार की संभावनाओं को खत्म करने की कोशिश करनी चाहिए, और इस प्रयास में हमें बच्चों को प्रारंभ से ही नैतिक शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए।चरित्रवान नेता सदैव अपने नागरिकों को महान बनने की प्रेरणा देता है। और सचरित्र ही हमेशा उदाहरण बनके आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं। महात्मा गांधी तथा अन्य नेताओं ने चारित्रिक प्रबलता के दम पर ही ब्रिटिश साम्राज्य को उखाड़ फेंका था। सदाचारी व्यक्ति की समाज में प्रतिष्ठा होती है,और दुराचारी नेता सदैव निंदा का पात्र बनता है। जिस राष्ट्र के नेता नागरिक दुराचारी हो उसकी प्रगति कभी ठीक से नहीं होती। अतः देश की सही व निरंतर प्रगति के लिए आवश्यक है कि उसके अग्रणी नेता नागरिक आने वाली पीढ़ी सच्चरित्र एवं निष्ठावान हो।

किसी भी व्यक्ति या नागरिक का चरित्र होना इस बात पर निर्भर नहीं करता कि वह कितना शिक्षित है।एक अशिक्षित व्यक्ति भी अपने मयार्दापूर्ण जीवन से अच्छे चरित्र की संज्ञा पा सकता है, और यदि उच्च शिक्षित व्यक्ति भ्रष्टाचार दुराचार में लिप्त हो तो वह दुष्ट चरित्र ही कहलाता है। कई अति शिक्षित व्यक्ति दुराचार एवं विचार में लिप्त होकर अपने पढ़े लिखे होने को कलंकित करते हैं। और वही कम पढ़ा लिखा या अशिक्षित ऑटो ड्राइवर यात्री द्वारा भूल से छोड़े गए लाखों रुपए पुलिस थाने में जमा कर आता है, यह उस अनपढ़ व्यक्ति की उत्तम चरित्र की परिभाषा है। आज बड़े-बड़े पढ़े-लिखे अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त होकर जेल तक की हवा खाने के लिए मजबूर हैं। यह लोग समाज के चरित्र,राष्ट्र के चरित्र के लिए अत्यंत घातक है। अच्छे चरित्र सही हमारे आत्मबल में वृद्धि होती है जिससे हम विपरीत परिस्थितियों में मयार्दा पूर्वक जीवन की शक्ति पाते हैं। अतः नागरिकों की राष्ट्रीय चरित्र की भावना एवं व्यक्तिगत चरित्र के कारण हम विश्व में अग्रणी स्थान प्राप्त कर सकते हैं। यह कोई भाषण या उपदेश नहींहै,इसे जीवन में अपनाकर देखिए आपके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन जरूर आएंगे। शुभकामनाओं के साथ।



**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़**

# ब्रह्मांड के पहले इंजीनियर थे भगवान विश्वकर्मा

**दैनिक समाज जागरण**

विश्वकर्मा शिल्पशास्त्र के आविष्कारक और सर्वश्रेठ ज्ञाता माने जाते हैं। जिन्होने विश्व के प्राचीनतम तकनीकी ग्रंथों की रचना की थी। इन ग्रंथों में न केवल भवन वास्तु विद्या, रथ आदि वाहनों के निर्माण बल्कि विभिन्न रत्नों के प्रभाव व उपयोग आदि का भी विवरण है। माना जाता है कि उन्होनें ही देवताओं के विमानों की रचना की थी। भगवान विश्वकर्मा की उत्पत्ति ऋग्वेद में हुई है। जिसमें उन्हें ब्रह्मांड (पृथ्वी और स्वर्ग) के निमार्ता के रूप में वर्णित किया गया है। भगवान विष्णु और शिव लिंगम की नाभि से उत्पन्न भगवान ब्रह्मा की अवधारणाएं विश्वकर्मण सूक्त पर आधारित हैं।

हर वर्ष 17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती मनायी जाती है। यह कन्या संक्रांति पर पड़ता है। यह वह दिन है जब सूर्य सिंह राशि से कन्या राशि में प्रवेश करता है। इस दिन का औद्योगिक जगत और भारतीय कलाकारों, मजदूरो, इंजीनियर्स आदि के लिए खास महत्व है। विश्वकर्मा जयन्ती भारत के जम्मू कश्मीर, पंजाब, हिमाचल, हरयाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा, त्रिपुरा, बिहार और झा-रखंड जैसे राज्यों में मनायी जाती है। नेपाल में भी विश्वकर्मा पूजा को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। विश्वकर्मा के पूजन और उनके बताये वास्तुशास्त्र के नियमों का अनुपालन कर बनवाये गये मकान और दुकान शुभ फल देने वाले माने जाते हैं। इनमें कोई वास्तु दोष नहीं माना जाता।

विश्वकर्मा पूजा एक ऐसा त्योहार है जहां शिल्पकार, कारीगर, श्रमिक भगवान विश्वकर्मा का त्योंहार मनाते हैं। कहा जाता है कि हिंदू भगवान ब्रह्मा के पुत्र विश्वकर्मा ने पूरे ब्रह्मांड का निर्माण किया था। विश्वकर्मा को देवताओं के महलों का वास्तुकार भी कहा जाता है। इसलिए भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का सबसे पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है। विश्वकर्मा दो शब्दों से विश्व (संसार या ब्रह्मांड) और कर्म (निमार्ता) से मिलकर बना है। इसलिए विश्वकर्मा शब्द का अर्थ है। दुनिया का निमार्ता यानि की दुनिया का निर्माण करने वाला। औद्योगिक श्रमिकों द्वारा इस दिन बेहतर भविष्य, सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों और अपने-अपने क्षेत्र में सफलता के लिए प्रार्थना की जाती हैं। विश्वकर्मा जयन्ती के दिन देश के कई हिस्सों में काम बंद रखा जाता है और खूब पतंगबाजी की जाती है। विभिन्न प्रदेशों की सरकार विश्वकर्मा जयन्ती पर अपने कर्मचारियों को सावेतनिक अवकाश प्रदान करती है।

यह त्योहार मुख्य रूप से दुकानों, कारखानों और उद्योगों द्वारा मनाया जाता है। इस अवसर पर, कारखानों और औद्योगिक क्षेत्रों के श्रमिक अपने औजारों की पूजा करते हैं और भगवान विश्वकर्मा से उनकी आजीविका सुरक्षित रखने के लिए प्रार्थना करते हैं। वे मशीनों के सुचारू संचालन के लिए प्रार्थना करते हैं और विश्वकर्मा पूजा के दिन अपने उपकरणों का उपयोग करने से परहेज करते हैं।

विश्वकर्मा प्रकाश को वास्तु तंत्र का अपूर्व ग्रंथ माना जाता है। इसमें अनुपम वास्तु विद्या को गणितीय सूत्रों के आधार पर प्रमाणित किया गया है। ऐसा माना जाता है कि सभी पौराणिक संरचनाए भगवान विश्वकर्मा द्वारा निर्मित हैं। भगवान विश्वाकर्मा के जन्म को देवताओं और राक्षसों के बीच हुए समुद्र मंथन से माना जाता है। पौराणिक युग के अस्त्र और शस्त्र भगवान विश्वकर्मा द्वारा ही निर्मित हैं।

धर्मग्रंथों में विश्वकर्मा को सृष्टि के रचयिता ब्रह्माजी का वंशज माना गया है। ब्रह्माजी के पुत्र धर्म तथा धर्म के पुत्र वास्तुदेव थे। जिन्हें शिल्प शास्त्र का आदि पुरुष माना जाता है। इन्हीं वास्तुदेव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा का जन्म हुआ। अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए विश्वकर्मा भी वास्तुकला के महान आचार्य बने। मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी और देवज्ञ इनके पुत्र हैं। इन पांचों पुत्रों को वास्तु शिल्प की अलग-अलग विधाओं में विशेषज्ञ माना जाता है।

पौराणिक साक्ष्यों के मुताबिक स्वर्गलोक की इन्द्रपुरी, यमपुरी, वरुणपुरी, कुबेरपुरी, असुरराज रावण की स्वर्ण नगरी लंका, भगवान श्रीकृष्ण की समुद्र नगरी द्वारिका और पांडवों की राजधानी हस्तिनापुर के निर्माण का श्रेय भी विश्वकर्मा को ही जाता है। पौराणिक कथाओं में इन उत्कृष्ट नगरियों के निर्माण के रोचक विवरण मिलते हैं। उड़ीसा का विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर तो विश्वकर्मा के शिल्प कौशल का अप्रतिम उदाहरण माना जाता है। विष्णु पुराण में उल्लेख है कि जगन्नाथ मंदिर की अनुपम शिल्प रचना से खुश होकर भगवान विष्णु ने उन्हे शिल्पावतार के रूप में सम्मानित किया था।

विश्वकर्मा वैदिक देवता के रूप में सर्वमान्य हैं। इनको गृहस्थ आश्रम के लिए आवश्यक सुविधाओं का निमार्ता और प्रवर्तक भी कहा गया है। अपने विशिष्ट ज्ञान-विज्ञान के कारण देव शिल्पी विश्वकर्मा मानव समुदाय ही नहीं वरन देवगणों द्वारा भी पूजित हैं। देवता, नर, असुर, यक्ष और गंधर्व सभी में उनके प्रति सम्मान का भाव है। भगवान विश्वकर्मा के पूजन- अर्चन किये बिना कोई भी तकनीकी कार्य शुभ नहीं माना जाता। इसी कारण विभिन्न कार्यों में प्रयुक्त होने वाले औजारों, कल-कारखानों और विभिन्न उद्योगों में लगी मशीनों का पूजन विश्वकर्मा जयंती पर किया जाता है।

महाभारत में पांडव जहां रहते थे उस स्थान को इंद्रप्रस्थ के नाम से जाना जाता था। इस्का निर्माण भी विश्ववकर्मा ने किया था। कौरव वंश के हस्तिनापुर और भगवान कृष्ण के द्वारका का निर्माण भी विश्वणकर्मा ने ही किया था। सतयुग का स्वर्ग लोक, त्रेता युग की लंका, द्वापर की द्वारिका और कलयुग के हस्तिनापुर आदि के रचयिता विश्वकर्मा जी की पूजा अत्यन्त शुभकारी है। सृष्टि के प्रथम सूत्रधार, शिल्पकार और विश्व के पहले तकनीकी ग्रन्थ के रचयिता भगवान विश्वकर्मा ने देवताओं की रक्षा के लिये अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण किया था।

विष्णु को चक्र, शिव को त्रिशूल, इंद्र को वज्र, हनुमान को गदा और कुबेर को पुष्पक विमान विश्वकर्मा ने ही प्रदान किये थे। सीता स्वयंवर में जिस धनुष को श्रीराम ने तोड़ा था वह भी विश्वकर्मा के हाथों बना था। जिस रथ पर निर्भर रह कर श्रेष्ठ धनुर्धर अर्जुन संसार को भस्म करने की शक्ति रखते थे उसके निमार्ता विश्वकर्मा ही थे। पार्वती के विवाह के लिए जो मण्डप और वेदी बनाई गई थी वह भी विश्वकर्मा ने ही तैयार की थी।

माना जाता है कि विश्वकर्मा ने ही लंका का निर्माण किया था। इसके पीछे कहानी है कि शिव ने माता पार्वती के लिए एक महल का निर्माण करने के लिए भगवान विश्वकर्मा को कहा तो विश्वकर्मा ने सोने का महल बना दिया। इस महल के पूजन के दौरान भगवान शिव ने राजा रावण को आंमत्रित किया। रावण महल को देखकर मंत्रमुग्ध हो गया और जब भगवान शिव ने उससे दक्षिणा में कुछ देने को कहा तथा उसने महल ही मांग लिया। भगवान शिव ने उसे महल देकर वापस पर्वतों पर चले गए। विश्वकर्मा ने देवताओं के लिए उड़ने वाले रथों का निर्माण किया था। विश्वकर्मा ने देवताओं के राजा इंद्र का हथियार वज्र का निर्माण किया था। वज्र को ऋषि दधीचि और अज्ञेयस्त्र की हड्डियों से बनाया गया है। भगवान कृष्ण का सुदर्शन चक्र उनकी शक्तिशाली रचनाओं में से एक था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कामगारों के लिए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा जयंती पर देश में एक नई योजना ह्यविश्वकर्मा योजनाह्न को लॉन्च किया जाएगा। इस योजना के तहत देश में फर्नीचर या लकड़ी का काम करने वाले, सैलून चलाने वाले, जूते बनाने वाले और मकान बनाने वाले कामगारों को आर्थिक मदद मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने कहा विश्वकर्मा जयंती पर सरकार 13 से 15 हजार करोड़ रुपये की एक योजना को लॉन्च करेंगी। इस तरह उन लोगों की सहायता हो सकेगी जो परांपरिक तरीके के कौशल से अपनी जीवका चलाते है। ये अपना भरणपोषण औजारों और हाथ से काम करके करते है। उन्होंने कहा कि इनमें सुनार हों, राजमिस्त्री हों, कपड़े धोने वाले हों या बाल काटने वाले के परिवार हों। ऐसे लोगों को इस योजना से आर्थिक ताकत प्रदान की जा सकेगी।



**आलेख:-रमेश सर्राफ धमोरा**

# सारंगधर दास

सारंगधर दास (जन्म- 19 अक्टूबर, 1887, धेनकनाल रियासत ब्रिटिश भारत; मृत्यु- 18 सितंबर, 1957) स्वतंत्रता सेनानी थे। इन्होंने उड़ीसा में उद्योग स्थापित किया था। सारंगधर दास 'भारत छोड़ो आन्दोलन' में गिरफ्तार हुए थे और 1946 तक जेल में बंद रहे। सारंगधर दास उड़ीसा असेम्बली के सदस्य चुने गए थे। 1948 में वे समाजवादी पार्टी में सम्मिलित हो गए और लोकसभा के सदस्य रहे थे। उन्होंने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के संघ की अध्यक्षता भी की।

**जन्म एवं शिक्षा**

सारंगधर दास का उड़ीसा की देशी रियासत धेनकनाल में 19 अक्टूबर, 1887 को जन्म हुआ था। इनका जीवन शिक्षा, उद्योग और राजनीति तीनों क्षेत्रों में बड़ा संघर्ष पूर्ण था। कटक से बी.ए. पास करने के बाद आगे के अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति लेकर सारंगधर दास जापान गए। वे वर्ष भर टोक्यो के टेकनिकल इंस्टीट्यूट में रह कर अमरीका पहुँचे और कैलिफॉर्निया यूनिवर्सिटी से रसायन और कृषि में उच्च डिग्री प्राप्त की। कुछ वर्षों तक अमेरिका और बर्मा की चीनी मिलों में काम करने के बाद सारंगधर दास भारत वापस आ गए।

**चीनी मिल की स्थापना**

भारत आकर सारंगधर दास ने अपने गाँव हरिकृष्णपुर के निकट एक चीनी मिल की स्थापना की। उस आदिवासी क्षेत्र की उन्नति के लिए यह वरदान सिद्ध हुई। इससे आदिवासियों की आर्थिक हालत सुधरी और उसके बीच सारंगधर दास का प्रभाव भी बढ़ा। उनके बढ़ते प्रभाव से रियासत धेनकलाल का शासक संकित हो उठा।

**ब्रिटिश अत्याचारों के खिलाफ आवाज**

1928 में जब सारंगधर दास इलाज के लिए कलकत्ता गए थे, रियासत के शासक ने झूठे अभियोग लगाकर उनकी चीनी मिल के गन्ने के खेतों को जब्त कर के नीलाम करा दिया। लौटने पर इस अन्याय की शिकायत जब उन्होंने रियासत के ब्रिटिश पॉलिटिकल एजेंट और बिहार-उड़ीसा के गवर्नर से की तो वहाँ भी कोई सुनवाई नहीं हुई थी। इस पर सारंगधर दास ने जनता को संगठित करके रियासत के अत्याचारों का सामना करने का निश्चय किया।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# महापौर के नेतृत्व में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में स्वच्छता दिवस के रूप में शुरू हुआ महाअभियान

## इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत आज लखनऊ लेजेंड टीम द्वारा अपशिष्ट के विरुद्ध मुकाबला छेड़ते हुए वृहद रूप से हुआ प्लॉगॉथान का आयोजन, हजारों लोगों ने किया प्रतिभाग

समाज जागरण

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । रविवार को देश के ओजस्वी व यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के अंतर्गत नगर निगम लखनऊ द्वारा प्लॉगॉथान का आयोजन 1090 चौराहा, गोमतीनगर में किया गया।आज से शुरू नही स्वच्छता लीग निरन्तर अगले एक हफ्ते तक 02 अक्टूबर तक चलेगा।आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रांड अम्बेसडर एवं अध्यक्ष वाईएलफ, फिक्की नीरज सिंह के साथ शहर के तमाम बड़े नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने शिरकत कर प्लागिंग की और प्लॉगॉथान को सफल बनाया।

उक्त आयोजन में सभी को संबोधित करते हुए महापौर ने कहा कि प्लागिंग का तात्पर्य कूड़ा उठाने से है और प्लॉगॉथान का अर्थ है दौड़ते हुए स्वच्छता हेतु कचरा उठाना व साफ सफाई करना है।हजारों लोग अच्छे स्वास्थ्य के लिए रोजाना सुबह दौड़ लगाते हैं, इसी के साथ अगर प्लागिंग यानी कि स्वच्छता बरकरार रखने के लिए कूड़ा उठा कर डस्टबिन में डालने की आदत को अपनी दिनचर्या में शामिल कर लें तो निश्चित रूप से हमारा शहर पूर्ण रूप से स्वच्छ हो पायेगा। उन्होंने कहा की भारत स्वच्छता लीग एक जीवंत लक्ष्य है जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक जनसहभागिता कर स्वच्छता को बरकरार रखना एवं कूड़े कचरे को रोकने का प्रबन्ध करना है। महापौर ने सभी को विश्व के कर्मा की जयंती एवं राष्ट्र के कर्मा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन की शुभकामनाएं भेंट की।उन्होंने सभी से अपील की, कि अपने घर व अस पास और सड़कों व चौराहों पर गंदगी न फैलाएं और दूसरों को भी इस ओर जागरूक करें।उन्होंने कहा कि आज के इस महा अभियान की शुरूआत इसी उद्देश्य से की गयी है कि अगले 02 अक्टूबर तक शहर को पूरी तरह से स्वच्छ बना कर वृहद रूप से जान जागरूकता का प्रसार किया जा सके। इसी लिए एक नए अंदाज में एक नए अभियान प्लॉगॉथान की शुरूआत की गई। उन्होंने सभी से अपील की है कि जब लोग सुबह जॉगिंग करने निकलते हैं तो साथ मे एक जूट का थैला लेकर रास्ते मे पड़े कूड़े को उठाकर उसमे भरते चलें व कूड़े दान में डालें।साथ ही लोगों को सड़कों पर नालियों में कूड़ा कचरा फेंकने से रोकें और इस प्रक्रिया को अपनी आदत में शुमार करें।



इस पश्चात आज के आयोजन में मुख्य अतिथि युवाओं के प्रेरणा स्रोत फिक्की के ब्रांड अम्बेसडर एवं अध्यक्ष युवा नेता नीरज सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि नगर निगम इस शहर का अस्पताल है और आप सब सफाई कर्मी के रूप में इस अस्पताल के डॉक्टर हैं। उन्होंने कहा कि आज जिस अभियान की शुरूआत हुई है उसकी थीम बेहद अकर्षित करने वाली है, जैसे लोग खेलों में लीग की शुरूआत करते हैं, वैसे की स्वच्छता को बढ़ावा देने व शहर को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता लीग की शुरूआत की गई है।जिसमें टीम लखनऊ लेजेंड ने मोर्चा संभाला है और निश्चित रूप से इस टीम को सफलता प्राप्त होगी।उन्होंने कहा कि इस आकर्षक अभियान से अधिक से अधिक युवा इससे जुड़ेंगे और जब युवा यानी कि युग के वाहक इस अभियान से अधिकाधिक संख्या में जुड़ेंगे तो निश्चित रूप से लखनऊ स्वच्छता के पैमाने पर खरा उतरेगा और प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि महापौर के 100 दिन पूरे होने पर उन्होंने 100 संकल्पों को भी पूरा करने का काम किया है, जिसके लिए महापौर व उनके नेतृत्व में कार्यरत नगर निगम की समस्त टीम बधाई की पात्र है। उन्होंने

**"नगर निगम है शहर का अस्पताल और सब जनता हैं इस अस्पताल के चिकित्सक बोले युवा नेता नीरज सिंह**

**"महापौर ने की जॉगिंग के साथ प्लागिंग को अपनी आदत में शुमार कर शहर को स्वच्छ बनाने की अपील**

कहा कि जीरो टॉलरेंस व जीरो वेस्ट एवं स्वच्छ्ता के पैमाने पर खरा उतरने की जिन नीति पर काम इतने कम समय मे आपके द्वारा किया गया है उसके लिए सिर्फ लखनऊ ही नही बल्कि पूरे प्रदेश को आपके ऊपर नाज है और फक्र है। उक्त कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सफाई कर्मियों को मुख्य अतिथि एवं महापौर द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।साथ ही नई 2 स्वीपिंग मशीन वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया।

तदक्रम में आयोजन का समापन नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन देकर किया। उक्त आयोजन में नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी , राज्य सभा संसद बृजलाल, सदस्य विधान परिषद राम चन्द्र प्रधान, सदस्य विधान परिषद ई. अवनीश सिंह, सदस्य विधान परिषद पवन सिंह, अपर निदेशक स्थानीय निकाय नीतू सुहास, पार्षद दल नेता सुशील कुमार तिवारी (पम्मी), नगर निगम लखनऊ के समस्त पार्षदगणों, समस्त अपर नगर आयुक्त सहित नगर निगम के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों, व्यापार मण्डल के लोगों, रेजीडेन्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों व अन्य क्षेत्रीय गणमान्य एवं संभ्रांत व्यक्तियों सहित हजारों की संख्या में आम जनमानस ने शिरकत कर प्लॉगॉथान को सफल बनाया।

# सीएम योगी ने पीएम मोदी को दी जन्मदिन की बधाई

## सीएम योगी ने पीएम मोदी को बताया नए और विकसित भारत का शिल्पकार

देश के प्रति पीएम मोदी के विजन और समर्पण को लेकर की प्रशंसा

कई समाचार पत्रों में सीएम ने लिखे पीएम मोदी को समर्पित विशेष लेख

लखनऊ, 17 सितंबर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 73वें जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने आधिकारिक हैंडल के साथ साथ कई समाचार पत्रों में लेख के माध्यम से पीएम मोदी के देश के लिए किए गए कार्यों, उनके विजन और समर्पण की प्रशंसा की। अपनी पोस्ट में सीएम योगी ने लिखा, 'मां भारती के परम उपासक, 'नए भारत' के शिल्पकार, 'विकसित भारत' के स्वप्नद्रष्टा, 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के प्रति संकल्पित, विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेता, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई !'विकसित भारत' के निर्माण के लिए आपका समर्पण और विजन अतुलनीय है। प्रभु श्री राम की कृपा से आपको दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति हो, आपका यशस्वी नेतृत्व हम सभी को प्राप्त होता रहे, यही प्रार्थना है।' अपनी पोस्ट के साथ ही सीएम ने पीएम को समर्पित एक टेंपलेट भी साझा किया जिसमे उन्होंने पीएम के मार्गदर्शन में देश भर में शिक्षा, स्वास्थ्य, इन्फ्रास्ट्रक्चर, गरीब कल्याण, सुरक्षा, शासन-प्रशासन जैसे क्षेत्रों में हुए उल्लेखनीय कार्यों और कीर्तिमानों के लिए पीएम मोदी को श्रेय दिया।

# उत्तर प्रदेश में 30 हजार सोलर पंपों की स्थापना करेगी योगी सरकार

**-वित्तीय वर्ष 2023-24 में पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत 434 करोड़ रुपए खर्च कर 30 हजार सोलर फोटो वोल्टिक इरीगेशन पंप्स को इंस्टॉल किए जाने का लक्ष्य हुआ निर्धारित**

**-योगी सरकार द्वारा इस मद में 217.84 करोड़ रुपए बतौर राज्यांश किए जाएंगे खर्च जबकि 217.09 करोड़ रुपए की धनराशि केंद्रांश के तौर पर देगी केंद्र सरकार**

**-सर्फेस व सबमर्सिबल पंप इंस्टॉलेशन के जरिए 75 जिलों के किसानों को स्वच्छ ऊर्जा आधारित किफायती सिंचाई व्यवस्था उपलब्ध कराएगी योगी सरकार**

**-प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम योजना) को उत्तर प्रदेश में लागू करने के लिए संशोधित कार्ययोजना को दी गई अनुमति**

**-सीएम की मंशा के अनुरूप, इस कार्ययोजना को उत्तर प्रदेश में क्रियान्वित करने की उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) को दी गई है जिम्मेदारी**

लखनऊ, 17 सितंबर। उत्तर प्रदेश के समेकित विकास के लिए प्रसायरत योगी सरकार न केवल प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति दे रही है बल्कि प्रदेश की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा विकल्पों पर भी विशेष फोकस कर रही है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम योजना) को उत्तर प्रदेश में लागू कराने के लिए सीएम योगी की मंशा के अनुरूप संशोधित कार्ययोजना को अनुमति दी गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत 434 करोड़ रुपए खर्च कर 30 हजार सोलर फोटो वोल्टिक इरीगेशन पंप को इंस्टॉल किए जाने का का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योगी सरकार द्वारा इस मद में 217.84 करोड़ रुपए बतौर राज्यांश आवंटित किए जाएगा जबकि 217.09 करोड़ रुपए की धनराशि केंद्रांश के तौर पर केंद्र सरकार की ओर से प्राप्त होगा। इस कार्य योजना को राज्य में क्रियान्वित करने की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) को दी गई है जिसके जरिए सर्फेस व सबमर्सिबल पंप इंस्टॉलेशन के जरिए 75 जिलों के किसानों को स्वच्छ ऊर्जा आधारित सिंचाई व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। परियोजना के तहत 30 हजार सोलर फोटो वोल्टिक इरीगेशन पंप को इंस्टॉल किए जाने का लक्ष्य योगी सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है।

### किसानों को मिलेगी बड़ी मदद

भारत सरकार की मिनिस्ट्री ऑफ न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी की गाइडलाइंस के मुताबिक, विभिन्न क्षमता के 7.5 एचपी तक के स्टैंड अलोन सोलर पंपों की स्थापना पर बेंचमार्क कॉस्ट का 30 प्रतिशत केंद्रांश व 30 प्रतिशत राज्यांश के रूप में कुल 60 प्रतिशत का अनुदान की धनराशि राज्यांश के रूप में उपलब्ध करायी जाएगी। वहीं, कृषि अवस्थापना निधि के तगत स्टैंड अलोन सोलर पंपों के इंस्टॉलेशन के लिए इच्छुक किसान आवश्यक कृषक अंश को बैंक से ऋण लेकर जमा कर सकते हैं। इस पर केंद्र सरकार द्वारा 3 प्रतिशत और राज्य सरकार द्वारा 3 प्रतिशत के तौर पर कुल 6 प्रतिशत की छूट ब्याज में प्रदान की जाएगी। इसके इंस्टॉलेशन से किसानों को सौर उर्जा चालित पंपों की स्थापना करने में मदद मिलेगी जिससे न केवल उन्हें कम दाम में स्वच्छ ऊर्जा चालित विकल्प मिलेगा वहीं पर्यावरण की रक्षा में भी यह एक उल्लेखनीय कदम साबित होगा। इससे क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन की रफ्तार रोकने और कार्बन एमीशन की तीव्रता को कम करने में मदद मिलेगी। वहीं, सिंचाई की लागत भी कम आएगी क्योंकि बिजली और डीजल आपूर्ति पर उनकी निर्भरता में कमी आएगी।

### पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगा चयन

स्वीकृत की गई संशोधित कार्ययोजना के अनुसार, 1800 वॉट 2 एचपी डीसी व एसी सरफेस तथा सबमर्सिबल पंप, 3000 वॉट 3 एचपी डीसी-एसी सबमर्सिबल पंप, 4800 वॉट 5 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप, 6750 वॉट 7.5 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप, 9000 वॉट 10 एचपी एसी सबमर्सिबल सोलर पंपों की स्थापना में यूपीनेडा मदद करेगी। योजना का लाभ लेने के लिए कृषि विभाग की वेबसाइट www.upagriculture.com पर रजिस्टर करना होगा। इसके बाद किसानों को इंस्टॉल्ड कराए गए पंप की डीटेल्स और उनकी केटेगरीज को सिलेक्ट कर पात्रता के लिए आवेदन देना होगा। इसके बाद किसानों के टोकन अलॉटमेंट की प्रक्रिया शुरू होगी जो पहले आओ, पहले पाओ पर आधारित होगी। आवेदन के समय 5000 रुपए किसान को टोकन मनी के तौर पर ऑनलाइन जमा करना होगा। सोलर पंपों के इंस्टॉलेशन के लिए सभी जिलों के आवंटित लक्ष्यों के आधार पर सब्सिडी किसानों को दी जाएगी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के मन में भरा नया आत्मविश्वास : सीएम योगी

## सीएम योगी ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर उनके जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संसद में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करना हमारा सौभाग्यः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**

**– सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73वें जन्मदिन पर प्रदेश सरकार और प्रदेशवासियों की ओर से दी बधाई**

लखनऊ, 17 सितंबरः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के 140 करोड़ जनमानस के मन में जहां एक नया आत्मविश्वास भरा है, वहीं वैश्विक मंच पर भी भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। भारत के नागरिकों के प्रति भी एक सम्मान का भाव दुनिया के अंदर देखने को मिला है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर हजरतगंज के जीपीओ पर उनके जीवन पर आधारित प्रदर्शनी के अवलोकन पर कही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73 वें जन्मदिन पर प्रदेश सरकार और प्रदेशवासियों की ओर उन्हे जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उत्तम और दीर्घ जीवन की कामना की।

हमारा सौभाग्य कि पीएम संसद में करते हैं देश का प्रतिनिधित्व

उन्होंने कहा कि देश की संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हैं, यह हम सबका सौभाग्य है। पिछले साढ़े नौ वर्ष में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 140 करोड़ की देश की आबादी ने एक नए भारत को उभरते और आगे बढ़ते हुए देखा है। वहीं दुनिया ने भी एक नए भारत का दर्शन किया है। आजादी के बाद पहली बार बिना भेदभाव के शासन की योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक तबके तक पहुंचना, अपनी अभिनव योजनाओं के माध्यम से गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाएं और युवाओं के लिए जो कार्यक्रम पिछले साढ़े नौ वर्ष में प्रारंभ हुए हैं, इन्होंने देश के करोड़ों लोगों के जीवन में व्यापक परिवर्तन करने का कार्य किया है।




### सीएम योगी ने गिनाई पीएम मोदी की उपलब्धियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार किसान के साथ कृषि को शासन के एजेंडे की प्राथमिक सूची में शामिल किया गया है। इतना ही नहीं युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ उन्हे स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं राष्ट्रीय शिक्षा नीति, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, पीएम मुद्रा की योजनाएं, बेटियों और महिलाओं के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ समेत अनेक योजनाओं के जरिये देशवासियों के जीवन में व्यापक परिवर्तन करके एक नया आत्मविश्वास भरा है। पूरे विश्व में योग को वैश्विक मान्यता मिलना, कोरोना महामारी के दौरान दुनिया भर में आयुष पद्धति के प्रति रुझान बढ़ना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में उभरते भारत की नयी तस्वीर को दशार्ता है। वहीं काशी में काशी विश्वनाथ धाम, उत्तराखंड के चार धाम, सोमनाथ का पावन मंदिर और महाकाल का महालोक, इन सबको अपने सामने वर्तमान पीढ़ी एक नए रूप में देख रही है। यही नहीं अयोध्या में 500 वर्षों के बाद राम जन्मभूमि पर भगवान राम के भव्य मंदिर का निर्माण विरासत के प्रति सम्मान और अटूट आस्था का भाव प्रदर्शित करता है।

### डिजिटल इंडिया लेकर आई देश में परिवर्तन की नई क्रांति

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से ही डिजिटल इंडिया के जरिये देश में परिवर्तन की नई क्रांति देखने को मिली है। साथ ही भ्रष्टाचार पर प्रहार इसका उदाहरण है। वहीं बिना भेदभाव के गरीबों को मकान, रसोई गैस कनेक्शन, टॉयलेट, गरीब के घर में उजियारे के लिए सौभाग्य योजना जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाएं अपने नागरिकों के प्रति सरकार की संवेदना को व्यक्त करती है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बखूबी करके दिखाया है। ऐसे यशस्वी नेतृत्व के धनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर लगी प्रदर्शनी के जरिये प्रदेशवासी और नई पीढ़ी को उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं से नई प्रेरणा प्राप्त होने के साथ समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण का एक नया भाव पैदा होगा।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कुशीनगर में आकाशीय बिजली गिरने से हुई जनहानि पर शोक व्यक्त किया

## सीएम योगी ने मृतकों के परिजनों को अनुमन्य राहत राशि तत्काल दिए जाने के दिए निर्देश

लखनऊ, 17 सितंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कुशीनगर में आकाशीय बिजली गिरने से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है ।उन्होंने दिवगंतों के परिजनों को अनुमन्य राहत राशि तत्काल वितरित किए जाने के निर्देश दिए हैं । मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है । मुख्यमंत्री जी ने इस आपदा से घायल हुए लोगों का समुचित उपचार कराने के भी निर्देश दिए हैं।

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज तेलंगाना में हैदराबाद मुक्ति दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज तेलंगाना में हैदराबाद मुक्ति दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। श्री अमित शाह ने 20 करोड़ रूपए की लागत वाले SSB, इब्राहिमपटनम के 48 टाइप-III पारिवारिक आवास का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्री जी किशन रेड्डी, केन्द्रीय गृह सचिव, सचिव, संस्कृति मंत्रालय, निदेशक, आसूचना ब्यूरो, महानिदेशक, सीआरपीएफ और महानिदेशक, एसएसबी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस अवसर पर अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज तेलंगाना की मुक्ति के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं और अगर लौहपुरुष सरदार पटेल ना होते तो तेलंगाना को इतनी जल्दी मुक्ति नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि वे सरदार पटेल ही थे, जिन्होंने राष्ट्र सर्वप्रथम के सिद्धांत को चरितार्थ करते हुए हैदराबाद पुलिस एक्शन की योजना बनाई और बिना रक्तपात के निजाम के रजाकारों की सेना को आत्मसमर्पण करने पर मजबूर कर दिया था। श्री शाह ने कहा कि सरदार पटेल और के एम मुंशी की जोड़ी ने तेलंगाना के कर्नाटक के बीदर क्षेत्र और मराठवाड़ा के इस विशाल क्षेत्र को भारत के साथ जोड़ने का काम किया। उन्होंने कहा कि तेलंगाना की मुक्ति के लिए स्वामी रामानंद तीर्थ, एम चिन्नारेड्डी, नरसिम्हा राव, शाइक बंदगी, के वी नरसिम्हा राव, विद्याधर गुरु, पंडित केशवराव कोरटकर, अनाभेरी प्रभाकरी राव, बद्दम येल्ला रेड्डी, रवि नारायण रेड्डी, बुरुगुला रामकृष्ण राव, कलोजी नारायण राव, दिगंबरराव बिंदु, वामनराव नाइक और वाघमारे जैसे अनगिनत लोगों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर किया था। श्री अमित शाह ने कहा कि अभी हाल ही में देश ने अपना स्वतंत्रता दिवस मनाया है और आज तेलंगाना मुक्ति दिवस है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों की गुलामी से मुक्ति के बाद भी 399 दिनों तक यहां क्रूर निजाम का शासन रहा, वो 399 दिन इस क्षेत्र की जनता के लिए यातनाओं से भरे हुए रहे। श्री शाह ने कहा कि सरदार पटेल ने जनता की भावनाओं को सम्मान देते हुए इस क्षेत्र को आजाद कराया। उन्होंने कहा कि तेलंगाना मुक्ति आंदोलन में आर्य समाज, हिन्दू महासभा और ओस्मानिया यूनिवर्सिटी जैसे कई संगठनों ने योगदान दिया और बीदर क्षेत्र के किसानों और युवाओं के साथ मिलकर तेलंगाना मुक्ति आंदोलन को अंतिम रूप देने का काम हमारे लौहपुरुष सरदार पटेल ने किया था। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 75 सालों तक देश की किसी भी सरकार ने अपनी तुष्टिकरण की नीति के कारण इस महान दिन के बारे में हमारे युवाओं को जानकारी देने के लिए कोई प्रयास नहीं किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 17 सितंबर, 2022 को तेलंगाना मुक्ति के 75 वर्ष पूरे होने पर नई परंपरा शुरू की, कि भारत सरकार का संस्कृति मंत्रालय हर वर्ष 17 सितंबर को तेलंगाना मुक्ति दिवस मनाएगा। इसके जरिए महान शहीदों को श्रद्धांजलि देकर हमारी नई पीढ़ी को उस संघर्ष से परिचित कराया जाएगा। श्री शाह ने कहा कि इसके पीछे 3 उद्देश्य हैं- पहला, नई पीढ़ी को इस महान संघर्ष के बारे में बताकर देशभक्ति के संस्कार से सिचिंत करना, दूसरा, हैदराबाद मुक्ति के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि देना, और, तीसरा, शहीदों द्वारा देखे गए भारत के निर्माण के स्वप्न को पूरा करने के लिए अपने आप को राष्ट्र को पुनर्समर्पित करना।

श्री अमित शाह ने कहा कि 400 दिनों के निजाम के शासन के दौरान यहां की जनता ने अपार यातनाएं सहन की थीं। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने कहा था कि गुलाम हैदराबाद भारत के पेट में कैंसर के समान है और ऑपरेशन के सिवा कोई उसका और रास्ता नहीं हो सकता और इसीलिए उन्होंने पुलिस एक्शन के माध्यम से हैदराबाद को स्वतंत्र करने का काम किया। उन्होंने कहा कि ये बड़े दुर्भाग्य की बात है तेलंगाना की स्थापना के बाद भी तेलंगाना मुक्ति दिवस मनाने में वोट बैंक पॉलिटिक्स के कारण पिछली सरकारों ने संकोच किया। उन्होंने कहा कि जो अपने देश के इतिहास से मुंह मोड़ लेते हैं, देश की जनता उनसे मुंह मोड़ लेती है। श्री शाह ने कहा कि हमारे देश के इतिहास, शहीदों की शहादत और स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास पर गौरव करके ही हम इस देश और तेलंगाना को आगे बढ़ा सकते हैं।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'पीएम विश्वकर्मा' योजना का शुभारंभ किया

# 'पीएम विश्वकर्मा' योजना' से भारत की छिपी हुई कारीगरी और हुनर को मिलेगा नया मंच : सीएम योगी

**– बोले सीएम- अपने हस्तशिल्पियों और कारीगरों के बल पर भारत एक बड़ी ताकत के रूप में उभरेगा**

**– सीएम योगी ने कहा- 'वोकल फार लोकल' उसको प्रोत्साहित करने का कार्यक्रम है 'पीएम विश्वकर्मा' योजना'**

17 सितंबर, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'पीएम विश्वकर्मा' योजना' आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाने का कार्य करेगी।



इससे भारत की छिपी हुई कारीगरी और हुनर को नया मंच मिलेगा। आने वाले समय में अपने हस्तशिल्पियों और कारीगरों के बल पर भारत एक बड़ी ताकत के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि यह योजना ह्यवोकल फार लोकलह्न को प्रोत्साहित करने का कार्यक्रम है। सीएम योगी ने रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'पीएम विश्वकर्मा' योजना का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सृष्टि के शिल्पी भगवान विश्वकर्मा जयंती और नए भारत के शिल्पी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस एक ही दिन पड़ना कोई संयोग नहीं बल्कि देवयोग है। इसके लिए उन्होंने प्रदेशवासियों को बधाई दी।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नया भारत 140 करोड़ लोगों की आशा और आकांक्षाओं का प्रतीक बनकर दुनिया की एक महाशक्ति के रूप में उभरा है। आज नया भारत संपूर्ण मानवता के लिए आशा की एक नई किरण है। उन्होंने कहा कि जी-20 समिट सफल आयोजन के के माध्यम से भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी ताकत का एहसास पूरी दुनिया को कराया है। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व का लोहा पूरी दुनिया मान रही है।




सीएम योगी ने पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस स्कीम का लाभ परंपरागत रूप से जुड़े 18 वर्ष की आयु से ऊपर के हस्तशिल्पियों को मिलेगा। उसे पांच प्रतिशत से कम की दर पर पहले चरण में एक लाख और दूसरे चरण में दो लाख रुपये का लोन प्राप्त होगा। बशर्ते उसके परिवार का कोई सदस्य सरकारी सेवा में न हो। स्कीम के तहत ट्रेनिंग के दौरान पांच सौ रुपये प्रतिदिन का मानदेय और ट्रेनिंग के बाद 15000 रुपये और टूलकिट उपलब्ध करवाने का कार्य सरकार करेगी। कार्यक्रम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना, महापौर सुषमा खरकवाल और पूर्व मंत्री और विधान परिषद सदस्य डॉ. महेन्द्र सिंह और पूर्व मंत्री मोहिसीन रजा समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# तलहा मकरानी के हौसले है बुलंद सत्याग्रह पारि खेल कर 409 पर नॉट आउट लौटे आज पवेलियन

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी**
**दैनिक समाज जागरण बिजनौर**



किरतपुर रेलवे स्टेशन बसी किरतपुर उत्तर रेलवे से रन थो् होकर निकल जाती सिद्धबली गढ़वाल दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 12037 अप 12038 डाउन के स्टोपेज की मांग को लेकर आज सत्याग्रह संकल्प अभियान संयोजक तलहा मकरानी एडवोकेट के नेतृत्व रेलवे स्टेशन के बाहर निजी जगह पर बैठकर तीन आदमी ने 409 वा साप्ताहिक सांकेतिक लगातार धरना दिया।

धरना प्रदर्शन स्थल से संयोजक तलहा मकरानी एडवोकेट समाजसेवी ने कहा शीघ्र ही इंडियन रेलवे बोर्ड अध्यक्ष श्रीमती जया वर्मा सिंन्हा से एक प्रतिनिधि मंडल भेंट करेगा और पिछले 409 सप्ताह से जारी धरना प्रदर्शन रजिस्टर डाक एवं माननीय उच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिका एवं क्षेत्र सांसद द्वारा प्रश्न काल में दो बार उठाई गई मांग एवं जनपद बिजनौर दौरे पर आए केंद्रीय रेल मंत्री लोकसभा चुनाव 2024 प्रभारी नगीना अश्वनी वैष्णव से अनेक बार भेंट कर उक्त स्टोपेज की मांग की और उन्होंने सत्याग्रहीयो को आश्वासन दिया एवं जिले बिजनौर में दौरे पर अनेको बार आये जी. एम. बडौदा हाऊस नई दिल्ली व डीआरएम मुरादाबाद से भेंट कर के उक्त स्टोपेज की मांग की जा चुकी है परन्तु अभी तक नगर किरतपुर की तीन लाख क्षेत्रीय जनता को अभी तक उक्त स्टोपेज मिलने में क्या देरी हो रही है। जबकि देश में जहाँ जहाँ ट्रेनो के स्टोपेज की आवश्यकता होती है वहा लगातार रेल मंत्रालय नई दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन के स्टोपेज दे रही है क्या हम नगर किरतपुर वासी किसी राजनीति के शिकार हो रहे हैं।

जबकि इसी सत्याग्रह की मांग पर रेल मंत्रालय नई दिल्ली ने लखनऊ चंडीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन का स्टोपेज दिया जिससे नगर किरतपुर की क्षेत्रीय जनता को बडी सहूलियत व आराम मिला, मिल रहा है, वही रेल मंत्रालय नई दिल्ली को भारी भरकम राजस्व अर्जित हो रहा है।

धरने के पश्चात स्टॉपेज मांग पत्र स्टेशन मास्टर अरविंद कुमार राठी को दिया गया आरपीएफ व जीआरपीएफ बिजनौर के इंचार्ज धरने की निगरानी में रहे ।

धरना स्थल पर संयोजक तलहा मकरानी एडवोकेट समाजसेवी ,नन्हा आंदोलनकारी सुल्तान याहिया, खुर्शीद अहमद भाई जी, सभासद अखिलेश सिंह, व चौधरी जगबीर सिंह आदि रहे।

# मालन नदी में विधुत पोल गिरने का मामला पहुंचा मुख्यमंत्री दरबार

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी**
**दैनिक समाज जागरण बिजनौर**



साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने बरसात में मालन नदी के पानी मे तेंज बहाव से बिजली के पोल गिरने की समास्या को गंभीरता से लेते हुए समाधान के प्रयास में जुटे हुए हैं चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने मुख्यमंत्री उप सचिव अरविंद मोहन जी से लखनऊ पहुंच कर मुख्यमंत्री कार्यालय लोक भवन में मुलाकात कर मालन में बरसात में पानी के तेंज बहाव से विधुत के पोल गिरने की समास्या मुख्यमंत्री दरबार पहुंचाई । समास्या को मान्य मुख्यमंत्री के उप सचिव अरविंद मोहन जी की ओर से समाधान के लिए आदेश कर दिया गया है ।...अधिशासी अभियंता विधुत वितरण खण्ड नजीबाबाद इस समास्या को देख रहे हैं। समास्या के समाधान के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है।समास्या के समाधान के लिए नदी के दोनों किनारों पर पोल स्थापित करने के लिए तथा 33/11 के पी उपकेंद्र साहनपुर क्षेत्र के अन्तर्गत परिवर्तकों की क्षमता वृद्धि का कार्य आर० डी ० एस० एस० योजना में प्रस्तावित कर दिया गया है। स्वीकृति प्राप्त होते ही उक्त कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करने का आश्वासन मिला है। जल्द ही इस समास्या के समाधान की उम्मीद है।

## जायन्ट्स ग्रुप ऑफ चन्दौसी डायमंड के तत्वाधान में जायन्ट्स सेवा सप्ताह

**दैनिक समाज जागरण**

संभल।जायन्ट्स ग्रुप ऑफ चन्दौसी डायमंड के तत्वाधान में जायन्ट्स सेवा सप्ताह के प्रथम दिन यूनिट 6 की डायरेक्टर एडवोकेट रंजना



शर्मा जी एवं अध्यक्ष संगीता शर्मा के साथ यूनिट के पदाधिकारियों ने गौशाला जाकर गायों को चारा आदि खिला कर गौसेवा की। साथ ही यूनिट की अध्यक्ष संगीता शर्मा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि गौसेवा सबसे बड़ी सेवा है । साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष से निवेदन किया कि सड़कों पर घूमती बेसहारा गायों के लिए कुछ गौशाला और बना दी जाएं ,जिससे उनको सुरक्षा मिल सके ।इस अवसर पर रूपंगिनी ,मोनिका, सोनम, आशा गोस्वामी जी ,सविता, दीपांशी, प्रतिभा, शीनू, भावना , उमा जी ,नीलम अरोरा आदि उपस्थित रहीं।

## समाज की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं – रूपम गुप्ता

बिसौली आई एम खान। जायंट्स ग्रुप आफ महिला समृद्धि के बैनर तले आयोजित जायंट्स सेवा सप्ताह के पहले दिन निजी नेत्र चिकित्सालय पर नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया। यहां डा. हजारीलाल गुप्ता व डा. खुशबु गुप्ता ने रोगियों की आंखों का परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां वितरित कीं। अध्यक्ष रूपम गुप्ता ने कहा कि समाज की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है।

# पत्नी को लेने आए दामाद की बेरहमी से हत्या

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी**
**दैनिक समाज जागरण बिजनौर**



किरतपुर पत्नी से मिलने आए दामाद की बेरहमी से हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। हत्याकांड की अब एक वीडियो सामने आई है। जिसमें देखा जा सकता है कि कैसे ईंट से कूट कूट कर दामाद को मौत के घाट उतारा गया। इससे पहले उसपर चाकू से कई वार किए गए। जिसने भी हत्या की यह वीडियो वह काप उठा। मृतक के परिजनों की तहरीर पर पांच नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार किरतपुर थाना क्षेत्र के सराय इम्मा में 30 वर्षीय आसिफ अपनी पत्नी को लेने के लिए दूधली गांव आया था। लेकिन इसी दौरान उसकी हत्या कर दी गई। आसिफ की हत्या से इलाके में हड़कंप मच गया। दो दिन बाद आसिफ की हत्या का वीडियो सामने आया है। छत से किसी ने हत्या के इस वीडियो को बनाया है। हैरानी की बात आसिफ को उसके ससुराल पक्ष के लोग बेरहमी से मारते रहे लेकिन कोई भी उसे बचाने नहीं आया। बताया जा रहा है कि आसिफ ने दूधली की कौसर जहां से छह साल पहले लव मैरिज की थी। लेकिन लड़की के परिजन इससे बेहद नाराज थे। शादी के 2 साल बाद ही आसिफ और कौसर में विवाद हो गया। जिसके बाद कौसर अपने मायके आकर रहने लगी। इसको लेकर आसिफ और कौसर के घरवालों के बीच कानुनी लड़ाई भी चल रही थी। आसिफ के पिता ने ये भी बताया कि पुलिस दो को जेल भेज चुकी है और तीन अभी बाहर ही घुम रहे हैं आसिफ के पिता ने इन्साफ की गुहार लगाई है।

अब देखना यह है कि बड़ी शेरी के साथ बाहर खुलेआम घूमने वाले हत्यारोपी कब गिरफ्तार होते है। परिजन न्याय चाहते है। ईमानदार एसपी नीरज जादौन के कार्यकाल में परिजनों को न्याय मिलने की उम्मीद है।

# 15 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा व इण्डियन स्वच्छता लीग 2.0 का आयोजन का शुभारम्भ।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ।देशभर में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा और इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है,जिसका मुख्य थीम ह्लगार्बेज फ्री इंडियाह्व है । जिसमें अलग-अलग दिन स्वच्छता से संबंधित विभिन्न प्रकार के आयोजन किए जाएंगे।पखवाड़े के तहत अफजलगढ नगरपालिका द्वारा भी अलग-अलग आयोजन किए जाएगा। 15 सितंबर को विशेष सफाई अभियान से इसकी शुरूआत की गई जिसके बाद 23 सितंबर को साइकिल रैली और 2 अक्टूबर स्वच्छता दिवस के दिन पखवाड़े का समापन होगा। जानकारी अनुसार रविवार को श्री जावेद




विकार चेयरपर्सन पति / स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में स्वच्छता आइकॉन द्वारा गार्बेज मुक्त किये जाने हेतु यूथ वर्सेज गार्बेज के अन्तर्गत नगर में साफ सफाई रखने हेतु जनता को जागरूक किया गया। ट्रांसफॉरमिंग येलो स्पोट के अन्तर्गत नगर में विभिन्न स्थानों पर येलो स्पोटो को चिन्हित करते हुए उनकी साफ सफाई कराते हुए उनको हटाया गया। कार्यक्रम में संजीव कुमार लेखाकार, ब्रजमोहन सिंह लिपिक, रोबिन अग्रवाल लिपिक, सनी गुप्ता लिपिक, रोहिताश पवार सफाई नायक, अमर कुमार सफाई नायक, रंजीत सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, आदेश कुमार, जोनी पवार आदि सफाई कर्मचारी सहित मौ० इमरान, मौ० इस्माईल, मौ० इकराम, मौ0 अकबर, परविन्दर सिंह मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73व जन्मदिन मौके पर यज्ञ का शुभारंभ लोगों ने दीघार्यु व उत्तम स्वास्थ्य की करी कामना



अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ नगर मोहल्ला किला स्थित प्राचीन बड़े शिव मंदिर में साप्ताहिक यज्ञ का शुभारंभ किया गया, जिसमे नगर के धर्मप्रेमियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। यज्ञ में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन पर उनकी दीघार्यु के लिए आहुति लगाई गई।नगर के वरिष्ठ पुरोहित सुशील कुमार रस्तौगी के ब्रह्मत्व में सम्पन्न हुए यज्ञ के यज्ञमान क्षितिज रस्तौगी और प्रतीक लोहिया सपत्नीक रहे। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर यज्ञ में विशेष आहुतियां दी गई और उनकी दीघार्यु व उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की गई। पुरोहित सुशील रस्तौगी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक रविवार प्रातः 8 बजे बड़े शिव मंदिर में यज्ञ आयोजित किया जाएगा। उन्होंने नगरवासियों से यज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आव्हान किया।यज्ञ में संजय लोहिया, मनोज वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, गौरव रस्तौगी, तनु रस्तौगी, लोकेश अग्रवाल, भीम सिंह रावत, अवधेश शर्मा, गगन रस्तौगी, संघवी रस्तौगी, संजय भटनागर, धर्मेंद्र सिंह, अरविंद रुहेला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मैदान के अभाव में खेलों से दूर होते जा रहे हैं बच्चो खेल



अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ आज नगर गांवों में खेल के मैदान न होने से बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।भागमभाग भरी च्जदगी में इंसान के पास खेलने के लिए समय निकाल पाना मुश्किल हो गया है। इन व्यस्तताओं के बीच थोड़ा बहुत समय निकाल भी लिया जाए तो खेल के लिए खेलने की जगह नहीं मिल पाती है। मैदान न होने से बच्चे मोबाइल में ही गेम खेलने लगते हैं। इससे वे तरह-तरह की बीमारियों में घिरने लगते हैं।लेकिन बढ़ती आबादी के चलते गांव के खेत-खलियान सिमट कर छोटे हो गए हैं। ग्राम समाज और खलियान की भूमि पर लोगों ने अवैध रूप से कब्जे कर लिए, जो स्थान बचे हैं तो उनका ग्रामीण कूड़ा डालने के लिए प्रयोग कर रहे हैं। इससे बच्चों के खेलने के लिए मैदान नहीं बचे हैं। अब ऐसे में बच्चे खेलें तो कहां? स्कूल कॉलेजों में भी खेल के मैदानों का टोटा है। युवाओं की मांग है कि कम से संकुल स्तर खेल का मैदान होना चाहिए, जिससे शहर और ग्रामीण स्तर पर खेलों को बढ़ावा मिल सके। शहर और ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है,लेकिन संसाधनों के अभाव में खेल के मैदान के प्रतिभाएं आगे नहीं बढ़ पा रही हैं।शहर के गली मुहल्ले व गांव में बच्चे क्रिकेट का बल्ला थामे नजर आते हैं। बच्चे हो या बड़े, खेल सभी को पसंद हैं,

# 48 घंटे बाद गोताखोरें द्वारा रामगंगा में डूबे राम सिंह सैनी का शव हुआ बरामद

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ अफजलगढ़ शुक्रवार की देर शाम थाना क्षेत्र के ग्राम सलावत नगर गिरधर उर्फ भज्जावाला निवासी राम सिंह सैनी 36 वर्ष पुत्र जगदीश सिंह सैनी पशुओं के लिए चालक लेने गया था कि पास ही गंगा नदी में मछली का शिकार करने लगा जिस कारण पांव फिसलने से रामगंगा नदी में डूब कर मौत हो गई थी गोताखोर और ग्रामीणों द्वारा लगातार शव की तलाश जारी थी। 48 घंटे बाद गोताखोरों द्वारा राम गंगा में डूबे राम सिंह सैनी का शव राम गंगा नदी के किनारे झाड़ियों में फंसा हुआ बरामद कर लिया। शव के बरामद होने की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया घटनास्थल पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर पंकज तोमर ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी वर्षा के चलते कालागढ़ डैम द्वारा लगातार पानी छोड़ा जा रहा है जबकि प्रशासन द्वारा चेतावनी देने के बाद भी लोग अपनी जान गवा रहे हैं



# गन्ना का गोला छीलना पड़ा भारी तीन भाइयों पर लगी धारा भारी।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ गन्ना के पत्ती उतारना जब भारी पड गया खेत मालिक तीन भाइयों का पकड़ लिया दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई पीड़ित ने जाति सूचक शब्द को लेकर पुलिस तहरीर देकर एससी एसटी एक्ट मुकदमा दर्ज कराया। प्राप्त जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के गांव अनरपुर चाडिका निवासी जयराम पुत्र हरवंश ने पुलिस को बताया कि बृहस्पतिवार को करीब 11 बजे अपने खेत से चारा लेने गया तो उसके खेत से अकबर शाह,असगर शाह, अय्यूब शाह पुत्रगण नजीर तीनों भाई गन्ने के खेत से पत्ती उतार कर गन्ना बांध रहे थे विरोध करने पर तीनों भाई मारपीट पर उतारूं हो गये ओर जाति सूचक शब्द कहकर गाली गलौज देना शुरू कर दिया तथा हाथ में दरांती लेकर मारने को आये जिसमें हाथ चोटिला हो गया जहां तीनों भाई ने जान से मारने की धमकी देते हुए खेत से भगा दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीनों भाई के खिलाफ एससी एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।




# शॉर्ट सर्किट से लगी आग

## जनसेवा केन्द्र मे रखे दो लेपटॉप, दो प्रिन्टर, काऊन्टर, बॉयोमेट्रिक मशीन, नकदी व अन्य सामान समेत हजारो का सामान जलकर राख

दैनिक समाज जागरण /संभल।नखासा थाना अंतर्गत मौहल्ला हातिम सराय स्थित रेलवे स्टेशन रोड पर मोहन तालाब के पास जनसेवा केन्द्र पर शॉर्ट सर्किट से आग लग गई जिसमे जनसेवा केन्द्र मे रखे दो लेपटॉप, दो प्रिन्टर, काऊन्टर, बॉयोमेट्रिक मशीन, नकदी व अन्य सामान समेत हजारो का सामान जलकर राख हो गया। जब तक लोग आग बुझाने पहुंच पाते, तब तक आग बेकाबू हो चुकी थी। पुलिस को सूचना दे दी गई है। सूचना पर जनसेवा केन्द्र संचालक भी मौके पर पहुंच गया था। आग से दुकान मे हुए नुकसान को देखकर जनसेवा केन्द्र संचालक आसिफ पुत्र इकबाल निवासी रूकुनुद्दीन सराय घटनास्थल पर बेहोश होकर गिर पड़ा। बताया जा रहा है कि आग लगने से यहां रखे ग्राहकों के आधार कार्ड, राशन कार्ड, श्रम कार्ड आदि बनवाने संबंधी अभिलेख भी जले हैं।



# मौहल्ला होज भदेसराया में वाल्मीकि युवा मंच की एक सभा का आयोजन

दैनिक समाज जागरण संभल। मौहल्ला होज भदेसराया में वाल्मीकि युवा मंच की एक सभा का आयोजन किया गया सभा में वाल्मीकि समाज की सहमति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 28 अक्टूबर की शाम को भगवान वाल्मीकि प्रकट, उत्सव की भव्य शोभायात्रा बहुत धूमधाम से निकाली जायेगी, की सभी तैयारियाँ पूर्ण हो चुकी है। संगठन के सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। सभा को संबोधित सुमंत कुमार ने किया। सभा में सदस्य मौजूद रहे। सुरेश सरपंच , दीपेश कुमार, रोहित सिंह वाल्मीकि, मोनू कुमार एडवोकेट अनुज राजौरिया, रामौलर मराठिया रोहित कुमार, संदीप कुमार कौशल पापुरिया, अभिषेक, हरिदास , लोकेश मुल्तानी संदीप पारछे, सोनू पारदे, आयुष भन्डारी, नीरज कुमार, भनिन्छ आनंद शेखर मोनू तुषार नवनीत, सूरज वाल्मीकि अनु वाल्मीकि, सचिन वाल्मीकि, राहुल, चलन, प्रदीप कन्हैया, अजय कुमार आलोक भारती, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।



# आई०टी० और सोशल मीडिया का भारतीय जनता पार्टी में सबसे बडा योगदान। घनश्याम लोधी

**दैनिक समाज जागरण**

शावेज अहमद रामपुर।भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय पर आई०टी० सोशल मीडिया विभाग की शंखनाद अभियान के अंतर्गत जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आरम्भ भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के चित्रो पर माल्याअप्रण और दीपक जला कर की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथी के रूप में आई०टी० विभाग के क्षेत्रिय संयोजक अम्बर स्वामी जी उपस्थित रहे। कार्यशाला मे सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने कहा कि आज आई०टी० और सोशल मीडिया का भारतीय जनता पार्टी में सबसे बडा योगदान है। और किसी भी कार्यक्रम की सफलता आई०टी० विभाग पर निर्भर करती है। मुख्य वकता क्षेत्रिय संयोजक आई०टी० विभाग अम्बर स्वामी ने कहा कि हमारे भाजपा संगठन द्वारा बूथ स्थर तक व्हाट्सअप ग्रुप की संरचना तैयार कर ली गई हैं। पार्टी की नितियों को जन-जन तक पहुचाने का कार्य इन व्हाट्सअप ग्रुपों के माध्यम से करना है । कार्यक्रम के संयोजक अशोक विश्नोई और मंच का संचालन आई०टी० जिला संयोजक पीयूष प्रकाश सक्सेना ने की। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के चेयरमेन मोहन लाल सैनी , प्रेम शंकर पाण्डेय, संजय चौधरी, राजकुमार चौहान जिला संयोजक सोशल मीडिया विभाग शुभम सक्सेना सुखदेव चीमा, निशव शर्मा, विकास विश्वास, मनोज भारद्वाज, अमित सक्सेना, ऋषभ चोरसिया आदि आई०टी० और सोशल मीडिया के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय महासचिव कुसुम समेत 15 पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित।

**दैनिक समाज जागरण सम्भल।**



सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति में श्रेष्ठ कार्य करने और अपने दायित्वों का जिम्मेदारी के साथ निर्वाहन करने वाले राष्ट्रीय महासचिव कुसुम समेत 15 पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।

समिति के राष्ट्रीय संरक्षक/सलाहकार मुशीर खां तरीन के बहजोई रोड स्थित आवास तरीन कैम्पस में सम्पन्न हुई बैठक में समिति के कार्यों की समीक्षा करते हुए समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम ने बताया कि समिति में सबसे श्रेष्ठ कार्य करने वाली समिति की राष्ट्रीय महासचिव कुसुम, राष्ट्रीय महाप्रबंधक रूबी, राष्ट्रीय सचिव उपासना शर्मा, राष्ट्रीय सचिव साक्षी शर्मा, राष्ट्रीय परीक्षा नियंत्रक शशिबाला गौतम , साधना सरगम, तेजस्वी, रानी प्रजापति, अंशु चौहान, उमा प्रजापति, शिवानी शर्मा, रानी गौतम, गुलशन गौतम,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता व सम्भल के परीक्षा सचिव प्रवीण कुमार यादव को समिति के राष्ट्रीय संरक्षक व सलाहकार मुशीर खां तरीन,राष्ट्रीय अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम, शिक्षाविद नसीम हुसैन व सौहरन सिंह ने सम्मानित किया । राष्ट्रीय महासचिव कुसुम ने बताया कि परीक्षा विभाग को भंग कर दिया गया जबकि सम्भल के शिक्षाविद व हिन्द इण्टर कॉलेज के प्रवक्ता नसीम हुसैन को राष्ट्रीय परीक्षा प्रभारी बनाया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त राष्ट्रीय परीक्षा प्रभारी नसीम हुसैन ने कहा कि उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड राज्यों में मंडल स्तरीय सामान्य ज्ञान परीक्षा को वह निष्पक्ष और नकल विहीन करायेंगे इसके लिए बह राष्ट्रीय महासचिव कुसुम के साथ सभी परीक्षा केंद्रों की समीक्षा करने के बाद ही परीक्षा केंद्रों की सूची घोषित करेंगे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को आयुष्मान भव पखवाड़ा के रूप में मनाया गया

**दैनिक समाज जागरण**



संभल। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय एकता विहार कॉलोनी संभल पर हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को आयुष्मान भव पखवाड़ा के रूप में मनाया गया एवम नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह उर्फ रिंकू का स्वागत कार्यक्रम भी आज मनाया गया भाजपा कार्यालय पर सबसे पहले हवन का आयोजन किया गया हवन पूजन एवम विशेष पूजा अर्चना के बाद भारत माता श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रजजवलित किया गया कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह उपस्थित रहे इसके बाद एलईडी के माध्यम से प्रधानमंत्री के अभिभाषण के लाइव टेलीकास्ट को सभी पदाधिकारी एवं द्वारा देखा गया उसके बाद नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू का स्वागत कार्यक्रम कार्यालय पर विशाल रूप से संपन्न हुआ जिसमे माला व पटके पहनाकर स्वागत किया गया कार्यक्रम में बोलते हुए नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष ने कहा की पार्टी ने मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता को आज जिला अध्यक्ष बनाकर इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है जिसे मैं बहुत ही निष्ठावान तरीके से एवं पार्टी की रीति-नीति के अनुसार अपनी जिम्मेदारी को निभाऊंगा उन्होंने कार्यकताओं एवं पार्टी के पदाधिकारीओ को स्पष्ट संदेश दिया कि मैं किसी भी प्रकार की अनुशासन हीनता बर्दाश्त नहीं करूंगा और मैं सभी से यह अनुरोध भी करता हूं कि किसी भी तरह की गुटबाजी से दूर रहे हमारे लिए हमारे कार्यकर्ता और हमारे पदाधिकारी ही सर्वोपरि हैं हमें केवल और सिर्फ केवल आने वाली लोकसभा में विजय श्री प्राप्त करने के लिए कार्य करना है हम सभी का उद्देश्य 2024 में मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री के रूप में देखना है और मेरे द्वारा संभल लोकसभा को जीतने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा चाहे इसके लिए मुझे कितनी ही मेहनत क्यों न करनी पड़े हमें मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बना कर इस देश के विकास की धारा को आगे बढ़ते हुए अपने देश को विश्व गुरु के रूप में देखना है आज हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री एवं हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के द्वारा दिन और रात देश और प्रदेश को विकास की ओर ले जाया जा रहा है और जिस्के परिणाम हमें देखने को मिल रहे हैं आज दुनिया में हमारे देश का डंका बज रहा है हमारे प्रदेश में गुंडे माफिया या तो जेल में है और यह प्रदेश छोड़कर भाग गए हैं आज हमारा प्रदेश लगातार राम राज्य की ओर अग्रसर है नीवर्तमान जिला अध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़क वंशी ने कहा कि यह तो पार्टी की एक प्रक्रिया है पार्टी समय के अनुसार जिम्मेदारियां को बदलती रहती है लेकिन हमें एक कार्यकरता के रूप में सदैव पार्टी के कार्यों में संलग्न रहना है और चलेबेती चलेबेती करते हुए पार्टी की रीती नीतियों को आगे बढ़ाना है उन्होंने अपने सभी जिले के पदाधिकारी मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि मैं पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में सदैव समर्पित रहूंगा कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू एवं संचालन जिला महामंत्री अर्जुन वाल्मीकि ने किया कार्यक्रम में जिला प्रभारी चौधरी राजा वर्मा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल पूर्व जिला अध्यक्ष भीष्म शर्मा अजीत उर्फ राजू पूर्व विधायक जिला महामंत्री धीरेंद्र यादव मंजू दिलेर राजेश शंकर राजू परमेशवर लाल सैनी प्रभात शर्मा हरओम शर्मा मनोज कटारिया आकाश अग्रवाल सतीश अरोड़ा हिरदेश यादव विपिन राघव विपिन गुप्ता मुकुल कुमार रस्तोगी आमोद जयप्रकाश गुप्ता हर्षित रस्तोगी शिल्पी गुप्ता अंकुश ठाकुर गणेश शर्मा सौरभ गुप्ता सोनू चाहल विपिन गुप्ता मुकुल कुमारशिखर रस्तोगी कुमोद वार्ष्णेय संध्या गर्ग नीलम गुप्ता निधि शर्मा शिखर गोयल शोभित गुप्ता आदि सागर उपस्थित रहे



# दवा दुकान से पक्का बिल मांगने पर रिटायर्ड सीआरपीएफ जवान के साथ मारपीट करने का आरोप! दो गिरफ्तार

**उत्तम सिंहः संवाददाताः दैनिक समाज जागरणःब्यूरोचीफ ( दार्जिलिंग):**
पक्का बिल मांगने पर रिटायर्ड सीआरपीएफ जवान की बुरी तरह से पीटने का आरोप दवा दुकान के मालिक और कर्मचारी के खिलाफ उठे है। वहीं, सिलीगुड़ी थाने की पुलिस ने दवा दुकान के मालिक और कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम कंचन चक्रवर्ती (45) और सौरव साहा (27) है। जानकारी मिली है कि हुगली के निवासी रिटायर्ड सीआरपीएफ के जवान स्वपन घोष (52) अपनी पत्नी और बच्चे को लेकर सिलीगुड़ी के देशबंधुपाड़ा इलाके में रहते है। पिछले महीने 20 अगस्त को स्वपन घोष ने अपनी सास को अपने बड़े बेटे के साथ गोपाल मोड़ स्थित कल्याण मेडिकल हॉल नामक एक दवा की दुकान पर डॉक्टर दिखाने के लिए भेजे थे। वहां पर स्वपन घोष की सास को सलाइन और दवाइयां दी गई, लेकिन इस सबका बिल कच्चा दिया गया। इसलिए पक्का बिल लेने के लिए स्वपन घोष अपने बड़े बेटे को लेकर कल्याण मेडिकल हॉल पहुंचे और दवा दुकान से पक्का बिल मांगा।



लेकिन रिटायर्ड जवान को कहा पता था कि उनका दवा दुकान से पक्का बिल मांगना बहुत मंहगा पड़ेगा। आरोप है कि स्वपन घोष द्वारा पक्का बिल मांगने पर दवा दुकान से पक्का बिल देने से इंकार कर दिया गया। जिसे लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। इसके बाद स्वपन घोष को दुकान के पीछे गोडाउन के पास बुलाकर उनके साथ मारपीट की गई। आरोप है कि स्वपन घोष पर बटाम से हमला किया गया। जिससे स्वपन घोष के कंधे की हड्डी टूट गई। इतना ही नहीं स्वपन घोष के मुंह पर घूंसा मार के उनका दांत भी तोड़ दिया गया।
घटना के बाद स्वपन घोष को बरामद कर अस्पताल ले जाया गया, जहां पर स्वपन घोष के कंधे का ऑपरेशन करके रॉड लगा गया। इलाज करवाके वापस आने के बाद गत 15 सितंबर को रिटायर्ड जवान स्वपन घोष ने 20 अगस्त की घटना को लेकर सिलीगुड़ी थाना में एक लिखित शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत के आधार पर जांच में जुटी पुलिस ने दवा दुकान के मालिक कंचन चक्रवर्ती और कर्मचारी सौरव साहा को बीते कल गिरफ्तार किया। आज दोनों को आज सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया गया है।

# गोह में सेवानिवृत्त दरोगा व दफदार का सामान समारोह के साथ दी गई विदाई

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार , अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**
औरंगाबाद (बिहार)गोह थाना में पद स्थापित दरोगा शिवध्यान राम का 31जुलाई 2023 तथा थाने में पद स्थापित दफदार राम एकबाल मिश्रा का 31अगस्त 23 को सेवानिवृत्ति होने पर गोह थाना परिसर में रविवार को धूमधाम के साथ सम्मान समारोह व विदाई का आयोजन किया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष कमलेश पासवान , एस आई श्रीपति मिश्रा , एस आई प्रशांत कुमार , एस आई अर्पिता प्रकाश , एएस आई लाल साहब तिवारी, एएस आई विकाउ राम,एएस आई विरेन्द्र कुमार सिंह, एएस आई संजय कृष्ण, एएस आई संजय कृष्ण, एएस आई अब्दुल गफ्ूर सहित अन्य पुलिस बल उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। सेवानिवृत्ति एस आई शिवध्यान राम व दफदार राम एकबाल मिश्रा ने गोह प्रखंड के आमजनों का जो मान सम्मान पाया है।उसे किसी भी स्थिति में भूलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने किसी भी समय आम जनों की समस्याओं में तत्परता से कार्य किया है। इनके विचार से प्रखंड के जनप्रतिनिधियों , समाजसेवियों व्यावसायिक एवं मेरे साथी पुलिसकर्मियों के अलावा समाज के संभ्रांत लोगों ने मुझे हर स्तर पर सहयोग किया है। थाने के पुलिसकर्मियों और यहां के लोगों को



पुलिसकर्मियों ने अंग वस्त्र पुष्पमाला देकर विदाई दी है। वर्तमान थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने कहा कि उनके सेवा काल में मुझे भी कुछ सीखने को मिला है । पुलिस विभाग में खुशीपूर्वक सेवानिवृत्त होना एक सौभाग्य एवं गौरव की बात है। मैं इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। इस विदाई को संबोधित करते हुए दरोगा शिवध्यान राम ने कहा कि यहां रहते हुए डेढ़ साल में मैं जीवन में कदापि भूल नहीं सकते हैं, साथ में यहां के मीडिया बन्धुओं का भी भरपूर प्यार दुलार के साथ सहयोग मिला है। इस कार्यक्रम का संचालन व स्वागत करता समाजसेवी बलवंत सिंह उर्फ भूरा सिंह ने एस आई शिवध्यान राम के कार्य कलाप को सराहते हुए। विदाई सम्मान समारोह में भरपूर मदद के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

# बांका नगर परिषद के सफाई कर्मी की आरएमके मैदान परिसर से बाइक हुई चोरी थाना में दिया आवेदन

**समाज जागरण सुमित कुमार**

बांका (बिहार) नगर परिषद बांका के सफाई कर्मी की आरएमके मैदान परिसर से शनिवार की रात को बाइक चोरी हो गई, वही पीरित ने मामले को लेकर रविवार को सदर थाना में अज्ञात चोर के खिलाफ आवेदन दिया, सफाई कुर्मी अमित मेहतर ने बताया कि वह आरएमके मैदान में जिला उत्सव कार्यक्रम के दौरान वहां सफाई का कार्य कर रहा था, और अपनी बाइक आरएमके मैदान में लगाया था, जब कार्य खत्म हो गया तो वह बाइक के पास गया तो लेकिन वहां बाइक नहीं मिला, काफी खोजबीन किया लेकिन बाइक का पता नहीं चल पाया तो उसके बाद रविवार को सदर थाने में मामले को लेकर लिखित आवेदन दिया!

# रॉयल जिम और फौजी रोडलाइंस में मनाया गया धूमधाम से विश्वकर्मा पूजा

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**
सरायकेला खरसावां (झारखंड) 17 सितंबर 2023: आज विश्वकर्मा जयंती मनाई जा रही है. विश्वकर्मा जयंती हर वर्ष कन्या संक्रांति के दिन मनाई जाती है. भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का सबसे पहला इंजीनियर कहा जाता है. आज के दिन चार शुभ योगों का निर्माण भी हो रहा है, जिसकी वजह से इस दिन का महत्व और अधिक बढ़ गया है.आज के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, द्विपुष्कर योग, ब्रह्म योग और अमृत सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है. ये सभी योग मनुष्य की मनोकामना पूर्ति में सहायक माने जाते हैं.
सरायकेला जिला अंतर्गत आदित्यपुर रोड नंबर चार स्थित रॉयल जिम में धूमधाम से मनाया गया विश्वकर्मा पूजा। जिम के संचालक विद्युत सरकार ने बताया कि 2014 से लगातार यहां पूरे जोश और उमंग के साथ मनाई जाती है।मौके पर श्रीमती पदमा, विजय पाढ़ी, निरंजन,



विक्की, आदित्या,श्याम,अनुष्का,निक्की,अर्चिता, नांसी आदि मौजूद रहे।
इधर गम्हरिया के फौजी रोड लाइंस ने भी धूमधाम से और पूरे जश्न के साथ विश्वकर्मा पूजा मनाया।

# नवोदय चौक कुणाल इंटरप्राइजेज में धूमधाम से मनाया गया विश्वकर्मा पूजा।

**रविकांत गोप,दैनिक समाज जागरण,प्रखंड संवाददाता राजनगर(सरायकेला)**
राजनगर(झारखंड)17 सितंबर 2023: रविवार विश्वकर्मा पूजा में राजनगर के विभिन्न स्थानों में विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से मनाया गया।वहीं नवोदय चौक सिजुलता के समीप कुनाल एंटरप्राइज में विश्वकर्मा पूजा का खासा उत्साह देखा गया।जहां बजरंगबली पूजा कमेटी के सचिव सह कुनाल इंटरप्राइजेज के संस्थापक मनोज पटनायनक ने बताया कि पिछले 15 वर्षों से विश्वकर्मा पूजा के उपलक्ष्य पर पहले हेंसल में और अब सिजुलता कुणाल इंटरप्राइजेज जेसीबी रिपेयरिंग सेंटर में कार्यक्रम किया जाता है।जहां सभी वर्करों और समाजसेवी बढ़ चढ़ कर भाग लेते है।वहीं प्रसाद के रूप में शुद्ध भोजन कराया जाता है।वहीं इस



मौके पर पटनायनक फैमिली में खासा उत्साह देखा जाता है,इस मौके पर मनोज पटनायनक, कुणाल पटनायनक, राहुल पटनायनक, अन्नपूर्णा पटनायनक,स्वर्ण प्रभा पटनायनक, एवं चेरी पटनायनक फैमिली के द्वारा विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से मनाया गया।

# पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर किया पति का मर्डर, कुंए में फेंका शव, बागडोगरा में मचा हड़कंप

**उत्तम सिंहः संवाददाताः दैनिक समाज जागरणः ब्यूरोचीफ (दार्जिलिंग):** फांसीदेवा ब्लॉक के बागडोगरा थाना अंतर्गत हांसखोआ के बंदीजोत इलाके में अवैध संबंध के चलते हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी है। मृतक का नाम नवीन कुमार है। आरोप है कि बीते शुक्रवार रात को पत्नी सोनी मिंज ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति के सिर पर धारदार हथियार से वार कर दिया।जिससे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।
हत्या के बाद व्यक्ति को रस्सी से बांधकर कुएं में फेंक दिया गया। इसी बीच मृतक के तीनों बच्चे अपने पिता को ढूंढने लगे। दो दिन की खोजबीन के बाद आज मृतक की बेटी ने शव को कुएं देखा। घटना की जानकारी होते ही इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने आरोपी की पत्नी



और उसके प्रेमी की जमकर सामूहिकपिटाई की। दूसरी ओर, घटना की खबर मिलते ही बागडोगरा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को हिरासत में लिया।
बताया गया है कि दिल्ली में काम करने के दौरान सोनी मिंज की शादी नवीन कुमार से हुई थी। इसके बाद दोनों दिल्ली से आकर बागडोगरा के हांसखोआ में आकर रहने लगे। आरोप है कि कुछ साल बाद सोनी मिंज का पड़ोसी युवक अनिल इंदुआ के साथ अवैध संबंध हो गया। इस बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद होता रहता था। सालिसी सभा भी हुई। अंत में पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दे दिया।पूरी घटना को लेकर थाने में शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस पूरी घटना की जांच कर रही है।

# मानवता मर गई... सिलीगुड़ी में दो दिन में दो कुत्तों पर एसिड अटैक, एक की मौत

**उत्तम सिंहः संवाददाताः दैनिक समाज जागरणः ब्यूरोचीफ (दार्जिलिंग):**
आज के जमाने में मानव जिंदा तो है पर उसके अंदर की मानवता मर चुकी है। हम आए दिन ऐसी कई तस्वीरें देखते हैं जो मरी हुई मानवता की मिसाल पेश कर रहीं होती हैं। वहीं, अब सिलीगुड़ी से एक ऐसी ही तस्वीर सामने आई है। यहां तो हद ही पार हो गई। दरअसल, सिलीगुड़ी में दो दिन में दो बेजुबान कुत्तों पर एसिड अटैक किया गया।
जानकारी मिली है कि गत शुक्रवार को 46 नंबर वार्ड के पोस्ट ऑफिस संलग्न इलाके में एक कुत्ते पर एसिड से हमला किया गया था। जिससे कुत्ता बुरी तरीके से जख्मी हो गया था। जिसके बाद इसकी जानकारी पशु प्रेमी संस्था को दी गई। खबर मिलते ही पशु प्रेमी संस्था की सदस्य प्रिया रूद्र मौके पर पहुंची और जख्मी कुत्ते का इलाज शुरू करवाया। वहीं, इस घटना के 24 घंटे बाद ही यानी शनिवार देर रात को 46 नंबर वार्ड



के पोस्ट ऑफिस संलग्न इलाके में फिर से एक दूसरे कुत्ते पर एसिड से हमला किया गया। जिसके बाद घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध किया। घटना की जानकारी पाकर पशु प्रेमी संस्था की सदस्य प्रिया रूद्र मौके पर पहुंची और कुत्ते को अस्पताल ले गई, जहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद आज उक्त कुत्ते की मौत हो गई। जबकि एक कुत्ते का इलाज चल रहा है।
इसके बाद कुत्ते पर एसिड से हमला की घटना को लेकर प्रधान नगर थाना में एक लिखित शिकायत दर्ज करवाई गई है।
इस संबंध में पशु प्रेमी संस्था की सदस्य प्रिया रूद्र ने कहा कि दो दिन में दो कुत्तों पर एसिड से हमला किया गया है। पहले दिन तो उन्हें लगा कि किसी ने गलती से उन पर गर्म पानी फेंक दिया होगा। लेकिन बीते कल भी जब एक ही जैसी घटना घटी है। उन्होंने कहा कि यह बेहद दर्दनाक घटना है। जिन लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया उनके खिलाफ वे लोग कानून की मदद लेगी। वहीं, स्थानीय लोगों ने भी इस घटना की तीव्र निंदा की है। साथ ही उन लोगों ने कुत्तों पर एसिड से हमला करने वालो के खिलाफ कड़ी कारवाई की मांग की है।

# आकाशीय बिजली गिरने से दो युवक की मौत

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार , अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**
औरंगाबाद (बिहार)बंदेया थाना क्षेत्र में अचानक बारिश के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से रविवार की संध्या दो युवक बुरी तरह से झुलस गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों एवं ग्रामीण के सहयोग से दोनों युवक को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोह में लाया गया। जहां चिकित्सक ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया।बताते चलें कि बक्सर गांव निवासी रंजीत पासवान का 16 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार एवं रंजन ठाकुर का 15 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार के उपर अचानक वज्रपात होने से मौत हो गई। ये दोनों युवक अपने गांव से दक्षिण की ओर आहर पर भैंस चराकर घर लौट रहे थे। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है । सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए,कागजी प्रकिया पुरी कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दी है। वहीं ग्रामीणों में हाहाकार मचा हुआ है,दो युवक की मौत होने से गांव में मातम का माहौल कायम है। तो वहीं पीड़ित परिवारों के घर में मां बहनों का रो रो कर बुरा हाल है। इस दुख की घड़ी में पंचायत के मुखिया अशोक प्रसाद ने पीड़ित परिवारों को संतावना देते हुए सरकार से मुआवजा दिलाने की बात कहीं हैं।

# रेलवे थाना चांडिल ने महिला सुरक्षा, बचपन बचाओ के तहत ट्रेन में अवैध मादक पदार्थ की रोकथाम हेतु चेकिंग की

**शशि भूषण महतो,दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)**
चांडिलःआद्रा सब डिवीजन के अधीन चांडिल रेलवे थाना ने चांडिल स्टेशन प्लेटफार्म पर महिला सुरक्षा और बच्चों का बचपन बचाओ अभियान के तहत ट्रेन में अवैध मादक पदार्थ की रोकथाम हेतु चेकिंग अभियान चलाया। अभियान में रेल थाना प्रभारी रमेश कुमार उनके सहकर्मी पु0अ0नि0 कर्ण कुमार बड़ाइक, पु0अ0नि0 सुंद्रीका पासवान, स0अ0नि0 सिराम बारी स0अ0नि0 सुखलाल महतो, हवलदार धनंजय कुमार शर्मा, हवलदार चंबरु कुंकल, हवलदार बच्चू राम आरक्षी/135 सूरज कुमार महतो, आरक्षी/187 चंद्र मोहन महतो तथा आर0पी0एफ0 चांडिल के सहायक उप निरीक्षक गजेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल प्रबीर कुमार पति, हेड कांस्टेबल के साथ अवैध मादक पदार्थ की रोकथाम हेतु चेकिंग अभियान टाटा हटिया एक्सप्रेस, पूरी न्यू दिल्ली एक्स्प्रेस, चक्रधरपुर गोमो पैसेंजर में अवैध मादक पदार्थ की रोकथाम हेतु विभिन्न बोगियों में चेकिंग अभियान चलाया, सर्च अभियान के दौरान फलाफल शून्य रहा तथा साथ ही साथ भवदीय कार्यालय द्वारा निर्गत पत्र में दिए गए निदेर्शों के आलोक में डायन बिसाही की रोकथाम, नशा मुक्ति अभियान, अवैध मानव व्यापार, मोबलीचिंग एवं



बाल अपराध/ बाल श्रम रोकथाम हेतु दिए गए निदेर्शों के अनुसार स्लोगन, तकती, बैनर एवं उपलब्ध उद्घोषणा यंत्र का उपयोग करते हुए जी0आर0पी0 चांडिल आर0पी0एफ0 चांडिल के सहायक उप निरीक्षक गजेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल प्रबीर कुमार पति, हेड कांस्टेबल बी0के0 सिंह के साथ संयुक्त रूप से चांडिल रेलवे स्टेशन परिसर मे जागरूकता अभियान चलाया गया।

# स्कूटी सवार को एक मैजिक वैन ने रौंदा, मौत, 4 घंटे हुआ सड़क जाम

**शेखर सुमन , ईचागढ़, सराईकेला**
ईचागढ़- सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के मिलन चौक आदारडीह सड़क पर जारगोडीह के पास रविवार को एक मैजिक वैन की चपेट में आने से स्कूटी सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान ईचागढ़ थाना क्षेत्र के खीरी गांव निवासी 28 वर्षीय बालक दास महतो के रूप में की गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क को करीब 4 घंटे जाम कर दिया। घटना की सुचना पर ईचागढ़ थाना प्रभारी गौरव मिश्रा व तिरूलडीह थाना प्रभारी चित्ररंजन कुमार घटनास्थल पर पहुंचे व ग्रामीणों को समझा बुझाकर सड़क जाम हटाया। पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों ने मैजिक वैन को दयाल टांड़ के पास पकड़ लिया। गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर पड़े लाश को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को उठाने नहीं दिया, सड़क पर बैठकर सड़क को ही जाम कर दिया।जिससे घंटों पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। करीब तीन घंटे तक लोग सड़क पर लाश



को लेकर मुआवजा का मांग पर अड़े रहे। बाद में काफी समझाने के बाद पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला भेज दिया। पुलिस मैजिक वैन व स्कूटी को भी जप्त कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक बालक दास महतो अपनी स्कूटी से मिलन चौक से अपना घर खीरी जा रहा था, जहां जारगोडीह के पास कपड़ा लदे अनियंत्रित मैजिक वैन सामने से सीधी टक्कर मार दिया। बताया जा रहा है कि कुछ दुर तक बाइक सवार को वैन घसीटते हुए ले गया। बताया जा रहा है कि कुछ कपड़ा व्यवसायी किराए का मैजिक वैन पर कपड़ा बेचने डुमटांढ़ सप्ताहिक हाट जा रहे थे। घटना के बाद मैजिक वैन वापस भाग रहा था, जहां ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। चालक मौके से फरार हो गया।

**घटनास्थल पर ही पत्नी व परिजनों का रो रो कर हुआ बुरा हाल**

घटना की सुचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे पत्नी व परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। लाश पर लिपटकर परिजनों को रोते देख पुरा माहौल ही गमगीन हो गया। बताया जा रहा है कि मृतक का एक 8 वर्षीय व एक 4 वर्षीय बेटा है । परिवार चलाने के लिए वह एकलौता कमाई करने वाला था। वह जमशेदपुर में काम करता था। कुछ दिन पहले ही गांव आया था।

# अलमारी लदी पिकअप वैन से 42 लाख का गांजा बरामद, एक गिरफ्तार।

**रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण**
सिलीगुड़ी : एक पिकअप वैन में एक अलमारी रख कर ले जाया जा रहा था। अलमारी के अंदर से लाखों रुपये का गांजा बरामद किया गया। नये तरीके से गांजा की तस्करी करते हुए एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि गुप्त सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर एनजेपी थाने



की पुलिस ने कावाखाली विश्व बांग्ला हाट संलग्न इलाके में स्टील की अलमारी से लदी एक पिकअप वैन को जब्त किया गया। वहां तलाशी लेने पर 4 क्विंटल से ज्यादा गांजा बरामद हुआ। जिसके बाद शम्भू दास नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार बरामद गांजे की बाजार कीमत करीब 42 लाख रुपये है। गांजा जलपाईगुड़ी से बिहार ले जाया जा रहा था।पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर ठाकुरगंज में कई कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर ठाकुरगंज में भाजपाइयों के द्वारा कई कार्यक्रमों का किया गया आयोजन। इस मौके पर हवन पूजन, समरसता भोज का हुआ आयोजन। इस अवसर पर विधायक निशा



सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष सुशांत गोप,बिजली सिंह,देवकी अग्रवाल ,अनुपम ठाकुर सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे ।

# 12 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विश्वकर्मा पूजा

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**
12वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल किशनगंज मुख्यालय मे बड़े हर्ष और



उल्लास के साथ श्रीं विश्वकर्मा महाराज जी का पूजा-अर्चना किया। इस अवसर पर वाहिनी के सभी वाहनों की विधि विधान से पुजा की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरूआत बरजीत सिंह, कमाडेंट 12वीं वाहिनी द्वारा की गई और इस कार्यक्रम में अनुराग श्रीवास्तव उप कमाडेंट,पदम सिंह मीना सहायक कमाडेंट (संचार) व सभी अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित थे और श्रीं विश्वकर्मा महाराज जी की पुजा के बाद जवान मैस में खाने का आयोजन किया गया '

# मौजबड़ी चुरा मिल के पास अज्ञात बाइक सवार ने वृद्ध महिला को मारी ठोकर, हुई मौत

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**
जिले के मौजबड़ी निवासी वृद्ध महिला चंद्रा देवी अपने परिवार के साथ मोजाबड़ी स्थित चुरा मिल में विश्वकर्मा पूजा का मेला देखने के लिए जा रही थी। सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार में आ रही एक अज्ञात बाइक सवार ने जोरदार ठोकर वृद्ध महिला चंद्रा देवी को मार दिया। जोरदार ठोकर की वजह से वृद्ध महिला चंद्रा देवी बुरी तरह घायल हो गई। इस दौरान बाइक सवार मौके का फायदा उठाते हुए



घटनास्थल से फरार हो गया। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ उमड़ परी। स्थानीय लोगों की मदद से वृद्ध महिला को घायल अवस्था में परिवार वालों ने इलाज हेतु सदर अस्पताल लाया। सदर अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों द्वारा जांच के दौरान वृद्ध महिला चंद्रा देवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं सदर अस्पताल में मौजूद परिजन फूट-फूट कर रोने बिलखने लगे।

# जिले में भगवान विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से आयोजित, माहौल हुआ भक्तिमय

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**
विश्व को कर्म प्रदान करने वाले भगवान विश्वकर्मा की पूजा किशनगंज जिले में धूमधाम से मनाई जा रही है। विश्वकर्मा पूजा को लेकर सुबह से



ही लोगों में उत्साह दिख रहा है। फल व मिठाइयों की खरीदारी के लिए दिनभर बाजारों में भीड़ दिखी। विश्वकर्मा पूजा को लेकर लोगों ने अपने-अपने वाहनों की साफ-सफाई कर उनकी पूजा अर्चना की एवं मिठाइयां बांटी। किशनगंज शहर के औद्योगिक क्षेत्र के सभी फैक्ट्रियों एवं रेलवे के सभी विभागों और कार्यालयों में काफी भव्य तरीके से विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। साथ ही साथ लोहा पाट्र्स की दुकान, डेकोरेशन, आरा मशीन, आटा चक्की, मशीन सहित अन्य छोटी-बड़ी सभी दुकानों में भी भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गई। कई इलाकों में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा भी बैठाई गई, वहीं शहर के सभी पंडालों में लाइट और रंग-बिरंगे रोशनी से उसे सजाया गया। वहीं भक्ति गीतों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।

# ''अररिया मांग एम्स '' को लेकर भाजपा के युवा नेता रंजीत यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सौंपा ज्ञापन

## *कहा एम्स बनने से करोड़ आबादी को इसका मिलेगा लाभ ,गृह मंत्री ने दिया आश्वासन कहा दिल्ली आकर मिलिए*

**जोगबनी।**
लम्बे समय से लंबित मांग अररिया लोकसभा क्षेत्र में एम्स की स्थापना को लेकर भाजपा के कद्दावर युवा नेता रंजीत यादव ने जोगबनी इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट पर आवासीय भवनों और बथनाहा में एस एस बी के गैर-आवासीय भवनों का उद्घाटन के पश्चात माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री "श्री अमित शाह जी" से अररिया _लोकसभा क्षेत्र शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा पर बात कर अररिया में एम्स निर्माण से संबंधित एक मांग पत्र सौंपा और कहा कि अररियालोकसभा क्षेत्र अभी भी शिक्षा और #सवास्थ्य के मामले में बहुत पिछड़ा हुआ है, इस पर वो काफी चिंतित हुए उन्होंने इस पर जल्द अमल करने का आश्वासन दिया । उन्होंने युवा नेता रंजीत यादव को जल्द से जल्द दिल्ली आकर मिलने को कहा है, उम्मीद है अगले हफ्ते दिल्ली में माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री "श्री अमित शाह जी" से मिलकर अररिया लोकसभा क्षेत्र की कुछ बुनियादी जनहित मुद्दों पर विस्तार से बात होगी । सौंपे गए ज्ञापन में लिखा कि एम्स सीमांचल में बने वो भी अररिया में । हर दिल अजीज युवा नेता सह रंजीत यादव ने मांग पत्र में लिखा कि यह ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर रोड (हाईवे) पर अवस्थित है।अभी गोरखपुर से सिलीगुड़ी तक बनने वाला ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे भी यहीं से गुजरेगी।नेपाल का सबसे सघन आबादी वाला दो जिला यहां से मात्र 0.5 से 1.5 घंटे की दूरी पर है. इससे हम वहां के लोगों को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा प्रदान कर अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में बढ़त हासिल कर सकते हैं।यहां से बंगाल




के कई जिले काफी नजदीक हैं और सघन आबादी वाले जिले हैं। AIIMS ( एम्स)जैसी संस्था राष्ट्रीय स्तर के होते हैं। उस लिहाज से जितने अधिक राज्यों को कवर करें। उतना अच्छा। बिहार के लगभग 12 जिले के लोग यहां से 2 - 2.5 घंटों में पहुंच सकते हैं।नीति आयोग के रिपोर्ट्स के मुताबिक भी यह क्षेत्र सबसे अधिक पिछड़े क्षेत्रों में से अग्रणी है, लिहाजा यहां ऐसी संस्थाओं की सर्वाधिक जरूरत है।यह ट्रेन और सड़क दोनों परिवहन मार्ग के मामले में वेल कनेक्टेड जगह है।यहां से दरभंगा तथा बागडोगरा एयरपोर्ट मात्र 02 से 3.5 घंटे की दूरी पर है, लिहाजा अच्छे क्वालिटी के डॉक्टर्स को आने जाने की समस्या नहीं होगी। अब जबकि पूर्णिया में एयरपोर्ट प्रस्तावित है. जो मात्र 30 - 40 मिनट की दूरी पर होगा तो डॉक्टरों के लिए आना जाना और आसान हो जाएगा। यह लोकेलिटी पटना से सर्वाधिक दूरी पर अवस्थित है। लिहाजा यदि यहां इस स्तर का संस्था स्थापित होता है. लगभग 2.5 - 3 करोड़ आबादी को इसका लाभ मिलेगा। ऐसी संस्थाएं उच्च दर्जे के डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ तथा अन्य प्रोफेशनल्स के बल पर चलता है। जिन्हें सुगम लाइफ के साथ साथ बेटर लाइफ स्टाइल की चाहत होती है। यहां नॉर्थ ईस्ट तथा नेपाल के टूरिस्ट स्थान भी काफी नजदीक हैं। लिहाजा उन्हें यह सुविधा भी उपलब्ध हो जाएगा। सार में यही कहा जा सकता है कि एम्स (AIIMS) जैसी संस्था के लिए अररिया सर्वाधिक उपयुक्त जगह है ।इसे अररिया में स्थापित किया जाना चाहिए।

# पालीगंज के दुल्हिन बाजार में चलाया मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम

**समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमण्डल**
पालीगंज/ अनुमण्डल क्षेत्र के दुल्हिन बाजार प्रखण्ड अंतर्गत कई गांवो से दिल्ली में बनने वाले अमृत वन के लिए भाजपा कार्यकताओं के द्वारा किए जा रहे मिट्टी संग्रह अभियान के तहत हर घर से मिट्टी,एक मुट्ठी चावल एवं तुलसी का पत्ता लिया गया। जानकारी के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में पीएम मोदी के आह्वान पर बीजेपी के द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है। इस विशेष अभियान के तहत शनिवार को दुल्हिन बाजार प्रखंड क्षेत्र के काब, धाना- निसरपूरा एवं राजीपूर पंचायत मे भाजपा कार्यकताओं और नेताओं के द्वारा घर-घर जाकर मिट्टी संग्रह किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि



रामजन्म शर्मा ने कहा कि दिल्ली में अमृत वन का निर्माण हो रहा है जिसमें देश के हर घर से एक चुटकी मिट्टी या चावल या 5 तुलसी के पत्ते लेने हैं। वही उन्होंने बताया कि इसे संग्रहित कर दिल्ली ले जाया जाएगा। जहां पूरे देशवासीयो के सहयोग से भव्य अमृत वन का निर्माण वहां होगा। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष जीत कुमार, पालीगंज विधानसभा प्रभारी विनोद शर्मा, शिवेंद्र धारी शर्मा, कुंदन कुमार ,महेश यादव, जयप्रकाश पासवान, सूर्यमोहन शर्मा, सिंधु सिंह, गुंजन कुमार, संजय पासवान, विमल सिंह, रामनिवास सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पालीगंज अनुमण्डल स्थित जीएन पुस्तकालय में हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक

पालीगंज/ अनुमण्डल क्षेत्र के दुल्हिन बाजार प्रखण्ड अंतर्गत भरतपुरा गांव स्थित गोपाल नारायण सार्वजनिक पुस्तकालय सह संग्रहलय में शनिवार को विभिन्न मुद्दों को लेकर कार्यकारिणी समिति की बैठक किया गया। प्राप्त सूचना के अनुसार बैठक की अध्यक्षता पालीगंज एसडीओ सह पुस्तकालय के पदेन कार्यकारिणी समिति अध्यक्ष जयचंद यादव ने किया। जिसके दौरान पिछले बैठक में पारित प्रस्ताव के अनुसार कार्यकारिणी समिति की गठन की सम्पुष्टि किया गया। मौके पर संस्थान के सौंदर्यीकरण, कुछ आवश्यक उपकरणों व पुस्तको की खरीदारी तथा पूर्व सचिव स्व. ध्रुपद नारायण सिंह के तैल चित्र बनवाने को लेकर चर्चा किया गया। वही पुस्तकालय में



मौजूद हजारों पांडुलिपियों को कंजर्वेशन व प्रजर्वेशन सहित कुछ दुर्लभ वस्तुओं से दर्शकों को रूबरू कराने के लिए लैपटॉप व प्रोजेक्टर की खरीदारी पर भी चर्चा किया गया। साथ ही जर्जर भवन में रह रहे शुरक्षा प्रहरी की स्थिति को देखते हुए जर्जर भवन को मरम्मत कराने की भी चर्चा हुई। मौके पर सचिव मुकेशधारी सिंह, पालीगंज बिधायक डॉ. संदीप सौरभ, डॉ. श्यामनन्दन शर्मा, सुमेर सिंह, प्रभातधारी सिंह, शिवेन्द्रधारी सिंह, अशोक सिंह, शब्जा शर्मा, सर्वेश कुमार, दिलीप सिंह, कमलेश शर्मा, शशिभूषण शर्मा व प्रो. अशोक कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# धूमधाम से संपन्न हुई देव शिल्पीकार विश्वकर्मा भगवान की पूजा

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**
रोहतास जिले के करगहर प्रखंड अंतर्गत रविवार को देव शिल्पीकार विश्वकर्मा भगवान की पूजा बड़े धूमधाम से की गई।विभिन्न कल कारखाना एवं इलेक्ट्रॉनिक दुकान, मशीनरी, गैराज व अन्य संस्थानों मे भगवान विश्वकर्मा की पूजा लोगो के द्वारा धूमधाम से किया गया। वही, कल पुर्जे से जुड़े सभी प्रकार की यंत्र और वाहनों की पूजा श्रद्धालुओं द्वारा की गई। जहां करगहर प्रखंड के करगहर, खड़ारी, बड़हरी, बभनी, रीवा व अन्य जगहों पर सभी वाहन, बस स्टैंड व सभी यात्री वाहनों, इंजीनियरिंग वर्क्स स्थित सभी कल पुर्जे के प्रतिष्ठान पर विश्वकर्मा पूजा धूम देखने को मिली। कही पंडालों



में बाबा विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित कर पंडाल को सजा धजा कर श्रद्धालु बाबा विश्वकर्मा की बड़े ही प्रेम भाव पूजा करते नजर आये। वहीं श्रद्धालुओं ने अपने घरों पर रखे बाइक, टेलीविजन, साइकिल, मोटरकार इत्यादि मशीनरी यंत्र पूजा भी किया। ऐसा माना जाता है बाबा विश्वकर्मा की पूजा अर्चना करने उनके आशीर्वाद इंसान को अच्छा घर वाहन सुख सुविधा सहित कई ऐसे वैभवशाली मशीनरी यंत्र प्राप्त हो जाता है। यह एक ऐसी पूजा है जिसकी पूजा अर्चना हिंदू और अन्य समुदाय के लोग भी करते हैं। वही करगहर बाजार में अरूण इंजीनियरिंग वर्क्स, स्वतंत्र आटो गैराज, विश्वकर्मा मोटरसाइकिल गैराज, पटेल मोटरसाइकिल गैराज, संदीप फर्नीचर सहित कई अन्य प्रतिष्ठान के लोग बाबा विश्वकर्मा के पूजा अर्चना करते नजर आये।

# क्षेत्र के बेरोजगार युवकों के लिए एक सुनहरा अवसर गांव में ही मिलेगी नौकरी- किरण प्रभाकर

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता के०के०दूबे, दिनारा रोहतास**
समृद्ध बिहार अभियान के तहत समृद्ध रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। क्षेत्र के बेरोजगार युवकों को नौकरी देने हेतु दो दर्जन से भी अधिक कंपनियां अब रोहतास जिले में बिक्रमगंज प्रखंड व दिनारा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नटवार बाजार के समीप खैरा भूधर गांव में आने वाली है। जहां बेरोजगार युवक अपने-अपने नाम रजिस्टर करवा रहे हैं।अधिक से अधिक युवा इस अवसर का फायदा उठाएं। उक्त बातें तेजतर्रार युवा नेत्री समाजसेवी किरण प्रभाकर ने कही। उन्होंने बताया कि आगामी 30 सितंबर से 01 अक्टूबर तक खैरा भूधर गांव में बृहद पैमाने पर समृद्धि रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। मेले में देश-विदेश में काम कर रही लगभग दो दर्जन से ज्यादा कम्पनियां आएगी और स्थानीय युवाओं को योग्यता अनुसार नौकरी दी जाएगी। यह इस तरह का पहला ऐसा कार्यक्रम है, जिसका आयोजन किसी भी जिला में या बड़े शहर में नहीं बल्कि छोटे से गांव में किया जा रहा है। मेले के लिए निःशुल्क रजिस्ट्रेशन प्रारंभ किया जा चुका है। हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक युवा इस अवसर का फायदा उठाएं। उक्त मेले का आयोजन किरण प्रभाकर द्वारा चलाये



जा रहे समृद्ध बिहार अभियान की एक कड़ी है। जिसका मकसद अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार देना व रोजगार के लिए प्रेरित करना है। गौरतलब है कि समाज सेवी किरण प्रभाकर द्वारा पिछले कुछ दिनों में क्षेत्र के अपने अनुभवों को लोगों तक पहुंचा रही है और मंदिर यात्रा की शुरूआत की है। जहां इस अभियान से स्थानीय जनता जोर-शोर से जुड़ भी रही है।

# बाबा गणिनाथ जयंती समारोह के उपलक्ष्य में देवी जागरण कार्यक्रम आयोजित

## *प्रयागराज के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक झांकी कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोहा*

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**
रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड अंतर्गत काराकाट बाजार शिव मंदिर के समीप बाबा गणिनाथ मंदिर के प्रांगण में वैश्य परिवार के कुलदेवता श्री-श्री 1008 परम पूज्य बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज की जयंती समारोह के पावन अवसर पर देवी जागरण कार्यक्रम आयोजित की गई। जिस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि काराकाट विधानसभा के पूर्व विधायक राजेश्वर राज सहित अन्य गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात पूजा कमेटी के अध्यक्ष एवं सक्रिय सदस्यों के द्वारा कार्यक्रम के दौरान आए हुए आगत अतिथियों एवं स्थानीय पत्रकारों को फूल-माला एवं अंग-वस्त्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्री राज ने बाबा गणिनाथ के जीवनी पर प्रकाश डाला। साथ ही साथ उन्होंने बाबा गणिनाथ के द्वारा बताए गए दिशा निर्देश पर सभी श्रद्धालुओं को चलने को कहा। कार्यक्रम की शुरूआत भोजपुरी गायिका सोनी पांडेय ने सुर की देवी मां शारदा की



वंदना से की। इस कार्यक्रम में प्रयागराज से आये हुए आयुष काली जागरण एंड झांकी ग्रुप के संचालक आयुष व आशीष के नेतृत्व में खाटू-श्याम, शंकर व महिषासुर के रूप में वैभव शंकर , वासुदेव और हनुमान जी के रूप में गोलू हनुमान, काली, दुर्गा एवं राधा के रूप में आयुष ,कृष्ण भगवान के रूप में बंटी किशन एवं मां पार्वती के रूप में शालू सहित अन्य कलाकारों ने एक से बढ़कर एक मनोरम झांकी प्रस्तुत की।कार्यक्रम के दौरान कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत की गई झांकी को दर्शकों ने काफी सराहा। कलाकारों के हौसला को बुलंद करने के लिए हजारों की संख्या में कार्यक्रम स्थल जुटे दर्शकों ने तालियों से अभिवादन किया। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेश्वर राज , सुरेश तिवारी, सुरेश गुप्ता,ललित मोहन सिंह,मां वैष्णो मिष्ठान भंडार सह सजावट केंद्र काराकाट के सपरिवार,मुन्ना पांडेय,पंकज पांडेय,नवीन चंद्र साह,अजीत सिंह,समाजसेविका किरण प्रभाकर सहित हजारों की संख्या में दर्शक लोग उपस्थित थे।

# राजनैतिक इच्छाशक्ति व प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार राजकीयकृत 10+2 माध्यमिक दामोदर उच्च विद्यालय रघुनाथपुर

## *शिक्षकों की घोर कमी से गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई बाधित*

**समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमण्डल**
पालीगंज/ एक ओर बिहार शिक्षा विभाग विद्यालयों में शिक्षा सुधार के लिए मुहिम चला रही है तो दूसरी ओर अपनी ही कमी को उजागर भी कर रही है। ऐसा ही मामला पालीगंज अनुमण्डल क्षेत्र के खिरिमोर थाना अंतर्गत स्थित राजकीयकृत 10+2 माध्यमिक दामोदर उच्च विद्यालय रघुनाथपुर की है। इसकी स्थापना सन 1944 में आचार्य दामोदर शर्मा ने अपने निजी जमीन में कराई थी। जहां बर्तमान में पांच सौ से अधिक छात्रों का नामांकन है वही प्रभारी प्रधानाध्यपक के सहित मात्र 4 शिक्षक है। उनमें दो माध्यमिक व दो इंटरमीडिएट के शिक्षक है। लेकिन एक भी साइंस या भाषा के शिक्षक नही है। जिसके कारण प्रयोगशाला में सभी प्रायोगिक सामान होते हुए भी साइंस व भाषा की पढ़ाई सहित प्रयोगिक कार्य बाधित है। के के पाठक के शख्त रवैये के कारण सभी बच्चे प्रतिदिन विद्यालय आते है लेकिन गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के अभाव में मायूस होकर लौट जाते है। यह विद्यालय राजनैतिक इच्छाशक्ति व प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार होने के कारण शिक्षक व कर्मचारियों की घोर कमी का शिकार है। इलाके के बुजुर्गो का कहना है की यह पूर्व समय में पालीगंज के दक्षिणी क्षेत्र का एक मात्र यही उच्च विद्यालय था



जहाँ पढ़ने के लिए विद्यार्थियों का तांता लगा रहता था। यहाँ हजारों की संख्या में विद्यार्थी पढ़ते थे। वही दो दर्जन शिक्षको के साथ किरानी व रात्रि प्रहरी भी रहते थे। पर आज कई वर्षो से मात्र 4 शिक्षको के सहारे यह विद्यालय चल रही है। यहाँ कोई किरानी तक नही है। कुल मिलाकर देखा जाये तो इसकी सुध लेने वाला न तो कोई राजनेता है न कोई अधिकारी। यह गौरवशाली विद्यालय राजनैतिक शक्ति व प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार हुए अपने दुर्भाग्य पर आंसू बहा रही है। इलाके के लोगो का कहना है कि सरकार एक तरफ विकास का दावा करती है वही विकास के लिए अति आवश्यक पढ़ाई की ब्यवस्था करने में असमर्थ मालूम पड़ रही है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार कहते है की विद्यालय में वर्ग 9 से वर्ग 12 तक कि पढ़ाई होती है। आज भी यहां कुल 500 (पांच सौ) से अधिक विद्याथीयो का नामांकन है पर शिक्षक की संख्या मात्र 4 है। जिनमे सभी आर्ट्स अर्थात कला के ही शिक्षक है। इसकी वजह से विद्यालय में साइंस व भाषा की पढ़ाई नही हो पाती है। जिसके कारण विद्यालय की परीक्षा परिणाम भी ठीक नही होते। किरानी के नही होने के कारण विद्यालय की कार्यकलाप ठीक से संचालित होने में कठिनाई हो रही है। बिना किरानी व शिक्षकों की विद्यालय का संचालन सही ढंग से नही हो पाती है।

# पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 में भाग ले रहे विद्यालयों, क्लबों के प्राचार्य, टीम मैनेजर एवं कप्तानों की अहम बैठक 18 सितम्बर को पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स में

***सीजन -6 में खिलाड़ियों की उत्साह देखने लायक है। रजिस्ट्रेशन का पिछला सभी रिकॉर्ड को तोड़ नया रिकॉर्ड बना डाला***

***अत्याधिक रजिस्ट्रेशन आने से समय की उपलब्धता सुनिश्चित करने में हो रही है परेशानी***

**पूर्णियां।**
पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन - 06 में भाग ले रहे 10+2 विद्यालय खेल बालक एवं बालिका वर्ग के बैटमिटन , बास्केटबॉल,वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, शतरंज के साथ - साथ ओपन टू ऑल प्रतियोगिता फुटबॉल एवं क्रिकेट खेलों आदरणीय क्लब अध्यक्ष/ सचिव, प्राचार्य महोदय/ महोदया, टीम प्रबंधक, टीम मैनेजर, कप्तानों की अहम बैठक दिनांक :- 18/09/2023 दिन :- सोमवार समय :- पूर्वाह्न 10 बजे स्थानः- पनोरमा ग्रुप द्वारा निर्मित पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया ( नियर टाटा मोटर्स बाईपास) में बैठक बुलाई गई है।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने दी और कहा कि बैठक में सभी रजिस्टर स्कूल एवं क्लबों की उपस्थिति




अतिआवश्यक है। ताकि सभी रजिस्टर स्कूल व क्लबों से विचार-विमर्श कर आयोजन से सम्बंधित विभिन्न विषयों पर निर्णय लिया जा सके।

**बैठक में प्रमुख विषय**

1. रजिस्टर विद्यालय एवं क्लबों की संख्या अत्यधिक है इस संदर्भ में।
2. ड्रॉ के माध्यम से विभिन्न खेलों का टाईसीट बनाने के संदर्भ में।
3. पनोरमा टॉर्च (मशाल) के तिथि, समय एवं स्थान सुनिश्चित करने के संदर्भ में।
4. छः चरणों के प्रतियोगिताओं को बेहतर तरीकों से आयोजित करने के संदर्भ में।
5.विभिन्न खेलों के इच्छुक मैच रेफरी प्रतिनियुक्ति करने के संदर्भ में।

# एमडीए कार्यक्रम के दौरान सुक्रत्या एप से होगी

***दैनिक कवरेज की रिपोर्टिंग***

***ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण रिपोर्टिंग पर दिया जाएगा विशेष ध्यानः सिविल सर्जन***

***पहली बार 14 दिनों के बदले 17 दिनों तक खिलाई जाएगी दवा: डीवीडीसीओ***

**पूर्णिया ।**
जिले में 20 सितंबर से सर्वजन दवा सेवन यानी एमडीए कार्यक्रम चलाया जाएगा। एमडीए की शत प्रतिशत सफलता के लिए कार्यक्रम की सघन निगरानी बेहद जरूरी है। इसको ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने एक नई पहल की है। क्योंकि इस बार एमडीए कार्यक्रम की दैनिक कवरेज की रिपोर्टिंग के लिए एक सुक्रत्या नामक एप को विकसित किया गया है। जिले के सभी प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक (बीसीएम) अतिमहत्वपूर्ण कार्यक्रम एमडीए की दैनिक कवरेज की रिपोर्टिंग एप के माध्यम से करेंगे। जिसको लेकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल परिसर स्थित सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में प्रशिक्षके डब्ल्यूएचओ के क्षेत्रीय सलाहकार डॉ दिलीप कुमार झा और पिरामल स्वास्थ्य के डीपीओ चंदन कुमार के द्वारा उपस्थित सभी प्रतिभागियों को सुक्रत्या एप के संबंध में बारीकी के साथ प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ राजेंद्र प्रसाद मंडल, वेक्टर जनित रोग पदाधिकारी (वीडीसीओ) रविनंदन सिंह, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण सलाहकार (डीवीबीडीसी) सोनिया मंडल, कर्मी रामकृष्ण परमहंस, सिफार के धर्मेंद्र रस्तोगी, पीरामल के बीसी शिवशंकर सहित जिले के सभी बीसीएम और डेटा ऑपरेटर उपस्थित थे। सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने कहा कि आगामी 20 सितंबर से पूर्णिया सहित राज्य के 11 जिलों में एमडीए कार्यक्रम चलाया जाएगा। एमडीए कार्यक्रम को शत प्रतिशत सफल बनाने के लिए प्रत्येक स्तर पर तैयारियां अंतिम चरण में चल रही हैं। अभियान की कुशल निगरानी के लिए दैनिक कवरेज की ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण रिपोर्टिंग बेहद जरूरी है। इसके लिए विभागीय स्तर पर सुक्रत्या नामक एप को विकसित किया गया




है। लेकिन इसकी दैनिक रिपोर्टिंग गुणवत्ता पूर्ण सुनिश्चित करने के लिए बीसीएम को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसको लेकर जिले के सभी बीसीएम और डेटा ऑपरेटर को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके लिए जिला सामुदायिक उत्प्रेरक (डीसीएम) एवं जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी (भीबीडीसीओ) दैनिक रिपोर्टिंग पर नजर रखेंगे। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ राजेंद्र प्रसाद मंडल ने बताया कि इस बार के एमडीए अभियान में पहली बार बूथ निर्माण कर लोगों को दवा खिलाना सुनिश्चित किया गया है। बूथ का निर्माण आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल, पंचायत भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित मेडिकल कॉलेज पर होगा। सबसे अहम बात यह है कि बूथ रणनीति के तहत पहले 3 दिनों तक बूथ लगाकर एवं इसके बाद 14 दिनों तक आशा कार्यकताओं द्वारा घर-घर जाकर दवा खिलाई जाएगी। इस तरह अब 14 दिनों की जगह 17 दिनों तक सभी लोगों को दवा खिलाई जाएगी। इस बार के एमडीए अभियान में मार्कर पेन का इस्तेमाल किया जाएगा। जिसमें सभी दवा खाने वाले लोगों की उंगली पर निशान लगाया जाएगा। इसके लिए सभी ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कराने वाली टीम को मार्कर पेन भी उपलब्ध कराया गया है। चंदन कुमार ने बताया कि राज्य स्तर पर जिला सामुदायिक उत्प्रेरक एवं भीबीडीसीओ को विगत 10 अगस्त को ही एप संचालन को लेकर प्रशिक्षित किया जा चुका है। जिसके बाद जिला स्तर पर प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक (बीसीएम) को एप संचालन के लिए विभागीय स्तर पर पिरामल स्वास्थ्य के सहयोग से प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। ताकि एमडीए कार्यक्रम की सघन निगरानी विभागीय स्तर पर की जा सके। लेकिन रिपोर्टिंग एवं गुणवत्ता पर नजर रखने की जिम्मेदारी डीसीएम एवं भीबीडीसीओ को दी गई है।

# जीविका महिला स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड का वार्षिक आमसभा का आयोजन

रोहतास जिले के काराकाट में शनिवार को उपहार जीविका महिला स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड काराकाट का वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी काराकाट राहुल कुमार सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत बीपीएम काराकाट आशा कुमारी के द्वारा ग्रीनरीपौधा देकर सम्मानित किया गया। वही बिड़ीओ के द्वारा संबोधन करते हुए जीविका पर विस्तृत जानकारी दी व बताएं। जिसमें प्रखंड काराकाट में लगभग 480 समूह है जिसमें सात हजार महिलाएं



शामिल है। ग्रामीण स्तर पर इस योजना से सामाजिक और आर्थिक मदद दिया जाता है। आम सभा के कार्यक्रम से समूह से जुड़ी सभी जीविका उपस्थित होती है। जहां मौके पर उपस्थित जीविका डीपीएम अरुण कुमार, अध्यक्ष लक्ष्मीना देवी, सचिव नवरत्ना देवी, बी सी मोहम्मद अशरफ अली, शिक्षक अनिल कुमार पासवान, ए.सी अजय कुमार धनंजय कुमार शंभू कुमार, शशिकांत कुमार,जयप्रकाश भारती, प्रीति कुमारी, गुड़िया देवी व सभी जीविका उपस्थित थी।

# करूप में दसवीं निशुल्क चंद्रयान बैच की शुरूआत

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**
हर छात्र के जीवन में बोर्ड परीक्षाएं सबसे महत्वपूर्ण पड़ावों में से एक हैं। इन्हीं के आधार पर ही किसी छात्र का भविष्य निर्धारित होता है। इसीलिए छात्र व अभिभावक दोनों इन परीक्षाओं के प्रदर्शन को लेकर काफी चिंतित रहते हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए कारूप की रैम्बो सी टी सी के निदेशक प्रवीन कुमार सिंह ने एक खास फ्री स्पेशल बैच शुरू करने का फैसला किया है। जिसमें 10वीं कक्षा के लिए सभी विषय की फ्री क्लासेज दी जाएंगी। जिसकी शुभारंभ शुक्रवार संध्या में कई गयी। इस मौके पर प्रॉजेक्ट स्कूल गोडारी के अशोक तिवारी व बुढ़वल उच्च



विद्यालय शिक्षक उपेन्द्र कुमार मुख्य अतिथि शिक्षक के रूप में उपस्थित हुए और सभी बच्चों का उत्साह बढ़ाया। वही रेनबो सी टी सी के निदेशक प्रवीन कुमार ने बताया कि यह शुरूआत उन गरीब और मेधावी बच्चों के लिए है जो गरीबों की वजह से बेहतर तैयारी नहीं कर पाते हैं हम उन सभी बच्चों के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध करा रहे हैं जैसे सभी विषयों की पढ़ाई डिजिटल बोर्ड के माध्यम से पढ़ाया जाएगा। इस भव्य आरंभ के मौके पर बालिका उच्च विद्यालय गोडारी अशोक तिवारी, उच्च विद्यालय बुढ़वल उपेंद्र कुमार, माइंड स्क्वायर के निदेशक, रवि कुमार, अंकित कुमार, रंजन कुमार अन्य कई लोग मौजूद थे।

# मरहूम तस्लीमुद्दीन साहब के यौमे वफात पर मंजर खान ने किया खिराज-ए-अकीदत पेश

**नरपतगंज ।**
राजद के संस्थापक सदस्य, पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, सीमांचल गांधी, तस्लीमुद्दीन साहब के यौमे वफात पर राजद के कद्दावर युवा नेता जनाब मंजर खान ने खिराज-ए-अकीदत पेश करते हुए कहा कि आज उनकी पुण्य तिथि है उनकी कमी सीमांचल वासियों को खल रही है।




# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर रंजीत यादव ने अररिया लोकसभा वासियों की ओर से भगवान से मांगा दीघार्यु का आशीर्वाद

## *आत्मनिर्भर भारत सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित सरकार के लिए की गई प्रार्थना*

**पलासी।**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर यादव बिरादरी से आने वाले भाजपा के कद्दावर युवा नेता रंजीत यादव ने शिव मन्दिर बेलबाड़ी में शिवपूजा कर




पीएम मोदी के दिघार्यु की कामना कर दुग्धाभिषेक कर पूजन अर्चन किया गया। इस दौरान भोले बाबा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अगुवाई में देश को आत्मनिर्भर बनाने सुशासन और गरीब कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता हेतु प्रार्थना की गई । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी का सपना है कि भारत आत्मनिर्भर बने इस निमित्त हमने दुग्धाभिषेक कर आशीर्वाद मांगा है।

# जल निगम अपनी मनमानी पर उतारू शहर का एक चौथाई हिस्सा गंदा पानी पीने को मजबूर: डाक्टर जफर

शावेज अहमद रामपुर नगर पालिका द्वारा शहर में जगह-जगह पाइपलाइन डालने का पैसा जल निगम को ट्रांसफर किया जा चुका है परंतु कई महीने बीतने के बाद भी जल निगम के आधिकारी पानी की पाइप लाइन डालने में असमर्थ व जनता को बेवकूफ बना रहे हैं। तीन माह पूर्व बरेली गेट व सतूने संग नई बस्ती, तश्का बस्ती आदि मोहलल्लों में पानी की पाइपलाइन डालने का कार्य शुरू किया गया था परंतु आधी अधूरी पाइपलाइन डालकर लोगों को गंदा पानी पीने को मजबूर कर दिया गया है। जल निगम के अधिकारियों से जब भी बात की गई यह कहकर बात को टाल दिया गया के पाइप खत्म हो चुका है लेबर नहीं है ठेकेदार छुट्टी पर गया है इत्यादि। जबकि आप नेता डॉक्टर जफर ने लगातार गंदे पानी की शिकायतें जिला प्रशासन से पूर्व में भी की हैं जिसके चलते हुए जिला अधिकारी रामपुर द्वारा फंड देकर इस काम को जल्द करने का आदेश दिया गया था इस गंदे पानी की वजह से यदि शहर के मोहल्ले में किसी को जान की हानि होती है तो सीधे तौर पर जल निगम विभाग के आला आधिकारी जिम्मेदार होंगे। आम आदमी पार्टी के ज़िला महासचिव ने अपने जारी बयान में यह भी कहा कि यदि जल्द पाइप लाइन का काम पूरा नहीं किया गया तो आम आदमी पार्टी के सभासदों व कार्यकताओं के साथ जल निगम के दफ़्तर में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे।



# पतंजलि परिवार ने हिंदी प्रवक्ता मुनीश चंद्र शर्मा को किया सम्मानित

शावेज अहमद रामपुर। पतंजलि परिवार द्वारा सिविल लाइन स्थित जिला कार्यालय पर जैन इंटर कॉलेज के हिन्दी प्रवक्ता मुनीश चंद्र शर्मा को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें राज्य अध्यापक पुरस्कार मिलने पर दिया गया। श्री शर्मा पतंजलि परिवार के भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी और जाने माने योगाचार्य हैं। योग के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए उन्हे जिला प्रशासन द्वारा अनेक बार सम्मानित भी किया जा चुका हैं। पतंजलि गौरव सम्मान से विभूषित मुनीश चंद्र शर्मा जैन इण्टर कॉलेज में हिन्दी के प्रवक्ता हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में पतंजलि योग समिति के तत्कालीन जिला प्रभारी डा. पीएन मेहरा ने शिक्षक दिवस पर उन्हें सम्मानित करते हुए कहा था कि आपको सरकार द्वारा एक दिन आदर्श शिक्षक का सम्मान अवश्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि शुभकामनाएं और आशीर्वाद निश्चित रूप से मन वांछित फल देते हैं। अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निश्स्वार्थ भाव से कर्मपथ पर चलना आवश्यक हैं। पतंजलि परिवार के संरक्षक सतीश सक्सेना और रविंद्र कपूर ने मुनीश शर्मा को शाल अंगवस्त्र और माला पहनाकर सम्मानित किया। पतंजलि योग समिति के प्रभारी रवि मेहरा ने कहा कि निस्वार्थ भाव से किए गए कार्य व्यक्ति को अच्छे परिणाम देते हैं। श्री शर्मा ने योग आयुर्वेद और स्वदेशी के प्रचार प्रसार में अपना अमूल्य योगदान दिया हैं। यह आदर्श शिक्षक के साथ एक समर्पित समाजसेवी हैं।

इस मौके पर सतीश सक्सेना, हेमंत रस्तोगी, सीए विजय अग्रवाल, मनीष मेहरा, ओमकार सिंह, नकुल लोधी, राजेश शर्मा, अब्दुल रऊफ, रविंद्र कपूर, रूपाली मेहरा, अंजली मेहरा, सुधा शर्मा, व्योम वशिष्ठ आदि मौजूद थे।



# यदु शुगर मिल में श्रद्धा वह उल्लास से हुई भगवान विश्वकर्मा की पूजा

बिसौली आई एम खान। विश्वकर्मा जयंती पर यदु शुगर मिल के अलावा नगर स्थित 132 व 33 केवीए विद्युत संस्थानों पर हवन के अलावा मशीनों का पूजन किया गया। अधिकारी व कर्मचारियों ने हवन पूजन कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यदु शुगर मिल में महाप्रबंधक, प्रबंधक के साथ साथ दर्जनों कर्मचारियों ने विशाल हवन में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां डालीं। मशीनों का विधिविधान के साथ पूजन किया गया। ओ.एस.डी जितेंद्र कुमार उर्फ बिल्लू, मुख्य महाप्रबंधक रमेश चंद्र, महाप्रबंधक गन्ना अनिल कुमार, आई. जी. राव, आर. डी यादव, के डी शुक्ला, चंद्रभान सिंह, विजय प्रकाश दीक्षित, अनिल कुमार यादव, शैलेंद्र यादव, अमित कुमार बाना, प्रमोद कुमार मलिक, ओम प्रकाश यादव, केपी यादव आदि मौजूद रहे। इधर 33 केवीए उपकेन्द्र पर जेई मियां कुरैशी, कमलेश कुमार, अभिषेक मिश्रा, अनिल यादव, विकास, रजनेश, संगम चौहान, रोमेश पाठक, नेत्रपाल, राजेन्द्र, दीपक आदि मौजूद रहे। वहीं 132 केवीए उपकेन्द्र पर जेई अवधनारायण, कन्हैयालाल, सतवान, सम्पूर्णानन्द, राजा ताहिर खान आदि अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



# तालाब एवं पार्क की सफाई हेतु चलाया गया सफाई अभियान

विजय तिवारी शहडोल ।शासन द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत आज दिनांक 17.9.2023 को युवाओं , नागरिकों एवं हमारे सफाई मित्रो के सहभागिता से वार्ड क्रमांक 21 स्थित खेर माता तालाब एवं पार्क की सफाई हेतु श्रमदान अभियान चलाया गया।

जिसमे पूरे पार्क एवं तालाब के अगल-बगल गाजर घास की सफाई का कार्य , माननीय प्रधानमंत्री जी के जन्मुत्सव के अवसर पर पौधारोपण कार्य एवं स्वच्छता शपथ के साथ पूरे कार्यक्रम का समापन किया गया।

इस कार्यक्रम में मौजूद हमारी इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 डायनेमिक धनपुरी टीम की कप्तान माननीय श्रीमती रविंद्र कौर छाबड़ा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद धनपुरी, स्वास्थ विभाग सभापति आनन्द कचेर, सम्माननीय सभापति नीतू सोनकर,अंशिका विश्वकर्मा,भोला पनिका, प्रवीण बाडोलिया जी , पार्षदगण विजय यादव,आनंद मोहन जायसवाल, रमेश बैगा जी समाजसेवक विनय सिन्हा, चन्द्र प्रकाश गुप्ता,कैलाश सोनकर,गुड्डू दहिया, मोहम्मद साबिर जी,मुकेश केशरवानी ,स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर श्रीमती सरिता शर्मा , हमारे ठऊ कॉलेज के ठरर के छात्र , सीएसआर पार्टनर गोदरेज प्रॉपर्टीज इंप्लीमेंट पार्टनर फीडबैक फाऊंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट धनपुरी के प्रोजेक्ट



मैनेजर राहुल कुमार एवं उनकी कए टीम, स्वच्छता निरीक्षक धनपुरी पुरुषोत्तम गुप्ता,अफ्र राम विशाल नापित , स्वच्छता मेट सारदा इमालियां, राजन कुरसौल, बहोरी,सोनू इमलिया,सुजीत इमालिया कंप्यूटर ऑपरेटर शैलेष पाठक , ट्यूलिप इंटर्न्स एवं अन्य नागरिक गण मौजूद रहे ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना श्रमदान कर सहयोग देने के लिए आप सभी का बहुत बहुत धन्यवाद । नगर पालिका परिषद धनपुरी जिला शहडोल आप सभी नगर वासियों से है अनुरोध करती है कि कृपया तालाबों में कचरा ना फेके एवं हर सप्ताह अपने नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने हेतु श्रमदान करें एवं अपना सहयोग प्रदान करें।

# वर्तमान विधायक पर भारी पड़ सकती है रामवती

शहडोल। आगामी विधानसभा चुनाव का समय जितना समीप आता जा रहा है वैसे-वैसे भाजपा के संभावित दावेदार जनता कार्यकताओं में अपने-अपने क्षेत्र 2023 विधानसभा चुनाव के लिए दमखम दिखा रहे हैं ऐसे में विधानसभा



जैतपुर से विधायक कहां पीछे रहने वाली हैं। सभी सीटों में भाजपा द्वारा जन आशीर्वाद यात्रा निकाली जा रही है रहे लेकिन इससे पूर्व विधानसभा क्षेत्र के कई ग्रामों में वर्तमान विधायक के खिलाफ विरोध के स्वर उठ रहे हैं । कई स्थानों में तो विधायक वापस जाओ के नारे भी लगे । हालांकि विधानसभा क्षेत्र में जन आशीर्वाद यात्रा में पार्टी के कार्यकताओं एवं विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के दावेदारी कर रहे महिला दावेदारों की मेहनत से भाजपा को भी भारी जनसमर्थन मिलता दिखाई पड़ा। वहीं एक बार में विधायक मनीषा सिंह भाजपा अपनी दावेदारी पेश कर रही हैं ।भाजपा एक नया चेहरा रामवती सिंह गुड्डी का हैं जो की विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी से प्रबल दावेदार बताई जा रही हैं। वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य हैं दो पंचवर्षीय कार्यकाल ग्राम पंचायत मोहतरा की सरपंच रह चुकी है और वर्तमान में भी उनकी देवरानी ग्राम पंचायत की सरपंच हैं। विधानसभा चुनाव में हेतु टिकट के लिए दावेदारी पेश कर रही रामवती सिंह ने क्षेत्र दौरा करते हुए केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार की योजनाओं को मतदाताओं के समक्ष बखूबी प्रस्तुत किया है व आजीविका मिशन की महिलाओं को भी प्रेरित करती रही हैं। श्रीमती सिंह कई वर्षों से हमेशा महिलाओं को सम्मान देने के साथ गांव-गांव का भ्रमण करने में कभी भी कोताही नहीं बरती ऐसे में स्व सहायता समूह से सहभागिता निभाकर जिला पंचायत सदस्य गुड्डी सिंह सराहनीय कार्य कर रही हैं । ऐसे में श्रीमती सिंह को प्रत्याशी बनाना भाजपा के लिए लाभकारी साबित हो सकता है। स्व सहायता समूह की लगभग 50000 शहडोल जिले में महिलाएं हैं ,जैतपुर विधानसभा की समूह से जुड़ी महिलाएं जो कि अपनी में स्व सहायता समूह ही बहन के समर्थन में दिखाई दे रही हैं। हालांकि पार्टी विधानसभा चुनाव में टिकट किस देगी यह उसका आंतरिक मामला है लेकिन वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में आजीविका मिशन से जुड़ी हुई महिलाओं को टिकट देने की मांग जोर पकड़ रही है और ऐसी संभावना भी हैं कि शहडोल जिले में मिशन से जुड़ी महिलाओं को टिकट भी भाजपा संगठन द्वारा दिया जा सकता है।

# वृक्षारोपण कर किसान मोर्चा ने मनाया प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन

गौरेला ।भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष तिवारी के नेतृत्व में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्म दिवस मनाया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकताओं के द्वारा वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया इसके अलावा किसान चौपाल का भी आयोजन किया गया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला इकाई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# धूमधाम से की गई विश्वकर्मा जी की पूजा।

अनूपपुर। अनूपपुर जिले के अंतर्गत सोडा फैक्ट्री कास्ट यूनिट अमरकंटक ताप विद्युत गृह अमलाई खुली खदान जमुना कोतमा क्षेत्र के वर्कशॉप बिजुरी राजनगर रामनगर सहित निजी इंजीनियरिंग वर्कशॉप, जिले के समस्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं निजी संस्थानों में विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना की गई। हर वर्ष 17 सितंबर को शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती मनाई जाती है। सूर्य संक्रांति के दिन ब्रह्मा जी के सातवें पुत्र विश्वकर्मा जी का जन्म हुआ था। विश्वकर्मा जयंती के दिन भगवान विश्वकर्मा जी की विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती है।



मान्यता है कि ऐसा करने से कार्य व्यापार में वृद्धि होती है। भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का सृजनकर्ता और प्रथम शिल्पकार के रूप में जाना जाता है। बताया की ब्रह्मा जी ने जब पृथ्वी की रचना की थी। तब उसे सजाने और सवारने का काम ब्रह्मा जी ने ही किया था। यह शुभ दिन भगवान विश्वकर्मा जी को समर्पित है जिन्हें ब्रह्मांड के दिव्य निमार्ता के रूप में पूजा जाता है। बताया कि हर साल कन्या संक्रांति के दिन विश्वकर्मा जयंती बनाई जाती है। विश्वकर्मा जी पहले शिल्पकार थे जिस कारण से इन्हें वास्तु कला का देवता भी कहा जाता है। विश्वकर्मा जी की पावन जयंती पर जगह-जगह पूजन अर्चन के उपरांत भंडारे का आयोजन भी किया गया सोहागपुर क्षेत्र के अंतर्गत अमलाई खुली खदान में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। , रिजिनल वर्कशॉप, एरिया वर्कशॉप एवं चचाई स्थित पप्पू ऑटो गैरेज में संचालक जीवन यादव द्वारा भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई एवं प्रसाद वितरित किया गया।

# गाय के गोबर से निर्मित मूर्ति बनाने का दिया गया प्रशिक्षण

**समाज जागरण**

अयोध्या। प्राथमिक विद्यालय अन्डूतारा विकासखंड अमानीगंज जनपद अयोध्या में सखी सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा गाय के गोबर से निर्मित मूर्ति बनाने का प्रशिक्षण दिया गया है। फूलों का पाउडर , नीम की पत्तियों को मिलाकर धूपबत्ती निर्मित करके व्यक्ति रोजगार प्रारंभ कर सकता हैं साथ ही बहुत आसान तरीके से फूल बत्ती बनाने
की प्रक्रिया भी बताई गई। प्रशिक्षण श्रीमती रश्मि कनौजिया द्वारा दिया गया ।इंचार्ज प्रधान अध्यापिका ऋतु दुबे ने बताया की बच्चे कार्य अनुभव विषय में मिट्टी के खिलौने इत्यादि बनाते हैं और आज गाय का गोबर से मूर्ति ,दीपक, फूलबत्ती बनाने में अपने माताओं के साथ सीखने में बहुत आनंद मिला ।खास बात यह भी है की सभी सामग्री इको फ्रेंडली है।इस अवसर पर सीखने वालों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चे भी शामिल थे।



# बड़ी खबर: कॉलेज छात्रा की दुपट्टा खिचने तीनों अपराधी गिरफ्तार, दो गोली लगने से घायल, एक का पैर टुटा

समाज जागरण नोएडा डेस्क

उत्तर प्रदेश के जनपद अंबेडकर नगर स्थित हंसवर थाना क्षेत्र मे कॉलेज से लौट रही छात्रा के साथ छेड़खानी करने तथा दुपट्टा खिचने वाले तीनों अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार। पुलिस के बंदूक छिनकर फरार होने के फिराक मे मनचले को गवाना पड़ा पैर। योगी पुलिस के द्वारा जबाबी कार्यवाही मे दो के पैर मे लगी गोली और एक का पैर टुटा बताया जा रहा है। कुल मिलाकर पुलिस के कंधे पर लेकर जाना पड़ा हास्पिटल।।

बताते चले कि हंसवर थाना के अंतर्गत एक बेहद ही दर्दनात घटना हुई थी, जिसमे कॉलेज से पढकर आ रही छात्रा की की दुपट्टा मनचलों ने साइकिल चलाते समय मे खीच दिया था। जिसके कारण साइकिल असंतुलित हो गया और छात्रा गिर गई। जिसपर पीछे से तेजी से आ रही बाइक ने सिर चढा दिया। हालांकि आस-पास के लोगों ने तुरंत नजदीकी निजी हास्पिटल मे छात्रा को पहुँचाया लेकिन डॉ. ने मृथ घोषित कर दिया। लड़की के पिता के अनुसार कई दिनों से मनचले जो कि खास विशेश समुदाय से संबंध रखता है लड़की के साथ छेड़छाड़ कर रहा था। घटना को लेकर लोगों मे बेहद ही नाराजगी दिखाई दे रहा था और पुलिस से त्वरित कार्यवाही करने की मांग किया जा रहा था। हालांकि पुलिस ने एक्शन लेते हुए तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है लेकिन जनता के मन मे आशंका है कि आखिर कौन सा धारा लगायेगी जिससे आगे ऐसे मामले मे पुनरावृति न हो।



# पिता के आंसुओं को किया अनदेखी, बेटी ने थाने मे प्रेमी से रचायी शादी।।

**समाज जागरण डेस्क**

औरेया उत्तर प्रदेश।। पिता के आंसूओं को दरकिनार कर एक मॉडन जमाने की बेटी ने थाने मे अपने प्रेमी से रचा ली शादी। पिता लगाता रहा गुहार। मामला उत्तर प्रदेश के औरेया जिला थाना दिबियापुर की है। जहाँ थाना परिसर मे स्थित मंदिर मे बालिग प्रेमी युगल नितिन ने शबनम शादी रचा ली है। एक पिता के द्वारा थाने मे गुहार लगाने की विडियों वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक औरेया आईपीएस चारू निगम के द्वारा मिडिया को बाइट दिया गया है जिसमे प्रेमी युगल को बालिग होना बताते हुए सुरक्षा मांगने की बात कही गयी है। उन्होने कहा कि प्रेमी युगल को लड़की के माता पिता से डर था कि उनके खिलाफ गलत तरीके से मुकदमा पंजीकृत कराया जा सकता है इसलिए दोनों ने थाने मे आकर सांकेतिक शादी कर लिया है। इस मामले मे अभी तक कोई तहरीर नही मिला है अगर मिलता है तो उचित कार्यवाही की जायेगी।

वही एक विडियों एक वेबस पिता का है जिसमे एक लाचार पिता पुलिस सिस्टम से सवाल पुछ रही है कि आखिर थाने मे पुलिस के मौजुदगी मे शादी कैसे हो गया। क्या पुलिस का इतना भी कर्तव्य नही है कि लड़की के माता पिता को सूचना दे उनकी राय ले। वही थाने के पुलिस मामले मे पला झाड़ने की कोशिश करती नजर आ रही है। कह रही है कि दोनो लोग आया और थाने मे स्थित मंदिर मे शादी कर लिया। एक पिता भी तो यही सवाल पूछ रहा है पुलिस सिस्टम से कि अगर शादी के जगह मर्डर होता तो पुलिस क्या करती ?

खैर एक बेवस पिता अब कर भी क्या सकते है बजाय अफसोस करने की जिसको खुन पसीने से पाला वह आज अपने पिता को दरकिनार कर, अपने परिजनों को त्याग कर प्रेमी का हाथ थाम लिया जिसे चार दिन पहले से जानती होगी। एक पिता के लिए तो यही मलाल जीवन भर रहेगा कि आखिरी लालन पालन मे कहाँ कमी रह गयी और अब समाज मे क्या जबाब देना है।



समाज जागरण परिवार की ओर से आप सभी देश वासियों को विश्वकर्मा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएँ

# अवधेश सिंह बनाये गए अधिवक्ता सभा के जिला उपाध्यक्ष

अयोध्या। समाजवादी पार्टी ने मिल्कीपुर तहसील के घुरेहटा गांव निवासी अवधेश सिंह को अधिवक्ता सभा अयोध्या का जिला उपाध्यक्ष बनाया है। यह पार्टी के प्रति उनकी कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का एवं जनपद के सभी पूर्व विधायकगण एवं वर्तमान विधायक का तथा पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष शाबेज जाफरी के प्रति आभार ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि हम पार्टी की नीतियों- रीतियों और संगठन को मजबूत करने के लिए हमेशा आगे आकर कार्य करने का प्रयास करेंगे। समाजवादी पार्टी की मजबूती ही मेरा उद्देश्य है।



# 'मेरा सपना है कि...' तेलंगाना विजय के लिए सोनिया गांधी का बड़ा दांव, जनता से किए 6 बड़े वादे

हैदराबाद. मेरा सपना है कि तेलंगाना में कांग्रेस सरकार बने. यह बात कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने एक रैली को संबोधित करते हुए कही. सोनिया गांधी हैदराबाद के निकट तुक्कूगुडा में जनसभा को संबोधित कर रही थीं. इस दौरान उन्होंने पार्टी की तरफ से तेलंगाना की जनता के सामने 6 गारंटियों की भी घोषणा की. उन्होंने कहा ह्यह्यहम छह गारंटी की घोषणा कर रहे हैं और हम हर गारंटी को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं."

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने रविवार को कहा कि उनका सपना है कि तेलंगाना में उनकी पार्टी की सरकार बने जो समाज के सभी वर्गों के लिए काम करेगी. उन्होंने कहा कि मुझे अपने सहयोगियों के साथ इस महान राज्य तेलंगाना के जन्म का हिस्सा बनने का अवसर मिला. अब इसे नई ऊंचाइयों पर ले जाना हमारा कर्तव्य है. उन्होंने 'महालक्ष्मी' योजना की 'गारंटी' की घोषणा की जिसके तहत कांग्रेस की सरकार बनने के बाद तेलंगाना की महिलाओं को ढाई-ढाई हजार रुपये प्रतिमाह की वित्तीय मदद देने का वादा किया.

सोनिया गांधी ने अपनी कांग्रेस की गारंटियों को गिनाते हुए जनता से कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील की. जानें कांग्रेस 6 बड़े चुनावी वादेब्व



1. महालक्ष्मी गारंटी
– महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपये की वित्तीय सहायता
– 500 रुपये में एलपीजी गैस सिलेंडर
– आरटीसी बसों में मुफ्त यात्रा

2. रायथु भरोसा गारंटी
– किसानों को सालाना 15,000 की वित्तीय सहायता
– खेतिहर मजदूरों को 12,000 की सहायता
-धान की फसल पर 500 रुपए का बोनस

3. गृह ज्योति गारंटी
– सभी घरों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली

4. इंदिरम्मा इंदु गारंटी
-जिनके पास अपना घर नहीं है उन्हें मकान और 5 लाख रुपये दिए जाएंगे
-तेलंगाना आंदोलन सेनानियों को 250 वर्ग गज के प्लॉट मिलेंगे

5. युवा विकासम
– छात्रों को 5 लाख रुपये के विद्या भरोसा कार्ड दिए जाएंगे
– हर मंडल में एक तेलंगाना इंटरनेशनल स्कूल होगा

6. चेयुथाः
– 4,000 रुपए की मासिक पेंशन
– 10 लाख रुपए का राजीव आरोग्यश्री बीमा मिलेगा

**'बीजेपी की AIMIM और बीआरएस से साझेदारी'**

राहुल गांधी ने इन छह ह्यगारंटीह्न का ब्योरा पेश करते हुए कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार बनने पर कैबिनेट की पहली बैठक में इन पर मुहर लगेगी. राहुल गांधी ने तेलंगाना की सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को ह्यबीजेपी रिश्तेदार समितिह्न करार देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव और एआईएमआईम के नेताओं के खिलाफ ईडी, सीबीआई और आयकर की कार्रवाई नहीं होती, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन्हें अपना मानते हैं.

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने भाजपा, बीआरएस और एआईएमआईएम के बीच ह्यसाझेदारीह्न होने का दावा किया और कहा कि कांग्रेस तेलंगाना में इन तीनों दलों से लड़ रही है. जनसभा के दौरान कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य और पार्टी के शासित राज्यों के मुख्यमंत्री मंच पर मौजूद थे. वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति भारतीय जनता पार्टी की ह्यबी टीमह्न है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने इस राज्य को धोखा दिया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अलग तेलंगाना राज्य का गठन करवाया, लेकिन गत नौ वर्षों में राज्य के साथ किए गए वादों को पूरा नहीं किया गया. (भाषा के इनपुट के साथ)

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर विशेष

## अतुल नेतृत्व में विकास के पथ पर भारत: संजीव मिश्रा

**पूर्णियां।**
किसी भी राष्ट्र की सुख-समृद्धि का पता इस बात से चलता है कि वहां की प्रजा कितनी सुखी है और आर्थिक, सामाजिक और वैचारिक रूप से कितनी विकसित हुई है। प्रजा का यह विकास उसके नेतृत्व की कुशलता, सामर्थ्य और दूरदर्शिता से पता चलता है। आज जब हम भारत की स्वतंत्रता के अमृतकाल का उत्सव चुके हैं, तो हम अपने सौभाग्य पर गर्व अनुभव कर सकते हैं कि जिस सक्षम, शक्तिवान और दूरदृष्टा नेतृत्व की आवश्यकता हम दशकों से अनुभव कर रहे थे, आज वैसा ही नेतृत्व हमारे पास है। एक समर्पित, सेवाभावी और सहृदय नेतृत्व, जिसकी सभी प्राथमिकताओं में जनता का कल्याण, उसके हित और उसकी सुरक्षा सर्वोपरि है। जी-20 के सफलतम आयोजन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को विश्व नेता के रूप में स्थापित कर दिया है। उक्त बात शिक्षाविद सह पैनोरमा ग्रुप के एमडी समाजसेवी संजीव मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि भारत और भारतीय जनता के लिए इस स्वर्ण युग का आरंभ वर्ष 2014 में हुआ था, जब देश में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने देश की कमान संभाली थी। तीन दशकों में यह पहली बार था, जब केंद्र में कोई गैर कांग्रेसी सरकार पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आई थी। लेकिन, यह भी पहली बार था, जब सत्ता संभालने के बाद किसी दल ने जीत का जश्न मनाने के बजाय, पहले ही दिन से उन चुनौतियों पर ध्यान देना शुरू कर दिया, जो देश औरदेशवासियों की प्रगति के राह में बाधक बनी हुई थीं। प्रधानमंत्री ने अपने पहले सार्वजनिक संबोधन में ही स्पष्ट कर दिया था कि वह प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि प्रधान (यानि जनता) के सेवक हैं, जिसका पहला उद्देश्य अपने देश और देशवासियों की सेवा करना है। और अब, जब माननीय प्रधानमंत्री जी का यह सेवाभावी व कुशल नेतृत्व दशक वर्ष में प्रवेश कर चुका है, देश और जनता को बीते नौ सालों में क्या-क्या नए अनुभव हुए हैं, क्या-क्या नई उपलब्धियां हासिल हुई हैं; इनका एक सिंहावलोकन करना काफी महत्वपूर्ण होगा।

**सेवा और संवाद**
माननीय नरेन्द्र मोदी जी का देश के प्रधानमंत्री के रूप में यह दूसरा कार्यकाल है। पहले कार्यकाल की तुलना में इस कार्यकाल में बहुत सारी नई-नई चीजें शामिल हुई हैं और हो रही हैं। लेकिन जो नहीं बदला, वह है नेतृत्व में देश और देश के नागरिकों की सेवा की भावना और सरकार के हर फैसले में जनता की सहभागिता । ये चीजें पहले कार्यकाल में भी प्रमुखता से मौजूद थी, इस बार भी हैं। 'सबका साथ, सबका विकास', महज चार शब्दों का नारा नहीं, बल्कि एक वास्तविकता है, जिसे देश की जनता ने बीते नौ सालों में पूरी शिद्दत के साथ अनुभव किया है।
अगर हम पिछले एक दशक में देश की जनता के लिए वर्तमान सरकार द्वारा किए गए सेवा कार्यों की सूची बनाना शुरू करें, तो यह बहुत लंबी हो जाती है। इन कार्यों में जो सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं, उनमें पहला है।डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर योजना। इसने सरकारी राहतों और लाभान्वितों के बीच की दूरी को पाटते हुए उन तमाम बिचौलियों को बाहर का रास्ता दिखाया, जो राहत राशि का एक बड़ा हिस्सा बीच में ही खा जाते थे, और उसका एक बहुत छोटा हिस्सा ही वास्तविक लाभार्थी को मिल पाता था। नौ सालों में यह योजना कितना विस्तृत रूप ले चुकी है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बीते वित्त वर्ष (2022- 23) में, भारत सरकार के 53 मंत्रालयों की 312 योजनाओं के अंतर्गत कुल 670 करोड़ ट्रांजेक्शन हुए, जिनमें कुल 6,74,484 करोड़ रुपये, डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभान्वितों के खातों में जमा हुए। इससे न सिर्फ अधिक




लोगों का लाभ हुआ, बल्कि बीच के भ्रष्टाचार और सुस्त गति से भी निजात मिली। सेवा भाव का अगला सबसे बड़ा उदाहरण श्री नरेंद्र मोदी जी की पहल पर आरंभ प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना है। एक स्वस्थ भारत के निर्माण का लक्ष्य हासिल करने की ओर बढ़ते हुए इस योजना में अब तक 12 करोड़ परिवारों के लगभग 55 करोड़ लाभार्थियों को जोड़ा जा चुका है, जिन्होंने इसे विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना बना दिया है। जन सेवा से संबंधित योजनाओं की इसी श्रृंखला में करीब दस करोड़ लोगों को गैस सिलेंडर पर सब्सिडी प्रदान करने वाली उज्ज्वला योजना है, जो वर्ष 2016 से चल रही है। इसके तहत, बीते वित्त वर्ष में 6100 करोड़ रुपये प्रदान किये गए हैं तथा चालू वर्ष के लिए 7680 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है। 2017 में लॉन्च सौभाग्य योजना है, जिसके तहत हर घर में बिजली पहुँचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। सौभाग्य के माध्यम से,मार्च 2021 तक देश के 2.82 करोड घरों में बिजली पहुँचाई जा चुकी थी।
स्वास्थ्य, ईंधन और बिजली के अलावा आम जन को जिस चीज की सबसे ज्यादा जरुरत होती है, वह है पीने के लिए स्वच्छ जल 'हर घर नल' के नाम से लोकप्रिय, केन्द्र सरकार का जल जीवन मिशन इस दिशा में एक बहुत सशक्त और महत्वाकांक्षी पहल है। 3.60 लाख करोड़ के बजट वाले इस राष्ट्रीय मिशन के तहत वर्ष 2024 तक देश के प्रत्येक घर में नल का कनेक्शन पहुँचाया जाएगा, ताकि पीने के पानी के लिए किसी को भी दूर न जाना पड़े। सिर्फ 20 रुपये के सालाना प्रीमियम पर दो लाख रुपये की दुर्घटना बीमा योजना, सालाना 436 रुपये में दो लाख रुपये की प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना, अंत्योदय अन्न योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मान धन योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, हाउसिंग फॉर ऑल, ऐसी दर्जनों योजनाएं और कार्यक्रम हैं, जो केन्द्र सरकार द्वारा आम आदमी के हित को ध्यान में रखकर चलाए जा रहे हैं। इनसे करोड़ों लोग लाभान्वित हुए हैं और हो रहे हैं। ये योजनाएं साक्षी हैं इस बात की कि प्रधानमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार को अमली जामा पहनाते हुए गति और गुणवत्ता, दोनों का ध्यान रखते हुए यह सुनिश्चित किया है कि सरकार की योजनाओं और पहल का लाभ समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुँच सके। जहां तक संवाद और सम्पर्क की बात है, तो प्रधानमंत्री ने सत्ता को नेतृत्व में बदलकर उस खाई कोपूरी तरह पाट दिया है, जो वर्ष 2014 से पूर्व देश की जनता और शासकों के बीच में स्थायी रूप से मौजूद नजर आती थी। एक तरफ 'मन की बात' जैसा कार्यक्रम है, जिसने देश की जनता को प्रधानमंत्री से सीधे जोड़ने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महीने के अंतिम रविवार को आकाशवाणी व दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम ने अप्रैल 2023 में सौवां पड़ाव पार कर लिया है। 'मन की बात' ने जनता और सरकार के बीच एक ऐसे पुल का कार्य किया है, जिससे सरकार को देश की नब्ज भांपने और आम आदमी से जुड़े मुद्दों का निराकरण करने में मदद मिली है, वहीं अवाम को भी देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का अहसास कराया है। इसी तरह भारत सरकार का पोर्टल वलभ 1. द्वठू है, जो जनता को सरकारी निर्णयों की प्रक्रिया और नीति निर्माण में सीधी भागीदारी के अवसर प्रदान करता है। 26 जुलाई, 2014 को आरंभ इस पोर्टल को लेकर देश की जनता में कितना उत्साह है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वर्तमान में इस पोर्टल के साथ 97.32 लाख रजिस्टर्ड यूजर जुड़े हुए हैं।

**जन जागरण का दशक**
एक सशक्त और कुशल नेतृत्व किस तरह एक विचार को राष्ट्रीय आंदोलन में बदल सकता है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाये गए 'स्वच्छ भारत अभियान', 'बेटी बचाओ- , बेटी बढ़ाओ', 'जन धन योजना' जैसे अनगिनत अभियानों व योजनाओं की सफलता इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। 'जन धन योजना' उस आबादी के लिए किसी वरदान से कम नहीं थी, जिसकी आजादी के 67 साल बाद भी बैंकिंग सेवाओं तक पहुँच नहीं थी। 28 अगस्त को 'जन धन योजना' की शुरूआत की गई औरप्रधानमंत्री का आह्वान इतना प्रभावशाली साबित हुआ कि इस योजना के तहत सिर्फ एक साल के भीतर ही 19.72 करोड़ बैंक खाते खुल गए, जिनमें करीब 29 हजार करोड रुपए जमा हुए। इसी उत्साह का नतीजा था कि जन धन के अंतर्गत एक सप्ताह में सबसे अधिक 1,80,96,130 बैंक खाते खोले जाने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बना। 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' की शुरूआत माननीय प्रधानमंत्री ने 22 जनवरी, 2015 को पानीपत, हरियाणा में की थी। इस योजना से शिशु लिंग अनुपात में कमी को रोकने में मदद मिली है और महिलाओं के सशक्तीकरण से जुड़े मुद्दों को भी प्रोत्साहन मिला है। यह योजना महिला और बाल विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा मानव संसाधन मंत्रालय जैसे तीन बेहद महत्वपूर्ण मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित की जा रही है। इस मिशन के तहत कन्या शिशु के प्रति समाज के नजरिए में परिवर्तनकारी बदलाव लाने के लिए राष्ट्रव्यापी जागरूकता और प्रचार अभियान चलाए गए हैं। बुनियादी स्तर पर लोगों को प्रशिक्षण देकर, संवेदनशील और जागरूक बनाकर उनकी सोच को बदलने पर जोर दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में हरियाणा के बीबीपुर के एक सरपंच की तारीफ की, जिसने 'सेल्फी विद डॉटर' की शुरूआत की। प्रधानमंत्री ने लोगों से बेटियों के साथ अपनी सेल्फी भेजने का भी अनुरोध किया और देखते ही देखते यह आइडिया सुपरहिट हो गया। भारत और दुनिया के कई दूसरे देशों मेंरहने वाले लोगों ने अपनी-अपनी बेटियों के साथ सेल्फी भेजी। 'स्वच्छ भारत' तो अपने आप में एक ऐसा अद्वितीय अभियान है, जिसने हर देशवासी को गर्व से भर दिया है। स्वच्छ भारत मिशन की आशातीत सफलता ने हमें आश्वस्त किया है कि हम भारतवासी अपने कर्तव्यों के लिए कितने सजग व संवेदनशील हैं। जन आंदोलन की ये भावना स्वच्छ भारत मिशन की सफलता का आधार है। 2014 में भारत को खुले में शौच से मुक्त करने का संकल्प 10 करोड़ से ज्यादा शौचालयों के निर्माण के साथ पूरा हो गया है। स्वच्छता की वजह से गरीब के इलाज पर होने वाला खर्च अब कम हुआ है। इस अभियान ने ग्रामीण इलाकों, आदिवासी अंचलों में लोगों को रोजगार के नए अवसर भी दिए हैं। कचरा सड़कों, गलियों की बजाए अब वेस्ट कलेक्शन और वेस्ट सेग्रीगेशन का हिस्सा बन रहा है। आज स्वच्छता एक आदत और एक संस्कृति बन चुकी है। अब अगर कहीं गंदगी दिखती है, तो लोग स्वच्छता ऐप के माध्यम से उसे रिपोर्ट करते हैं और दूसरे लोगों को जागरूक भी करते हैं। स्वच्छ भारत अभियान से हमारी सामाजिक चेतना, समाज के रूप में हमारे आचार-व्यवहार में भी स्थाई परिवर्तन आया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन तक ने स्वच्छ भारत मिशन की सराहना की है और कहा है कि इससे लाखों लोगों की जान बची है, जो गंदगी के कारण होने वाली भीषण बीमारियों के चलते अपना जीवन गंवा सकते थे।इसी तरह 'खेलो इंडिया', 'फिट इंडिया' जैसे अनगिनत जनजागृति वाले अभियानों की सफलता हमारे सामने है। जो यह साबित करती है कि अगर नेतृत्व में इच्छाशक्ति व कल्पनाशक्ति है, तो कोई लक्ष्य असंभव नहीं है। मुद्दा कोई भी रहा हो, प्रधानमंत्री मोदी जी की मौलिकता और उद्देश्यों की शुचिता ने उसे जन जागरण में बदल दिया है।

**सुशासित भारत**
जिस समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की कमान सँभाली थी, उस समय शासन और प्रशासन की जो स्थिति थी, वह किसी से छिपी नहीं है। भुक्तभोगी जानते हैं कि कैसे उस समय हर जगह सुस्ती और लालफीताशाही का बोलबाला था। किसी भी काम के लिए सरकारी कार्यालयों में जाना किसी दुस्वप्न से कम नहीं होता था। दो-दो मिनट के कामों के लिए दो-दो घंटे लाइन में लगना पड़ता था। नई सरकार ने आम जनता की पीड़ा को समझा और डिजिटल तकनीक को अपनाते हुए सरकार के अधिक से अधिक कार्यों को ऑनलाइन करने की शुरूआत की। और 1 जुलाई, 2015 को 'डिजिटल इंडिया' के रूप में एक ऐसे विराट अभियान का आरंभ हुआ, जिसने देखते ही देखते पूरे प्रशासन का कायापलट ही कर दिया। इस अभियान का आगाज ऑनलाइन इंफ्रास्ट्रक्चर सुधारने और इंटरनेट कनेक्टिविटी बढ़ाकर नागरिकों को अधिकतम सरकारी सेवाएं इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उपलब्ध कराने तथा देश को डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सशक्त बनाने के उद्देश्य के साथ किया गया था। यह मिशन बेहद कामयाब रहा। डिजीलॉकर, कोविड वैक्सीनेशन, डिजीयात्रा, यूपीआई भुगतान की सुविधा, फास्टटैग ... हमारी जिंदगी को बेहद आसान बनाने वाली ऐसी कितनी ही सुविधाएं आज हम डिजिटल इंडिया के तहत हासिल कर रहे हैं।

## राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष हजरत अजहरुद्दीन की अध्यक्षता में हुई जिला कार्यकारणी की एक दिवसीय बैठक

**अररिया।**
राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला कार्यकारणी की एक दिवसीय बैठक अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष हजरत अजहरुद्दीन जी के अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक जनाब नवाज आलम उर्फ अनवर आलम साहब उपस्थित हुए। बैठक में सम्मानित अतिथि के तौर पर राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री जनाब शाहनवाज आलम जी पूर्व सांसद पूर्व मंत्री बिहार सरकार जनाब सरफराज आलम जी ,राजद जिला अध्यक्ष मनीष यादव जी प्रधान महासचिव मनोज विश्वास जी उपस्थित हुए कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायत एवं बुथ स्तर पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ को मजबूती प्रदान करना था, राजद जिला अध्यक्ष मनीष यादव जी ने बैठक को संबोधित करते हुए अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष को भरोसा दिलाया कि आपके हर कदम पर राष्ट्रीय जनता दल आपके साथ मजबूती से खड़ी है , कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आपदा प्रबंधन मंत्री ने वोट कटुओं से आगाह करने का काम किया साथ ही कहा आने वाला चुनाव हम सबों के लिए एक चुनौती है जिसे समवेत प्रयास से ही हम सफल कर सकते हैं वहीं पूर्व सांसद ने कार्यकताओं से सभी गिले शिकवे को दूर कर पार्टी हित में संघर्ष करने का निवेदन किया अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्य अतिथि जनाब नवाज आलम साहब ने विस्तार से बताया की क्यों अल्पसंख्यक समुदाय का कर्तव्य बनता है कि हम हम राष्ट्रीय जनता दल के लिए मतदान करें उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव जी ने न केवल अल्पसंख्यक आयोग का गठन करवाया बल्कि लालकृष्ण आडवाणी के दंगाई रथ को रोकने और उन्हें गिरफ्तार करने का काम किया उन्होंने कहा कि आज भी राजद अकलियतों वंचितों दलित शोषितों के हितों की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कम कर रही है और देशभर में भारतीय जनता पार्टी के फासीवादी दंगाई साजिशों का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए इंडिया गठबंधन का निर्माण किया गया है उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय से निवेदन करते हुए कहा किसी विभाजनकारी ताकतों के झंसे में नहीं आना है हमें हमारे हक हकूक के लिए लड़ने वाले रहनुमा लालू प्रसाद यादव जी के हाथों को मजबूती प्रदान करनी है बैठक को राष्ट्रीय जनता दल अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव शत्रुघ्न मंडल, जिला उपाध्यक्ष सरवर आलम जी, महिला राजद जिलाध्यक्ष लवली नवाब जी एवं अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। वहीं इस कार्यक्रम में पुर्व जिलाध्यक्ष



सुरेश पासवान, जिला प्रवक्ता जगदीश झा गुड्डू रामनारायण विश्वास , अविनाश आनंद अररिया प्रखंड अध्यक्ष मो नसीम जी युवा राजद के प्रधान महासचिव मोहतसिम अख्तर असलम रहमानी , अतिकुर रहमान , डा तस्दीक आर्यन मोहम्मद नूरुद्दीन इरशाद गजवी अब्दुस समद इंजमाम लड्डू आदि सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## देव थाना के पुलिस ने एक शराब कारोबारी को भेजा जेल।

**दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 17 सितंबर 2023: -**
औरंगाबाद जिले के देव थाना के पुलिस ने 25,260 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक शराब कारोबारी को धर दबोचा है और उसे जेल भेज दिया है शराब कारोबारी को



पहचान कुंदन कुमार उम्र 21 वर्ष पिता स्वर्गीय उदय सिंह ग्राम प्रीतम बीघा थाना देव के रूप मे की गई है देव थाना प्रभारी राजगृह प्रसाद ने बताया कि ग्राम प्रीतम बीघा स्थित मुर्गा फार्म के बगल के झाड़ी में से 25.560 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ पकड़े जाने पर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है'

## जोकीहाट पुलिस द्वारा 300 बोतल कफ सिरप के साथ दो मोटर साईकिल को किया जप्त

**जोकीहाट ।**
जोकीहाट थाना पुलिस द्वारा ड्रग तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 300 बोतल प्रत्येक 100 एम एल कोरेक्स कफ सिरप के साथ 02 मोटर साईकिल को किया जप्त किया।

## कविता मिश्रा व संजीव मिश्रा ने पूजा अर्चना कर अपने स्वजनों के लिए ईश्वर से मांगा आशीर्वाद

**पूर्णियां।**
ई होम्स पैनोरमा में विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर पैनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कविता मिश्रा ने पूजा अर्चना किया 'साथ ही अपने स्वजनों के लिए ईश्वर से आशीर्वाद मांगा '

## उधान विकास योजना के अंतर्गत बागबान का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण, प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**
पटमदा : पटमदा प्रखण्ड के अंतर्गत बिड़रा पंचायत के माचा फार्म हाउस में , झारखंड सरकार द्वारा उद्यान विकास योजना के अंतर्गत बागबान का पांच दिवसीय प्रशिक्षण समाप्त हुआ। यहां पर उपस्थित आयोग प्रतिनिधि एजुकेशन एकादमी रांची एवं प्रायोजक जिला उद्यान पदाधिकारी (D H O )अनीता लकड़ा मैडम, सेक्रेटरी दिनेश मेहता, कार्यक्रम प्रबंधक जगदीप दास ,मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत का उप मुखिया गोपाल गोराइ, मार्केटिंग ऑफिसर प्रतीक सिंह, बुधराम हजम, गोपेन महतो ,संदीप कुमार, के उपस्थिति में 50 महिला पुरुष प्रशिक्षण लेने वाले कृषकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया एवं शुभकामनाएं दिये । साथ ही विभाग से कृषि कार्य में काम आने वाले सामान भी उपलब्ध किया गया!



## बिहार के छात्रों का कमाल! चंद्रयान से प्रेरणा लेकर बना डाला मिनी रोबोट

पूर्णिया. भारत में एक से एक प्रतिभा है. जो निरंतर कुछ नया प्रयोग करते हैं. जिसमे कई सफल होते हैं. ऐसी एक सफलता पूर्णिया इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं को मिली है. उन्होंने चंद्रयान से प्रेरणा लेकर मिनी रोबोट बना दिया. वही, मौजूद छात्रों ने कहा यह मिनी रोबोट घरों की फ्लोर सफाई के साथ मेडिकल क्षेत्रों में बहुत उपयोगी होगा. इसको कई छात्र और छात्राओं ने मिलकर तैयार किया है. आने वाले दिनों में जहां आपका हांथ नहीं पहुंचेगा वहां यह रोबेट साफ सफाई कर देगा.
पूर्णिया इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने चंद्रयान को देखकर प्रेरणा ली. सभी छात्र-छात्राओं ने मिलकर मिनी रोबोट का आविष्कार किया. उन्होंने बताया कि यह मिनी रोबोट का प्रयास अगर सफल रहा तो निश्चित तौर पर गृहणी और अन्य कई लोगों को जिन्हें घर के कई कोने में साफ सफाई करने की दिक्कतें होती हो और मेडिकल के क्षेत्र सहित ऐसी जगह पर जहां मानव को जाना दुर्लभ है

## नबीनगर के रामपुर से एक वारंटी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**
नबीनगर ( बिहार) 17 सितंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र से एक एनबीडब्ल्यू वारंटी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर पी एस आई अनीत कुमार एवम सशस्त्र बल ने छापा मारकर महाराणा प्रताप सिंह पिता रामविलास सिंह ग्राम रामपुर को उसके घर से गिरफ्तार किया है मामले में थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि महाराणा प्रताप पर कोर्ट से वारंट निर्गत था वो काफी दिनो से फरार चल रहा था गिरफ्तार किए गए अभियुक्त को न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया गया है ।



## इको सेंसेटिव जोन में चल रहा था अवैध पत्थर खनन, प्रशासन ने जब्त किया बोल्डर से लदा 2 ट्रैक्टर

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**
पटमदा : दलमा इको सेंसेटिव जोन अंतर्गत पटमदा थाना क्षेत्र के बामनी गांव के पास ठनठनी में पुलिस-प्रशासन ने छापामारी करते हुए पत्थर लदे दो ट्रैक्टर शनिवार को जब्त किया है। जिला प्रशासन के निर्देश पर पटमदा के अंचलाधिकारी चंद्रशेखर तिवारी व थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह ने दोपहर करीब 1 बजे ठनठनी घाटी में काफी दिनों से चल रहे अवैध पत्थर उत्खनन की जांच की। विशेष अभियान के दौरान करीब 200 सीएफटी स्टोन बोल्डर के साथ दोनों ट्रैक्टर को जब्त करते हुए पुलिस द्वारा थाना लाया गया। इसके बाद अंचलाधिकारी की लिखित शिकायत पर पटमदा थाना प्रभारी ने जब्त किए गए ट्रैक्टर के चालक, मालिक एवं उत्खनन में संलिप्त अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। गौरतलब हो कि यह क्षेत्र इको संसेटिव जोन अंतर्गत आता है इसलिए यहां खनन कार्य पर पाबंदी लगाई गई है इसके बावजूद खनन माफियाओं द्वारा काफी दिनों से पत्थरों की तस्करी की जा रही थी। प्राथमिकी दर्ज करने के पश्चात पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है और इस-



के कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। बताते हैं कि यहां का पत्थर विभिन्न सरकारी योजनाओं के निर्माण कार्यों में प्रयोग होने के साथ ही क्षेत्र के क्रशरों में सप्लाई की जाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार पहले तो रात के अंधेरे में इस अवैध कारोबार को अंजाम दिया जाता था लेकिन धीरे-धीरे खनन माफियाओं का दुस्साहस बढ़ता गया और अब पिछले कई महीनों से दिन के उजाले में ही खनन कार्य करते हुए मुख्य सड़क पर ही ढुलाई का कार्य किया जा रहा था। करीब एक माह पूर्व झामुमो के पटमदा प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रखंड प्रमुख द्वारा अलग-अलग रूप से जिला प्रशासन से लेकर राज्य के मुख्यमंत्री तक लिखित शिकायत की गई थी।

## युवा को मिला मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत रोजगार । नबीनगर में,, बजरंग भोग आटा चक्की,, का उद्घाटन।

**दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार**
नबीनगर के कॉलेज मोड़ के समीप विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर,, बजरंग भोग,आटा चक्की का उद्घाटन समाजसेवी अभय वैद्य एवं टंडवा पंचायत के पूर्व मुखिया श्रीमती मधुबाला वैध ने संयुक्त रूप से पिता काट कर किया। उक्त मौके पर श्री वैद्य ने बताया कि,, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गत बेरोजगारों को रोजगार के क्षेत्र में बड़ा आधार मिला है। जिससे युवा रोजगार पा सकेंगे। और सभी बेरोजगार युवक मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत लाभान्वित होकर



अपनी बेरोजगारी को रोजगार में तब्दील करें जिसके लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना का लाभ लेते हुए श्री शिव मंगल पांडे ने बताया कि यह बहुत अच्छी योजना है। जिसे बैंक के माध्यम से मुझे 10 लाख आटा चक्की एवं बेसन उद्योग के लिए स्वीकृत की गई है। अब जहां मैं स्वयं को रोजगार पाया है वहीं इस उद्योग से दूसरों को रोजगार मिलेगा। हमारी कोशिश होगी कि आटा और बेसन जहां घर घर की रसोई में उपयोग किया जाता है वही हम शुद्ध और उच्च क्वालिटी की आटा और बेसन उनके घरों तक पहुंचाने के दिशा में संकल्पित हैं और हमारा मुख्य उद्देश्य होगा । जिससे लोग स्वस्थ जीवन जी सकें। उक्त मौके पर उक्त , दिनेश पाठक, रामजीत शर्मा,प्रेमचंद मिश्र,मनीष पाठक,गुंजन पाठक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## ब्रांड से ज्यादा डिमांड में है... सड़क पर बिकने वाली यह आइसक्रीम, स्वाद का नहीं कोई लाजवाब

पटना. जब खाने-पीने की बात आती है तो लोग ब्रांडेड चीजों के पीछे ही भागते नजर आते हैं. लेकिन, आज हम जिस देसी आइसक्रीम की बात कर रहे हैं, वह किसी ब्रांड का मोहताज नहीं है. जी हां, शुद्ध रूप से घर में तैयार इस आइसक्रीम को लोग फालुदा के नाम से भी जानते हैं. राजधानी पटना के विभिन्न इलाकों में इसके कार्ट आपको आसानी से दिख जाएंगे. बजट के हिसाब से इसके रेट और लाजवाब स्वाद से लोग फालुदा की कार्ट की ओर खींचे चले आते हैं.
राजेंद्र नगर में फालुदा बेचने वाले बंटी कुमार बताते हैं कि बादाम और काजू दो तरह के फालुदा शेक उनके पास उपलब्ध हैं. जहां छोटे ग्लास की कीमत 25 रुपए है, तो वहीं बड़े साइज के ग्लास की कीमत 35 रुपए है. बादाम और काजू शेक के अलावा फालुदा में ऊपर से आइसक्रीम, चेरी और फ्लेवर के लिए नारियल का बुरादा भी मिलाया जाता है.

## नबीनगर मे 9 स्नातकोत्तर योग्यताधारी प्रशिक्षित शिक्षक बने प्रधानाध्यापक

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**
नबीनगर (बिहार) 17 सितंबर 2023 शिक्षा विभाग ने बड़े पैमाने पर स्नातकोत्तर योग्यताधारी प्रशिक्षित शिक्षकों को अपने ही वेतनमान मे प्रधानाध्यपक के पद पर पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक पदस्थापित किया है।नबीनगर प्रखंड मे 9 स्नातकोत्तर योग्यताधारी प्रशिक्षित शिक्षक पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक बनाए गए हैं जिनमें मध्य विद्यालय चंद्रगढ़ मे राजेश कुमार सिंह, मध्य विद्यालय पाढ़ी मे सुरेंद्र कुमार, मध्य विद्यालय गुरदी मे प्रहलाद प्रसाद, मध्य विद्यालय इटवा मे दिलीप कुमार, मध्य विद्यालय सिकरिया मे ललन प्रसाद सिंह, मध्य विद्यालय गोगो मे राजबिहारी प्रसाद, मध्य विद्यालय सरातु मे महेंद्र मोची ,मध्य विद्यालय रेगानिया मे सिरध्वज सिंह और राजबरिया कला मे जयचंद राम प्रधानाध्यापक बनाया गया है।



# बैठक में प्रयागराज मण्डल के सभी जिलाध्यक्ष व कार्यकर्ता माजूद रहे सभा का संचालन नरसिंह यादव जिला सचिव फतेहपुर ने किया

## कार्यकताओं ने कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष माननीय जगनायक सिंह यादव का किया फूल मालाओ से जोरदार स्वागत

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की इलाहाबाद में मंडलीय स्तरीय बैठक दीपा गेस्ट हाउस अल्लापुर में संपन्न हुई जिसमें सभा का संचालन नरसिंह यादव जिला महासचिव फतेहपुर ने किया जिसमें सभी पदाधिकारियों ने कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष माननीय जगनायक सिंह का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया सभी लोगो ने संगठन के लिए अपने अपने विचार रखे जिसमें इलाहाबाद प्रतापगढ़ और कौशांबी जिला अध्यक्षों को लेकर विचार विमर्श किया गया इलाहाबाद में गंगा पार और जमुना पार जिला अध्यक्ष और शहर अध्यक्ष के लिए



गठन के लिए चर्चा हुई और महिला सभा का भी गठन किया जाएगा और युवा यादव महासभा का भी संगठन मजबूती से बनेगा लोगों से विचार विमर्श किया गया इसके बाद संगठन में कमेटी जल्द बनाई जाएगी। इस मौके पर मुन्ना यादव भागीरथी यादव अनिल यादव दीनानाथ यादव अशफीर्लाल शास्त्री अमरनाथ सीता शरण यादव मंजू यादव सुषमा यादव सुधाकर सिंह यादव नत्थू यादव धीर सिंह यादव मंडल अध्यक्ष दिवाकर सिंह यादव सागर यादव महेंद्र यादव विपिन यादव विवेक धीर सिंह यादव मीडिया प्रभारी फतेहपुर विष्णु यादव संजय यादव तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जिले में बड़े धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

**विश्वकर्मा जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों के साथ, लोगों ने लोहे के औजार का किया पूजा अर्चना।**

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। जिले के इटवा तहसील अंतर्गत ग्राम सोहना में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर विश्वकर्मा भगवान की झांकी भी निकली गई। जिसमें विभिन्न गांव से आए लोगों ने अपने लोहे के औजार को भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति के सामने रखकर पूजा अर्चना किया। वहीं प्रदीप विश्वकर्मा उर्फ बब्लू ,ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की पूजा सितंबर माह में बड़े ही धूमधाम से मनाई जाती है और विश्वकर्मा भगवान की पूजा पूरे विधि-विधान से की जाती हैं। धर्मशास्त्रियों के अनुसार विश्वकर्मा जी ब्रह्मा जी के सातवें पुत्र और सृष्टि के पहले शिल्पकार और इंजीनियर थे और भगवान



विश्वकर्मा जी ने ही देवी-देवताओं के लिए तमाम अस्त्र-शस्त्र समेत स्वर्गलोक, इंद्रलोक, लंका नगरी, द्वारिका नगरी आदि का निर्माण किया था, विश्वकर्मा भगवान सभी शिल्पकारों वास्तुकारों के इष्टदेव हैं और ब्रह्मा के पुत्र एवं संपूर्ण ब्रह्मांड के दिव्य शिल्पकार थें भगवान विश्वकर्मा ने ही इंद्रपुरी, द्वारिका, हस्तिनापुर, स्वर्गलोक, लंका और जगन्नाथपुरी का निर्माण करवाया था. इसके साथ ही भगवान शिव त्रिशूल और विष्णु भगवान का सुदर्शन चक्र भी तैयार किया था इस पूजा में उपस्थित, दान बहादुर विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा , सुनील विश्वकर्मा, उदय राज भारती, अश्वनी कश्यप, अजीत कुमार, छोटू श्रीवास्तव, बजरंगी अग्रहरि, रत्न सोनी ,रवि विश्वकर्मा, मंसाराम शर्मा, संतोष विश्वकर्मा, त्रिभुवन विश्वकर्मा, गांव के आदि लोग उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त राज्यकर्मी से प्लॉट के नाम पर लाखो रुपए हरियाणा निवासी दंपत्ति ने हड़पे।

**अरुण सिंह समाज जागरण ब्यूरो लखनऊ।**

लखनऊ। आशियाना निवासी सेवानिवृत्त कर्मी से प्लाट बेचने के नाम पर हरियाणा के रहने वाले पति पत्नी ने लाखो रुपए ठग लिए, और प्लाट की रजिस्ट्री भी नहीं किया। लम्बे समय तक टरकाने के बाद अब फोन भी उठाना बंद कर दिया। जिसपर पीड़ित ने आशियाना थाने पर,नामजद तहरीर दी, पुलिस शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जाँच में जुटी है।

आशियाना थाना क्षेत्र के सेक्टर "जे, रेल नगर कॉलोनी में रहने वाले सुशील कुमार राज्य सरकार की सेवा से सेवानिवृत्त हैं। पीड़ित के मुताबिक उन्होने वर्ष 2019 में एलडीए की वसंत कुंज कॉलोनी में 200 वर्ग मीटर का प्लॉट 37 लाख रुपये में खरीदने के लिए हरियाणा के फरीदाबाद निवासी सुरेश कुमार अग्रवाल और उसकी पत्नी माया अग्रवाल से बातचीत की थी। आरोप है कि बीते 19 जून तक उन्होने सारी रकम अदा कर दी। इसके बावजूद दंपत्ति प्लॉट की रजिस्ट्री करने को नही तैयार हो रहे हैं। जब उन्होने सुशील का फोन उठाना बंद कर दिया, तो पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। जिसके बाद एसीपी कैंट अभिनव कुमार के आदेश पर शनिवार को दंपत्ति सुरेश अग्रवाल व उसकी पत्नी माया के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# वैगन आर ने पीछे से सफारी में मारी टक्कर दो लोग घायल

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद । थाना जसराना के एटा शिकोहाबाद मार्ग पर रविवार की दोपहर वैगन आर कार ने पीछे से सफारी में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वैगन आर में सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए भेजा गया है।

एटा के नगला बेरी निवासी राकेश कुमार अपने दो अन्य साथियों पंकज एवं अनुज कुमार के साथ फिरोजाबाद से लौटकर एटा जा रहे थे। थाना जसराना के एटा शिकोहाबाद मार्ग पर मौजूद डिग्री कॉलेज के पास अचानक उनकी वैगन आर कार अनियंत्रित हो गई। कार अनियंत्रित होकर दूसरी साइड पर खड़ी किसान नेता डॉक्टर पुष्पेंद्र यादव की सफारी कार से टकरा गई। जिसके कारण सफारी गाड़ी भी खड़े



हुए विद्युत पोल से जा टकराई। हादसे में जहां पुष्पेंद्र यादव एवं उनके साथी को मामले रूप से चोट लगी वहीं वैगन आर में सवार राकेश एवं पंकज गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने पुलिस को सूचना देने के साथ ही घायलों को उपचार के लिए जसराना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी देते हुए डॉक्टर पुष्पेंद्र यादव ने बताया कि वह अपने स्कूल जा रहे थे इसी दौरान पीछे से वैगन आर ने उनकी खड़ी हुई सफारी कर में टक्कर मारी है।

# पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने 3 करोड़ की लागत से चंद्रवाड़ जैन तीर्थ स्थल के कार्यों का किया शिलान्यास, 31 फुट की राजा चंद्रसेन की प्रतिमा भी होगी स्थापित पर्यटन मंत्री

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। जनपद में पर्यटन विकास की 103 करोड़ की परियोजनाओं से जनपद में होगा पर्यटन विकास

जनपद में 15 करोड़ की लागत से बनाया जाएगा ग्लास म्यूजियम

बाबा नीम करोरी की जन्मस्थली को 11 करोड़ की लागत से तीर्थ स्थल पर्यटन विकास के कार्य कराए जाएंगा

नसीरपुर रपड़ी क्षेत्र बटेश्वर यमुना क्षेत्र को इको टूरिज्म के रूप में किया जाएगा विकसित इसके लिए 100 करोड़ से अधिक की धनराशि की गई है स्वीकृत



फिरोजाबादउत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज रविवार को चंद्रवाड़ जैन तीर्थ स्थल के 3 करोड़ के पर्यटन के विकास कार्यों का शिलान्यास के दौरान अपने उद्बोधन में कहे। उन्होंने कहा कि काशी के भांति ही बटेश्वर से लेकर मथुरा वृंदावन तक तीर्थ स्थल व पर्यटन के रूप में विकसित किया जाएगा जिसमें नौका विहार, क्रूज चलाए जाएंगे और यमुना आरती घाट विकसित किए जाएंगे, जहां मां यमुना की आरती की जाएगी उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश में तीर्थ स्थलों के विकास व पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सैकड़ो करोड़ की परियोजनाएं व कार्यों को करा रही है। इसके लिए पर्यटन विभाग पूरी क्षमता से पर्यटन के कार्यों में तेजी ला रहा है। परिणाम स्वरूप इस वर्ष प्रदेश में 31 करोड़ से अधिक पर्यटकों का आगमन हुआ है जिससे प्रदेश के स्थानीय नागरिकों को रोजगार मिला है और उनकी आय भी बड़ी है। इस मौके पर सदर विधायक मनीष असीजा, जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष राकेश संखवार , सहित बहुत से भाजपाई उपस्थित थे।

# भैंस के चारा खाने का विवाद खूनी संघर्ष में बदला, दबंगों ने पिता-पुत्री व पुत्र को किया मरणासन्न

*पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में कराया भर्ती*

*पुलिस ने हमलावर दबंग पिता-पुत्रों के खिलाफ सख्त कार्यवाही का पीड़ितों को दिलाया भरोसा*

*चांदपुर थाना क्षेत्र के देवचली गांव का मामला*

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र के देवचली गांव में एक मामूली विवाद में दबंग पिता-पुत्रों ने एक गरीब परिवार पर लाठी-डंडो व धारदार हथियार से ऐसा कहर बरपाया कि जिसने भी इस घटना को देखा उसके रोंगटे खड़े हो गए।

दबंग पिता-पुत्रो की मार से घायल पीड़ित नत्थू पुत्र भगत ने बताया कि कि उन लोगों का गुनाह केवल इतना है कि उनकी चरही पर पड़ोस के किशोरी पुत्र घसीटे की भैंस छूटकर आ गई थी और चारा खाने लगी थी जिस पर उसकी पुत्री रेनू किशोरी की भैंस को हॉकने लगी तथा भैंस को बाँधने के लिए आवाज लगाने लगी। बस इसी बात पर पड़ोसी किशोरी आ गए और पुत्री को गाली-गलौज देना शुरू कर दिया। पीड़ित नत्थू ने बताया कि जब गाली- गलौज का विरोध किया गया तो किशोरी के पुत्र बउवन, छोटू व अजय भी बाहर निकल आए और उसकी पुत्री रेनू को बुरी तरह मारने-पीटने लगे। पुत्री की चीख



पुकार सुनकर उसका पुत्र राशिद मौके पर पहुंच गया और बहन को बचाने का प्रयास करने लगा। उसने बताया कि जब इस मामले की जानकारी उसे हुई तो वह भी मौके पर पहुंच गया जिस पर उक्त दबंग पिता-पुत्रों ने हम लोगों के ऊपर हमला कर दिया और लाठी-डंडो व धारदार हथियार से प्रहार कर मरणासन्न स्थिति में छोड़कर भाग गए। इस हमले की सूचना पड़ोसियों ने पुलिस को दी जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हम लोगों की हालत चिंताजनक देखते हुए आनन-फानन में अमौली स्वास्थ्य केंद्र में ले गए, जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पीड़ित ने बताया कि जिला अस्पताल में उन लोगों का उपचार चल रहा है, जबकि उनके गांव के पड़ोसियों के द्वारा यह जानकारी अभी भी प्राप्त हो रही है कि हमलावर दबंग पिता-पुत्र अभी भी खुलेआम घूम रहे हैं और हम लोगों को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, जबकि पुलिस हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का घायल पीड़ित पक्ष को भरोसा दिला रही है।

# पीएम के जन्मदिन पर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन।

*भाजपाइयों ने केक काटा और मंदिर में पूजा अर्चना कर पीएम के दीघार्यु की कामना की।*

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के अवसर पर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में जिले के प्रभारी और नगर विकास मंत्री ए के शर्मा ने शिरकत की। प्रभारी मंत्री एके शर्मा ने जनपद मुख्यालय के नगर पालिका के बाल्मीकि नगर में सुबह सड़कों की सफाई कर स्वच्छता अभियान को और प्रभावी बनाने का प्रयास किया। इसके बाद प्रभारी मंत्री जनपद मुख्यालय स्थित पुरानी नौगढ़ वृद्ध आश्रम गए जहां उन्होंने बेसहारा वृद्ध पुरुष महिलाओं में फल वितरित किया। और अंग वस्त्र शाल देकर उन्हें सम्मानित किया। प्रभारी मंत्री ने जनपद मुख्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत की जहां महिलाओं ने प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर केक काटा मंदिर में



पूजा अर्चना कर उनके दीघार्यु होने की कामना भी की। इस कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री एके शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 5 दर्जन से अधिक लोगों को उनके सपनों का घर आवास की चाबियां सोपी मीडिया से बात करते हुए प्रभारी मंत्री एके शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस पर उनके दीघार्यु होने की कामना करते हुए कहा कि आज पूरे भारत में जितने हर्ष और उल्लास के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस मनाया जा रहा है। इससे उनकी लोकप्रियता का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर पूरे भारत में विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है।

# पत्नी से अनबन से परेशान युवक ने लगाई खुद को आग।

*गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती।*

*सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली क्षेत्र की घटना।*

**लखनऊ।संवाददाता**

लखनऊ।अर्जुनगंज बाजार के पास, सुल्तान पुर रोड पर एक युवक ने,रविवार दोपहर बाद करीब 4 बजे,अपने ऊपर मिट्टी का तेल डालकर आग ली,युवक को आग की लपटों में घिरा देख कर अफरा तफरी मच गई।मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया, और युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक, आसाराम 35 वर्ष,पिता का नाम नवमी लाल, ग्राम सरसावा,थाना सुशांत गोल्फ सिटी का रहने वाला है।

पिछले 1 वर्ष से अपनी पत्नी से विवाद के बाद पत्नी मायके में थी,यहां अकेले रह रहा था,पता चला कि युवक नशे का आदी है,वह अर्जुन गंज बाजार स्थित कैलाश की छोटी सी दुकान पर रात में यूं ही जाकर सो जाता था।

सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को तुरंत अस्पताल भिजवाया।

पुलिस का कहना है कि इसकी जांच की जाएगी कि यह मिट्टी का तेल कहां से लाया,और आग लगाने का कारण क्या है।

# वार्ड नंबर 29 में राठौर धर्मशाला रानी नगर गली नंबर दो कोटला रोड पर हवन यज्ञ कर मनाया गया पीएम मोदी का जन्मदिवस

*मुख्य अतिथि महापौर कामिनी राठौर, सुरेंद्र राठौर, सदर विधायक मनीष असीजा प्रमुखता से रहे मौजूद*

*कहा-भारत माता के हैं बेटे जनता के लाडले की गई उनकी दीघार्यु की कामना*

समाज जागरण -बृजमोहन सिंह

फिरोजाबाद-देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री जी की दीर्घ आयु हेतु हवन यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन वार्ड नंबर 29 में राठौर धर्मशाला रानी नगर गली नंबर दो कोटला रोड पर किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महापौर कामिनी राठौर, सुरेंद्र राठौर, सदर विधायक मनीष असीजा, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष राकेश शंखवार, पार्टी के समस्त वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पदाधिकारीगण के अलावा पार्षद ऊषा देवी, पार्षद प्रतिनिधि डीपी सिंह राठौर मंडल उपाध्यक्ष भाजपा आदि



उपस्थित रहे। सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि मोदी जी भारत माता के बेटे हैं भारत की जनता के लाडले हैं। उनका जन्मदिन सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है इसी क्रम में यह हवन यज्ञ कार्यक्रम किया गया। उनकी दीघार्यु की कामना की गई।

पुलिस का कहना है कि इसकी जांच की जाएगी कि यह मिट्टी का तेल कहां से लाया,और आग लगाने का कारण क्या है।

# मूक बधिर स्कूल में जायंट्स महिला शक्ति ने कराई खेल प्रतियोगिताये

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। खेल कूद बच्चों के लिए बहुत जरूरी है बच्चों के सर्वांगीण विकास में इनकी अहम भूमिका होती है

प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर श्री मती सौम्या चौहान एवं फेडरेशन अधिकारी की उपस्थिति में खेल कूद प्रतियोगिता कराई गई अध्यक्षा पूनम गुप्ता ने बताया कि आज मूक बधिर स्कूल में १०० मीटर रेस, कैरम प्रतियोगिता कराई गई ।प्रसाशनिक निर्देशिका प्राची अग्रवाल ने बताया कि छोटे बच्चों को कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता कराई गई सभी बच्चे बहुत उत्साहित थे बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिये समय समय पर एसी प्रतियोगिता कराते रहना चाहिए ।वित्त निर्देशिका राखी बंसल ने बताया कि १०० मीटर दौड़ में राम कुमार प्रथम, शिवम द्वितीय ,अल्तमस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया कैरम प्रतियोगिता में



फैजान प्रथम ,विशाल द्वतीय एवं आयुष तृतीय स्थान पर रहे कुर्सी दौड़ में हर्षित ,मैनकिसा ,अमन, अनन्या विजयी रहे ।

रेनू अरोड़ा, उषा पराशर ,नीता गुप्ता ,रेखा यादव ,मधु गर्ग ने बच्चों को पुरस्कार दिये ।तनु गुंजन एकता आदि की उपस्थिति सराहनीय रही ।प्रधानाचार्य दीक्षा कुलश्रेष्ठ ने सभी का आभार व्यक्त किया ।इसकी संयोजिका- मधु गर्ग ,रीना गर्ग, तनु माथुर रही ।सभी बच्चों को फ्रूटी पेन चिप्स पेंसिल भी वितरित किए गये।

# सफाई व्यवस्था ध्वस्त, डेंगू की चपेट में आये पूर्व सभासद बेदू गुप्ता

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर इन दिनों बिन्दकी नगर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है जहां देखो वहां गन्दगी का अंबार लगा हुआ जिधर देखो उधर ही बदबूदार कचरा तो सिल्ट जमी नालियां पूरी तरह से चोक पड़ी हुई कर्मचारी सुनने को तैयार नहीं नगर पालिका के बाबुओं का तो हाल यह है कि उनसे सफाई व्यवस्था को कहा जाए तो कहते हैं कि सफाई



बराबर हो रही है लेकिन जब उनसे नगर की जनता उपस्थिति रजिस्टर में स्वयं उपस्थिति दर्ज करने के लिए आग्रह करती है ताकि पता चल सके की उनके कर्मचारी क्या वाकई में सफाई करने समय से पहुंचते हैं कि नहीं तो पालिका में बैठे कर्मचारी उन्हें कानून का हवाला देते हुए ऐसा करने से मना कर देते हैं शायद ऐसा इसलिए किया जाता होगा कि कहीं ऐसे में उनकी पोल न खुल जाए लेकिन वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जब बिन्दकी नगर पालिका के पूर्व सभासद बेदू गुप्ता अपना इलाज कराने पहुंचे तो जानकारी करने पर उन्होंने ने बताया की उन्हें डेंगू हो गया है पालिका का स्वच्छ भारत अभियान का दंश वो झेल रहे हैं जो कि सिर्फ कागजों में ही सफाई की जा रही है हकीकत तो कुछ और ही है जिसके चलते ये नानाप्रकार की बीमारियां नगर में जन्म ले रहीं हैं कोई सुध लेने वाला नहीं है!?

# भारतीय जागृति मिशन के पदाधिकारियों की बैठक हुई संपन्न

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जनपद में आज दिनांक 17 सितंबर को फतेहपुर के फतेहपुर गेस्ट हाउस के भारतीय जागृति मिशन आपदाधिकारी सम्मेलन संपन्न हुए। जिसमें दिल्ली,उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड,मध्य प्रदेश एवं राजस्थान के पदाधिकारी सम्मिलित हुए।फतेहपुर में जिस स्तर पर सैकड़ों पदाधिकारियों की नियुक्त की गई।जहां जिले में हर घर तक पहुंचने का लक्ष्य दिया गया ताकि हर पीड़ित की मदद की जा सकी।जहां संस्था के संस्थापक ने कहा हमारा मुख्य उद्देश्य हर पीड़ित की



मदद करना है। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हमारा लक्ष्य राज्य को शोषित पीड़ित को मुक्त करना हमारा प्रमुख लक्ष्य है।भारतीय जागृति मिशन हर वर्ग को साथ लेकर कार्य करता है।हमारी संस्था के द्वारा व्यक्ति जुड़ सकता है।।

# मेरी माटी मेरा देश का कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अमित तिवारी

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा समस्त जनपद में मेरी माटी मेरा देश का कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में आज जनपद फतेहपुर में आज भिटौरा ब्लॉक प्रमुख अमित तिवारी ने शुभारंभ किया



मेरी माटी मेरा देश के कार्यक्रम को लेकर ब्लॉक भिटौरा में सभी ग्राम पंचायतों में किया जायेगा जिसके तहत सभी ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया गया है कि अपनी अपनी ग्राम पंचायत में मेरी माटी मेरा देश का कार्यक्रम को आयोजित करे लेकिन आज मिजार्पुर भिटारी ग्राम पंचायत में जो कि ब्लॉक प्रमुख भिटौरा अमित तिवारी का गांव है वहां पर भी इस कार्यक्रम का आयोजन आज किया गया । इस मौके पर भिटौरा ब्लॉक प्रमुख अमित तिवारी के साथ तमाम कार्यकर्ता एवं जनता मौजूद रही।

# डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा डेंगू बचाव एवं जागरूकता अभियान चलाया गया।

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

आज इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा डेंगू बचाव एवं जागरूकता अभियान चलाया गया।जिसके अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय महारथी के 67 एवं मदरसा इस्लाहुल अत्फाल स्कूल के 60 कुल



127 बच्चों को डेंगू के संक्रमण को कम करने व रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होमियोपैथिक औषधि प्रदान की गई।साथ ही डेंगू से बचाव हेतु फुल बांह के कपड़े पहनने, घर व स्कूल में स्वच्छता का ध्यान रखने एवं कहीं भी रुके व एकत्र पानी को हटाने के लिए कहा क्योंकि रुके हुए पानी मे मच्छर का जन्म होता है और डेंगू का मच्छर एडीज अधिकतर दिन में ही काटता है।इस अवसर पर प्रधानाचार्या वन्दना गुप्ता, इरशाद अहमद सहित सभी अध्यापक व अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीघार्यु के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष गीता दिवाकर द्वारा हुआ हवन का आयोजन।

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर एक हवन का मक्खनपुर की शिव मंदिर पर नगर पालिका अध्यक्ष मक्खनपुर गीता देवी दिवाकर द्वारा किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीघार्यु की मनोकामना की।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोग पूर्व विधायक ओमप्रकाश वर्मा, नगर पंचायत मक्खनपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि दिलीप लोधी, उमाकांत गुप्ता, अनार सिंह कुशवाहा, श्रीमती मालती धनकर, सत्येंद्र पथरिया, रंजीत भाई, आदि भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

### हरियाणा में प्रोम को माना जा रहा सबसे प्रभावी

# प्रोम खाद साबित हो रही डीएपी का बेहतरीन विकल्प

## मानकों पर खरा उतरने पर इस पर उपदान देने की होगी सिफारिश

**विनोद कश्यप, प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा /पंजाब**

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा में गाय के गोबर से बनी ह्यप्रोमह्न खाद डीएपी का बेहतर विकल्प साबित हो रही है। हरियाणा गोसेवा आयोग द्वारा तैयार खाद आइआइटी दिल्ली और पूसा अनुसंधान केंद्र के मानकों पर भी खरी उतरी है। केंद्रीय स्तर पर नीति आयोग ने अब प्रोम पर सब्सिडी देने की सिफारिश की है। केंद्र सरकार ने सिफारिश मानी तो किसानों को प्रोम खाद और सस्ती मिल सकेगी।

प्रदेश में खरीफ की फसल में 10 हजार एकड़ से ज्यादा में किसानों ने प्रोम का प्रयोग किया और उसके अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं। हालांकि गोबर से खाद बनाने का काम छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र व मध्य प्रदेश सहित कई अन्य प्रदेशों की गोशालों में किया जा रहा है, लेकिन हरियाणा गोसेवा आयोग द्वारा तैयार किया गया प्रोम सबसे प्रभावी साबित हुआ है। प्रदेश में 680 गोशालाएं हैं।

इनमें से रोजाना 50 लाख किलोग्राम गोबर निकलता है। हरियाणा गोसेवा आयोग ने गोबर को डीएपी के विकल्प में बदलने का जो कदम बढ़ाया था, वह सफल साबित हो रहा है। प्रदेश भर में पांच लाख से ज्यादा गोवंश हैं। गोवंश के गोबर से हर रोज 70 हजार कट्टे खाद के तैयार किए जा सकते हैं। गोबर से तैयार की खाद का फायदा यह होगा कि यह पूरी तरह जैविक होगी, जो बीमारियों से मुक्ति दिलाएगी।

मौजूदा समय में रासायनिक उर्वरकों के चलते धरती की तासीर बिगड़ रही है। उत्पादन को बढ़ाने के लिए अंधाधुंध रासायनिक खादों का छिड़काव किया जा रहा है।

कृषि क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों का मत है कि हरियाणा में वास्तव में गाय और का गोबर हजारों सालों से खेती के लिए उपयोग में लाने में हरियाणा अव्वल दर्जे पर होता था। तब घर में शुद्धिकरण के लिए, दवा,चुहला -चौंका में भोजन बनाने के अलावा चौंका और अन्य स्थानों की लिपापोती गोबर के साथ हीरो की जाती थी। ऋषि मुनियों की धरती और प्राचीन सभ्यता की इस भूमि पर गाय के विभिन्न तरीकों से आदर मान देना यहाँ की परम्परा में आज भी शामिल है।

हरियाणा गोसेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग का कहना है कि आयोग द्वारा तैयार किया गया प्रोम डीएपी का विकल्प बन रहा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा जो जैविक खेती का संकल्प लिया गया है, उसे पूरा करने में प्रोम काफी कारगर साबित हो रहा है।

नीति आयोग द्वारा केंद्र सरकार को प्रोम पर सब्सिडी देने की सिफारिश की गई है, क्योंकि इसकी लागत डीएपी से तीन गुणा कम है। बाक्स ऐसे काम करेगी खाद फसल बुआई के समय डीएपी खाद का प्रयोग किया जाता है। डीएपी खाद में फास्फोरस और नाइट्रोजन का प्रयोग किया जाता है जो पौधे में टानिक का काम करता है।

डीएपी से 45 दिन बाद खेत में रासायनिक लेयर बनती है। मगर गाय के गोबर से तैयार की गई प्रोम खाद से प्राकृतिक तौर पर मिट्टी में परत बनेगी, जिससे केंचुए पैदा होंगे। इस खाद में राक फास्टफेट व कल्चर का प्रयोग किया गया है, ये तत्व जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ाने में मददगार होंगे।

# हरियाणा पुलिस ने भरतपुर कोर्ट से बजरंग दल के कार्यकर्ता मोनू मानेसर का हासिल किया प्रोडक्शन वारेन्ट

## 25 सितम्बर को हरियाणा पुलिस राजस्थान की जेल से लेगी हिरासत में

**विनोद कश्यप, प्रभारी**
दैनिक समाज जागरण
हरियाणा/ पंजाब

चण्डीगढ़, सितम्बरः नासिर-जुनैद हत्याकांड के मामले में गिरफ्तार बजरंग दल के कार्यकर्ता और गौरक्षक मोनू मानेसर को राजस्थान जेल से हरियाणा पुलिस अपनी हिरासत में लेकर रिमांड की तैयारी में जुट गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार हरियाणा पुलिस ने भरतपुर की कोर्ट से मोनू मानेसर का प्रोडक्शन वारंट हासिल कर लिया है। कोर्ट के आदेश के अनुसार, मोनू को 25 सितंबर को राजस्थान जेल से हरियाणा पुलिस हिरासत में ले लेगी क्योंकि उसी दिन राजस्थान से उसकी न्यायिक हिरासत समाप्त हो रही है।



मोनू मानेसर को प्रोडक्शन वारंट, हरियाणा पुलिस पकड़ कर लाएगी राजस्थान जेल से रिहाई के तुरंत बाद

### मोनू मानेसर के खिलाफ पटौदी में दर्ज है हत्या के प्रयास का मामला

हरियाणा के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि 6 फरवरी को पटौदी पुलिस स्टेशन में मानेसर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। मोनू पर कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर दो समुदायों के बीच झड़प में 4 लोगों को घायल करने का आरोप लगाया गया था। उस मुठभेड़ में मोहिन खान (20) नामक व्यक्ति को गोली लगी थी। मोहिन के पिता ने अपनी शिकायत में कहा कि उनका बेटा बाजार में था तो उस पर एक अज्ञात व्यक्ति ने दनादन गोलियां चला दीं। मोहिन के चाचा ने आरोप लगाया कि बजरंग दल के कुछ सदस्य वहाँ बंदूक लेकर घूम रहे थे।

### वीडियो में बंदूक से दनादन गोलियाँ बरसा रहा मोनू मानेसर

पुलिस ने अज्ञात लोगों पर आईपीसी की धारा 307 और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था, लेकिन सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया था जिसमें घटनास्थल पर मोनू मानेसर के पास बंदूक थी और वह तब फायरिंग करते हुए दिखाई दे रहा था, मौका के सबूतों के आधार पर मोनू का नाम आरोपी के रूप में जोड़ा गया था।

### 12 सितंबर को किया था गिरफ्तार

हरियाणा पुलिस ने मोनू मानेसर को मंगलवार (12 सितंबर) को गिरफ्तार किया था। उस पर 31 जुलाई को नूंह में हुई हिंसा से पहले भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट डालने का केस है। नूंह पुलिस की साइबर क्राइम ब्रांच ने उसे गुरुग्राम में मानेसर के मार्केट से पकड़ा। वह इसी गांव का रहने वाला है।

मोनू को नूंह कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने उसका रिमांड मांगा, लेकिन कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भौंडसी जेल भेज दिया। मोनू मानेसर पर भिवानी में हुए राजस्थान के नासिर- जुनैद हत्याकाण्ड में शामिल होने का आरोप है। इस मामले में वो पिछले 8 महीने से फरार चल रहा था।

मोनू की गिरफ्तारी के बारे में खबर लगते ही राजस्थान पुलिस भी कोर्ट में पहुँच गयी। इससे पहले कि मोनू मानेसर को जेल में ले जाया जाता, राजस्थान पुलिस ने कोर्ट से उसकी ट्रांजिट रिमांड की स्वीकृति मिल गयी और राजस्थान पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया।

# पत्नी और बेटी की हत्या के बाद रेलवे ट्रैक अबोध बेटे को लिए रेलवे ट्रैक पर कूद चलती ट्रेन के आगे कूद की आत्महत्या

**कैलाश वर्मा संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

रोहतक, सितम्बरः पति पत्नी के बीच घर में किसी छोटी सी बात पर लोग अनेक बार बड़े से बड़ा और खतरनाक कदम उठाने में देरी नहीं करते। ऐसा ही एक बड़ी घटना रोहतक में घटित हुई है, जब एक व्यक्ति ने अपने साथ पूरा परिवार ही खत्म कर लिया। अपनी जान के साथ साथ दूसरे की जान लेना मानवता की दृष्टि से बेहद गंभीर मामला है।

हरियाणा के रोहतक में घटित ऐसे ही एक मामले ने सबको हिलाकर रख दिया।व्यक्ति द्वारा ऐसी खौफनाक घटना इन्सानियत पर बदनुमा दाग दे गई। यहाँ सलारा मोहल्ला में एक व्यक्ति ने अपने पूरे परिवार की जान ले ली और अंत में खुद को भी खत्म कर लिया।

बताया जा रहा है कि, शख्स पारिवारिक किसी बात को लेकर लगातार परेशान चल रहा था। जिसकी वजह से उसने यह कदम उठाया। बहराल, इस घटना के बाद इलाके के लोग सन्न हैं। वहीं पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की तफ़्तीश कर रही है।



रोहतक में पत्नी और बेटी की हत्या करने के बाद रेलवे ट्रैक पर अबोध बालक को लेकर आत्महत्या करने वाला का परिवार सहित

### पहले पत्नी और बेटी की बेरहमी से हत्या की

मिली जानकारी के अनुसार, उक्त शख्स की पहचान संदीप (35) के रूप में हुई है। संदीप गुरुग्राम में एक प्राइवेट जॉब करता था। उसके दो बच्चे थे। करीब 6 साल की एक बेटी और 2 साल का एक बेटा। संदीप से सबसे पहले अपनी पत्नी और 6 साल की बेटी की गला दबाकर हत्या की और इसके बाद दो साल के बेटे को लेकर घर से बाहर निकल आया। जिसके बाद संदीप इस्माइला गांव स्थित रेलवे ट्रैक पर पहुंचा और यहां ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। इस दौरान दो साल का बेटा उसने साथ में ले रखा था।

### पुलिस की जांच जारी

बहराल, पुलिस ने चारों के शव कब्जे में ले लिए हैं और एस एफ एल टीम मौके पर पहुंचकर जरूरी सबूत जुटा रही है। पुलिस ने संदीप के परिवार के अन्य लोगों व आसपास के लोगों से पूछताछ भी की है।

# परिवार और आत्महत्या करने वाले मामले में पुलिस द्वारा जॉच जारी

## हरियाणा कैडर में शामिल किया 2020 बैच के आईएएस राहुल मोदी को 2020 बैच की हरियाणा कैडर आईपीएस दीप्ति गर्ग से विवाह फलस्वरूप त्रिपुरा कैडर से हरियाणा में हुआ स्थानांतरण

**विनोद कश्यप**
**प्रभारी, दैनिक समाज जागरण**
**हरियाणा एवं पंजाब**

चंडीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के आईएएस (भारतीय प्रशासनिक सेवा ) कैडर में एक और अधिकारी शामिल हो गया है। हालांकि इस अधिकारी का न तो हरियाणा सिविल सेवा (एचसीएस ) से और न ही गैर राज्य सिविल सेवा (नॉन-एससीएस ) कोटे से आईएएस में प्रमोशन या चयन हुआ है । बल्कि 2020 बैच का यह आईएएस अधिकारी जिसका नाम राहुल मोदी, जी हाँ आपने सही पढ़ा राहुल मोदी, का हरियाणा कैडर 2020 बैच की महिला आईपीएस अधिकारी दीप्ति गर्ग से विवाह कारण त्रिपुरा कैडर से हरियाणा कैडर में इंटर-कैडर (एक प्रदेश कैडर से दूसरे राज्य कैडर में ) ट्रांसफर किया गया है। इस सम्बन्ध में आधिकारिक जानकारी एकत्रित कर साझा करते हुए पंजाब एवं हाईकोर्ट के एडवोकेट हेमंत कुमार ने बताया कि इसी माह 4 सितम्बर को ही केंद्र सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा इस आशय में आदेश जारी किया गया है, जिसमें उल्लेख है कि आईएएस कैडर नियमों, 1954 के नियम 5 (2) के अंतर्गत एवं त्रिपुरा और हरियाणा की प्रदेश सरकारों की सहमति से राहुल मोदी, आईएएस का हरियाणा कैडर की आईपीएस दीप्ति गर्ग से विवाह कारण त्रिपुरा कैडर से हरियाणा कैडर में ट्रांसफर किया जाता है। राहुल मोदी मूल रूप से राजस्थान से हैं जबकि दीप्ति हरियाणा की ही मूल निवासी हैं एवं गत 6 महीने से सिरसा जिले में बतौर एएसपी ( सहायक पुलिस अधीक्षक) तैनात हैं।

हेमंत ने एक रोचक जानकारी देते हुए बताया कि तीन वर्ष पूर्व जब राहुल मोदी का यूपीएससी सिविल परीक्षा 2019-20 में चयन हुआ था । तब वह दो कारणों से सोशल मीडिया में खूब चर्चित हुए थे ,क्योंकि एक तो उनका उक्त परीक्षा में 420वां रैंक था और दूसरा उनके नाम कारण चूंकि उनका मूल नाम राहुल कांग्रेस नेता राहुल गाँधी से जबकि सरनेम में मोदी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मेल खाता है. यह बहुत ही अदभुत संयोग बनता है।

हरियाणा में ऐसे अन्य मामलों के बारे में हेमंत ने केंद्र सरकार से आरटीआई मार्फत जानकारी प्राप्त कर बताया गया कि इसी वर्ष अप्रैल, 2023 में आंध्र प्रदेश कैडर 2018 बैच की महिला आईएएस अधिकारी अनुपमा अंजलि का हरियाणा कैडर के 2020 बैच के एक आईएएस हर्षित कुमार से विवाह कारण आन्ध्र प्रदेश कैडर से हरियाणा कैडर में इंटर-कैडर ट्रांसफर किया गया था. अनुपमा वर्तमान में भिवानी जिले में बतौर एडीसी (अतिरिक्त उपायुक्त) तैनात हैं।

गत वर्ष नवंबर, 2022 में रेनू सोगन, 2019 बैच की पश्चिम बंगाल कैडर की आईएएस का हरियाणा कैडर के 2019 बैच के ही एक आईएएस हितेश मीणा से विवाह कारण पश्चिम बंगाल कैडर से हरियाणा कैडर में ट्रांसफर किया गया था। हितेश और रेनु दोनों मूल रूप से राजस्थान राजस्थान से हैं। हितेश वर्तमान में गुरूग्राम में एडीसी हैं जबकि रेनु नूंह में एडीसी तैनात हैं।

उसके पहले फरवरी, 2022 में 2019 बैच के एक आईएएस अधिकारी डॉ. बलप्रीत सिंह का हरियाणा कैडर की 2017 बैच की महिला आईपीएस उपासना से विवाह कारण केरल कैडर से हरियाणा कैडर में इंटर-कैडर ट्रांसफर किया गया है। बलप्रीत का गृह राज्य पंजाब है जबकि उपासना हरियाणा की मूल निवासी हैं। उपासना को हाल ही में कैथल जिले का एसपी तैनात किया गया है।

उससे पूर्व अक्टूबर, 2021 में 2015 बैच के असम-मेघालय कैडर के आईएएस शांतनु शर्मा का हरियाणा कैडर की 2020 बैच की महिला आईएएस सी काडर जयशरधा से विवाह कारण असम-मेघालय कैडर से हरियाणा कैडर में ट्रांसफर किया गया था। शांतनु मूल रूप से झारखण्ड के निवासी है ,जबकि जयशरधा तमिलनाडु से हैं। जयशरधा वर्तमान में अम्बाला जिले में नारायणगढ़ उपमंडल की एस.डी.एम. जबकि शांतनु कुरुक्षेत्र जिले के डीसी तैनात है्।

उससे पहले वर्ष जुलाई, 2021 में ही 2015 बैच की एक महिला आईएएस अधिकारी नेहा सिंह भी हरियाणा आईएएस कैडर में सम्मिलित हुई थी क्योंकि उनका हरियाणा कैडर के 2015 बैच के आईएएस राहुल हुड्डा से विवाह कारण गुजरात से हरियाणा में ट्रांसफर किया गया था। नेहा मूल रूप से बिहार की निवासी हैं. वर्तमान में नेहा पलवल जिले की उपायुक्त ( डीसी) जबकि राहुल रेवाड़ी में डीसी के पद पर तैनात हैं।

बहरहाल, राहुल हुड्डा, आईएएस के कैडर ट्रांसफर मामले में एक रोचक तथ्य यह कि राहुल हुड्डा, जिनका आधिकारिक रिकॉर्ड अनुसार गृह-राज्य दिल्ली है एवं जिन्हें प्रारम्भ में आईएएस का हिमाचल प्रदेश कैडर अलॉट किया गया था, उनका दिसंबर, 2015 में हरियाणा कैडर में ट्रांसफर हो गया था क्योंकि उन्होंने तब हरियाणा कैडर की 2011 बैच की एक महिला आईपीएस अधिकारी मनीषा चौधरी से विवाह किया था। कुछ वर्षो बाद राहुल और मनीषा का तलाक हो गया था। बाद में राहुल ने 2015 बैच की गुजरात कैडर की नेहा से विवाह कर लिया जिसके फलस्वरूप नेहा का हरियाणा कैडर में ट्रांसफर हो गया। वहीं मनीषा वर्तमान में यू.टी. चंडीगढ़ में बतौर डेपुटेशन में एसएसपी पद पर तैनात हैं।

उससे पहले मार्च 2021 में सिक्किम कैडर के 2019 बैच के आईएएस आनंद कुमार शर्मा द्वारा हरियाणा कैडर की 2018 बैच की आईपीएस पूजा वशिष्ठ से विवाह के फलस्वरूप आनंद का कैडर सिक्किम से बदलकर उनकी पत्नी के कैडर अर्थात हरियाणा में कर दिया गया था. आनंद का गृह राज्य दिल्ली है, जबकि पूजा मूल रूप से हरियाणा की निवासी हैं। इसी प्रकार हरियाणा में ऐसे कई आईएएस और आईपीएस हैं, जिन्हे उनके विवाह के फलस्वरूप हरियाणा कैडर अलॉट किया गया। वर्ष 2012 के आईएएस और हाल ही में फतेहाबाद के डीसी पद पर तैनात अजय सिंह तोमर और 2013 बैच आईएएस पार्थ गुप्ता, जो सिरसा के डीसी है, वह दोनों भी क्रमशः आईएएस संगीता तेतरवाल और आइपीएस आस्था मोदी से विवाह कारण हरियाणा कैडर में शामिल हुए थे।

अखिल भारतीय सेवा अधिकारियों को आवंटित प्रदेश कैडर में परिवर्तन सम्बन्धी केंद्र सरकार द्वारा बनाये गए एवं मौजूदा लागू दिशा-निदेर्शों के अनुसार आईएएस, आईपीएस और आईएफएस (भारतीय वन सेवा ) अधिकारियों द्वारा आपस में (उक्त तीनो सेवाओं के अधिकारियों के मध्य ) विवाह करने के फलस्वरूप सम्बंधित अधिकारी को मूल तौर पर आबंटित प्रदेश कैडर में बदलाव/परिवर्तन किया जा सकता है एवं उस अधिकारी को उसकी पत्नी (या उसके पति) को आबंटित प्रदेश कैडर में स्थायी तौर पर केंद्र सरकार द्वारा ट्रांसफर किया जा सकता है जिसे इंटर-कैडर ट्रांसफर कहा जाता है।

हालांकि, यहाँ ध्यान देने योग्य बात यह है कि विवाह के फलस्वरूप आईएएस/आईपीएस /आईएफएस कैडर में परिवर्तन करते समय सम्बंधित सेवा के अधिकारी का उसके अपने गृह राज्य में ट्रांसफर नहीं किया जा सकता है। मसलन, अगर कोई पुरुष आईएएस/ आईपीएस/ आइएफएस अधिकारी हरियाणा का मूल निवासी है और उसे कर्नाटक कैडर आवंटित किया गया है तो वह हरियाणा कैडर की महिला आईएएस/ आईपीएस/ आईएफएस अधिकारी के साथ विवाह कर वापिस अपने गृह राज्य हरियाणा में ट्रांसफर नहीं हो सकता है।हालांकि अगर दोनों पति-पत्नी चाहें तो केंद्र सरकार उन्हें कोई तीसरा राज्य कैडर आबंटित कर सकती है।

गत वर्ष जून,2022 में केंद्र सरकार ने हरियाणा कैडर के 2003 बैच के आईएएस अजीत बालाजी जोशी और ओडिशा कैडर की 2009 बैच की आईएएस गौरी पराशर जोशी दोनों का उनके विवाह फलस्वरूप तीसरे राज्य पंजाब कैडर में ट्रांसफर कर दिया था। बहरहाल गौरी तो वर्तमान में पंजाब कैडर की आईएएस अधिकारी हैं। हालांकि आज भी अजित बालाजी हरियाणा में ही कार्यरत है और इसी प्रदेश में सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

# कालका टैक्सी ऑपरेटरस्स क के शिष्टमंडल ने हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय बंसल के नेतृत्व में पूर्व डिप्टी सीएम चंद्र मोहन से की मुलाकात

## हिमाचल प्रदेश की एंट्री फीस वोल्वो बस की बराबरी पर टैक्सी ऑपरेटर कारोबार होगा चौपट

**हरियाणा के पूर्व डिप्टी सीएम चंद्रमोहन ने हिमाचल प्रदेश के डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री को पत्र लिखकर टैक्सियों को वोल्वो बस की श्रेणी की बजाय साधारण श्रेणी में रखने का दिया सुझाव**

**एक सितंबर से हिमाचल एंट्री फीस बढ़ाने से कालका के 400 टैक्सी ऑपरेटर होंगे प्रभावित - विजय बंसल एडवोकेट**

विनोद कश्यप, प्रभारी
दैनिक समाज जागरण हरियाणा एवं पंजाब

चण्डीगढ़, सितम्बरः हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा गत एक सितंबर से वोल्वो बस और टैक्सी की हिमाचल प्रदेश में एंट्री फीस बढ़ाकर प्रतिदिन 5000 रुपए करने से हरियाणा के कालका के लगभग 400 टैक्सी ऑपरेटर्स का कारोबार प्रभावित हुआ है।

इसी विषय पर कालका-शिमला हिमाचल टैक्सी ऑपरेटर स्टैंड के टैक्सी ऑपरेटरस का एक शिष्टमंडल प्रदेश कांग्रेस पूर्व सचिव विजय बंसल एडवोकेट के नेतृत्व में हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन से उनके निवास पर मिला और एक ज्ञापन देकर हिमाचल एंट्री फीस में टैक्सी चालकों को राहत दिलाने की मांग की है। शिष्टमंडल में विजय बंसल एडवोकेट के साथ कालका टैक्सी स्टैंड के प्रधान एव पूर्व पार्षद कुलविंदर शंटी, पूर्व पार्षद दविंदर शौकिया जैन और राष्ट्रीय छात्र संघ इन्डिया के राष्ट्रीय संयोजक दीपांशु बंसल एडवोकेट, श्यामलाल सोमनाथ, सोनू, मोनू सहित अन्य टैक्सी चालक भी मौजूद थे।

विदित है कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने एक सितंबर 2023 से हिमाचल प्रवेश पर वोल्वो बस और टैक्सी दोनों वाहनों की एंट्री फीस प्रतिदिन 500 रुपए से बढ़ाकर 5 हजार रुपए कर दी है। फिलहाल कालका से शिमला जाने पर टैक्सी का चार सवारियों का किराया लगभग 3500 रुपए प्रति चक्कर है यदि इसमें हिमाचल एंट्री फीस 5000 जोड़ दी जाती है तो किराया बढ़ाकर 8500 रुपए हो जाएगा।



विजय बंसल और कुलविंदर शंटी ने चंद्रमोहन को जानकारी देते हुए बताया कि कालका-शिमला हिमाचल टैक्सी ऑपरेटर स्टैंड में लगभग 400 टैक्सी छोटी गाड़ियां हैं जो सन 1972 से आज तक कालका से हिमाचल प्रदेश के लिए चल रही है इन 400 टैक्सी चालकों के परिवारों का पालन-पोषण हिमाचल प्रदेश में जाने वाले पर्यटकों पर ही निर्भर है। उन्होंने बताया कि सभी टैक्सी चालक रोजगार के मामले में हिमाचल से जुड़े हुए हैं और बुकिंग के लिए दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब में उनके बुकिंग ऑफिस हैं जहां से अधिकतर पर्यटकों को हिमाचल प्रदेश में घूमने के लिए प्रेरित करते हैं जितना अधिक सैलानी हिमाचल प्रदेश में जाएगा उतना ही हिमाचल प्रदेश सरकार के पर्यटन उद्योग और टैक्सी चालकों को लाभ मिलता है। लेकिन अब हिमाचल प्रदेश में एंट्री टैक्स वोल्वो गाड़ी और साधारण गाड़ियों का टैक्स एक ही श्रेणी में रखा गया है जो पूरी तरह से गलत है। उन्होंने बताया वोल्वो गाड़ियां प्रतिदिन हिमाचल प्रदेश में आती जाती हैं लेकिन टूरिस्ट की बुकिंग के बाद ही उनकी टैक्सी हिमाचल में प्रवेश करती है जिससे उनकी टैक्सियों से हिमाचल प्रदेश की एचआरटीसी बस सर्विस को कोई नुकसान नहीं होता। विजय बंसल ने कहा कि टैक्सी का जो एंट्री टैक्स बढ़ाया गया है इसका बोझ हिमाचल प्रदेश में जाने वाले टूरिस्ट को ही अदा करना पड़ेगा जिससे भविष्य में हिमाचल प्रदेश में जाने वाले टूरिस्ट हिमाचल प्रदेश की बजाय उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर के अन्य हिल स्टेशनों का रुख करेंगे। जिसका नुकसान टैक्सी ऑपरेटर सहित हिमाचल की होटल इंडस्ट्री और हिमाचल के टूरिस्ट से जुड़े हुए अन्य उद्योगों पर पड़ेगा।

शिष्टमंडल की मांग पर पूर्व डिप्टी सीएम चंद्रमोहन ने हिमाचल के डिप्टी सीएम एव परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री को पत्र लिखकर टैक्सी, छोटी गाड़ियों को वोल्वो बस की श्रेणी से अलग कर टैक्सी को साधारण श्रेणी में रखकर केंद्रीय कर नीति के अनुसार टैक्सी चालकों से पुरानी 500 रुपए एंट्री फीस लेने की सिफारिश की। उन्होंने कहा कि इससे न केवल हिमाचल प्रदेश में पर्यटन मजबूत होगा बल्कि टैक्सी ड्राइवर, वाहन मालिकों और उनके परिवारों पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा जो अपनी आजीविका के लिए इस पर निर्भर हैं।

# हरियाणा की सुहाना सैनी ने टेबल टेनिस प्रतियोगिता में किया देश और प्रदेश का नाम रोशन

**विनोद कश्यप, प्रभारी,**
**दैनिक समाज जागरण, हरियाणा/ पंजाब**

चण्डीगढ़, 17 सितम्बरः हरियाणा के रोहतक की बेटी सुहाना सैनी ने अपनी खास उपलब्धि के दम पर एक बार फिर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। टेबल टेनिस की स्टार खिलाड़ी सुहाना सैनी ने अपनी सहयोगी यशस्वी घोरपड़े के साथ जोड़ी में विश्व में पहला रेंक हासिल कर नया कीर्तिमान रच दिया है। इंटरनल टेबल टेनिस फेडरेशन की ओर से जारी ताजा वर्ल्ड रैंकिंग में इन्हें यह स्थान प्राप्त हुआ है। इसके लिए पिछले दिनों हुए मुकाबले में इस जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन किया।

### अंडर - 19 डबल्स में नंबर एक खिलाड़ी का खिताब

सुहाना सैनी ने टेबल टेनिस के अंडर - 19 डबल्स में कर्नाटक की यशस्विनी घोरपड़े के साथ लगातार दूसरी बार दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी का खिताब अपने नाम कर लिया है । टेबल टेनिस खिलाड़ी सुहाना साल 2015 से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदुस्तान का प्रतिनिधित्व कर रही है।

### 5 साल की उम्र में टेबल टेनिस की शुरूआत

मात्र 5 साल की उम्र में टेबल टेनिस की शुरूआत करने वाली सुहाना अब तक विश्व पटल पर 51 और राष्ट्रीय स्तर पर 56 मेडल जीत चुकी है । उन्होंने बताया कि अब उनका अगला टारगेट 2028 में ओलम्पिक खेलों में हिंदुस्तान के लिए गोल्ड मेडल जीतना है और इसके लिए वो कड़ी मेहनत कर रही है।

### 5 साल से चेन्नई में कर रही ट्रेनिंग

सुहाना ने बताया कि वो पिछले 5 साल से चेन्नई में ट्रेनिंग कर रही है । गौरतलब है कि पिछले सप्ताह इंटरनेशनल टेबल टेनिस फेडरेशन ने टॉप रैंकिंग खिलाड़ियों की लिस्ट जारी हुई है, जिसमें अंडर- 19 डबल्स में सुहाना और यशस्विनी को दुनिया में नंबर वन खिलाड़ी घोषित किया गया है। यह दूसरा मौका है जब इन दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने नंबर वन रैंक पर पहुंचकर हिंदुस्तान का नाम दुनिया भर में रोशन किया है।

### दुनिया भर में 28वीं रैंक

सुहाना ने बताया कि टेबल टेनिस ही उनके लिए सब- कुछ हैं और इसके लिए उन्हें परिवार से भी दूरी बनानी पड़ती है। अपने माता- पिता की वो इकलौती संतान है, इसलिए हम आपस में एक-दूसरे को बहुत ज्यादा मिस करते हैं। लेकिन जब टूनामेंट जीतते हैं तो शरीर में अलग ही सकारात्मक उर्जा का संचार होता है। फिलहाल, सुहाना अंडर-19 में भारत की नंबर वन खिलाड़ी हैं और दुनिया भर में उसकी 28वीं रैंक है।

# हरियाणा के 6 जिलों में किसानों का बीमा क्लेम किया गया जारी

## जिला सिरसा को मिले सबसे अधिक 533 करोड़ रुपये

**विनोद कश्यप**
**प्रभारी, दैनिक समाज जागरण,**
**हरियाणा पंजाब और चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के 6 जिलों के किसानों का 2022 का बकाया बीमा क्लेम जारी हो गया है। जानकारी के अनुसार सबसे अधिक 533 करोड रुपये सिरसा के किसानों का बकाया क्लेम जारी हुआ है।

कृषि मंत्री जेपी दलाल ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। कृषि विभाग के लम्बे संघर्ष के बाद किसानों को उनका क्लेम मिल गया है। बता दें कि केन्द्र की टी ए सी कमेटी में यह मामला काफी समय से लटका हुआ था, विभाग की मजबूत पैरवी से बकाया क्लेम अब जारी हो गया है। वहीं क्लेम जारी होने पर किसान अशोक बिरड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों के खातों में 2022 के बीमा क्लेम प्राप्ति होना शुरू हो गया है, जिसमें प्रति एकड़ के हिसाब से लगभग 25 हजार रुपए का बीमा क्लेम शामिल है। इस खबर से किसानों में खुशी की लहर है और किसानों के जख्म पर सरकार ने मरहम लगाने का कार्य किया है। किसानों ने बताया कि इस बीमा क्लैम से उन्हें कुछ हद तक राहत मिलेगी।

# स्वास्थ्य मंत्री ने एनआईसी कक्ष में लाडली बहनों का स्वागत कर उन्हे उपहार भेंट किए

रायसेन। स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य में कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया, स्वास्थ्य मंत्री द्वारा लाड़ली बहनों को पुष्पगुच्छ और उपहार भेंट किए गए। इस अवसर पर कलेक्टर अरविंद दुबे, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू भदौरिया सहित अन्य अधिकारी और लाड़ली बहनाएं उपस्थित रहीं। भोपाल में आयोजित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना के राज्य-स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष के साथ ही सभी जनपद एवं ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर लाईव प्रसारण भी देखा गया।

**इन हितग्राहियों को मिलेगा योजना का लाभ,,,,**

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास



योजना में उन परिवारों को लाभ मिलेगा जो प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में आवास प्लस एप पोर्टल पर पंजीकृत हैं और जिनके आवेदन भारत सरकार के एमआईएस पोर्टल पर स्वतः रिजेक्ट हो गये हैं। योजना का लाभ एमआईएस पोर्टल पर दर्ज होने से छूटे एवं चिन्हित परिवार को भी मिलेगा। लाड़ली बहना आवास योजना में उन परिवारों को भी लाभ मिलेगा, जो सामाजिक, आर्थिक एवं जातिगत जनगणना 2011 एवं आवास प्लस की सूची में शामिल नहीं है और जिन्हें केन्द्र अथवा राज्य की किसी भी आवास योजना का लाभ प्राप्त नहीं हुआ मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना में वे परिवार शामिल होंगे जिनके पास पक्की छत वाले मकान नहीं है अथवा दो से कम कमरों वाले कच्चे मकानों में निवासरत हो, मोटरयुक्त चौपहिया वाहन स्वामी नहीं हो या जिनके परिवार का कोई सदस्य शासकीय सेवा में नहीं हो, उसकी मासिक आय 12 हजार या कम हो। साथ ही परिवार का कोई सदस्य आयकरदाता नहीं हो और 2.5 एकड़ या इससे कम सिंचित भूमि हो अथवा 5 एकड़ से कम असिंचित कृषि भूमि हो।

**ग्राम पंचायतों में जमा होंगे आवेदन,,,,**

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना के आवेदन जनपद पंचायतों द्वारा ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराये जायेंगे। आवास योजना में निर्धारित पात्रता रखने वाले ऐसे हितग्राही ग्राम पंचायत द्वारा प्रदाय किये गये आवेदन-पत्र में सभी बिन्दुओं की जानकारी भरकर फार्म ग्राम पंचायत में जमा करायेंगे।

# कु.प्रगति दुबे अन्तर्राष्ट्रीय शूटिंग खिलाड़ी राज्य का सर्वोच्च खेल अलंकरण "विक्रम पुरस्कारह्व से सम्मानित

**सीएल गौर, संभागीय ब्यूरो, समाज जागरण**

भोपाल/रायसेन। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान,मा. खेल मंत्री, भारत सरकार श्री अनुराग ठाकुर वर्चुअल एंव मा. खेल और युवा कल्याण मंत्री, श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने सम्मानित किया । राजधानी भोपाल के तात्या टोपे राज्य खेल परिसर में आयोजित भव्य समारोह में राज्य खेल अलंकरण पुरस्कार से अन्तर्राष्ट्रीय शूटिंग खिलाड़ी कु. प्रगति दुबे को सम्मानित किया गया। ग्राम ध्वाज ,विकासखंड बेगमगंज ,जिला रायसेन की स्टार शूटिंग खिलाड़ी कु. प्रगति दुबे को राज्य सरकार के सर्वोच्च खेल अलंकरण ह्व विक्रम पुरस्कार ह्व से सम्मानित किए जाने की घोषणा राज्य सरकार द्वारा दिनांक 02 अगस्त 2023 को की गई थी । वर्ष 2022 के लिए प्रदेश के सर्वोच्च खेल अलंकरण " विक्रम पुरस्कार " कुल 10 खिलाड़ियों को, प्रतिभावान जूनियर 11




खिलाड़ियों को " एकलव्य पुरस्कार " , 1 प्रशिक्षक को विश्वामित्र पुरस्कार एंव खेलो को प्रोत्साहित करने के लिए 01 लाइफ टाईम एचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है । विक्रम पुरस्कार में सम्मान स्वरूप खिलाड़ियों को राशि रू. 2.00 लाख नकद, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह सम्मान स्वरूप मिला है ,एंव उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित कर शासकीय सेवा में लिए जाने का प्रावधान है । विक्रम, विश्वामित्र व लाईफ टाईम एचीवमेंट अवार्ड में सम्मानित होने वालों को प्रत्येक को 2-2 लाख रुपए व एकलव्य पुरस्कार वालों को प्रत्येक को 1-1 लाख रुपए सम्मान निधि दिये जाने का प्रावधान है । कु. प्रगति दुबे ने शूटिंग वर्ल्ड कप में 1 स्वर्ण पदक , 1 रजत पदक एंव 1 कांस्य पदक जीता है । राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अब तक 05 स्वर्ण सहित कुल 15 पदक जीते है । वर्तमान में कु. प्रगति दुबे राज्य हाई परफॉर्मेंस शूटिंग सेंटर भोपाल में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है प्रगति ज़िले की पहली खिलाड़ी हैं जिसे विक्रम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है ।इसके पूर्व वर्ष 2008 में जिले के ओबैदुल्लगंज विकास खंड की सुश्री रेनू यादव को ( बेसबॉल) एकलव्य पुरस्कार प्राप्त हुआ था ।कु. प्रगति को विक्रम पुरस्कार से सम्मानित होने पर ज़िला कलेक्टर अरविन्द दुबे, ज़िला पुलिस अधीक्षक विकाश शाहवाल एंव ज़िला खेल और युवा कल्याण अधिकारी जलज चतुवेंर्दी ने शुभकामनाएँ देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है ।

# घर घर में विराजेंगे गौरी नंदन श्री गणेश, बाजार में सजी दुकाने, गणेश उत्सव को लेकर क्षेत्र में हो रही भव्य तैयारियां

**सीएल गौर, संभागीय ब्यूरो, समाज जागरण**

रायसेन। हर वर्ष की भांति इस बार भी श्री गणेश उत्सव की भव्य तैयारिया जिला मुख्यालय सहित जिले भर में हो रही है, गणेश उत्सव को लेकर सनातन धर्म प्रेमियों के बीच भारी उत्साह का वातावरण देखने में आ रहा है खासकर छोटे-छोटे बच्चों में गणेश उत्सव के प्रति भारी खुशी का माहौल देखने में आ रहा है। जिधर देखो उधर बच्चे भगवान श्री गणेश की झांकियां लगाने के लिए तैयारी में जुटे हुए हैं, 17 सितंबर से शुरू होने वाले श्री गणेश उत्सव को लेकर घर-घर में गणेश उत्सव की तैयारी जारी हैं भगवान श्री गणेश की प्रतिमा को मूर्तिकार अंतिम स्वरूप दे रहे हैं, बाजार में गणेश चतुर्थी को लेकर भगवान श्री गणेश की आकर्षक विभिन्न मुद्राओं में प्रतिमाएं सजी हुई है विक्रेता बाजार में दुकान लगाकर भगवान श्री गणेश की आकर्षक प्रतिमाओं का विक्रय कर रहे हैं। शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी श्री गणेश उत्सव को लेकर भारी उत्साह का वातावरण देखने में आ रहा है गांव गांव शहर और घर-घर में श्री गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

**आकर्षक विभिन्न मुद्राओं में दिखाई देंगे इस बार भगवान श्री गणेश,,,,**

दस दिवसीय श्री गणेश उत्सव के दौरान इस बार मूर्तिकारों द्वारा भगवान श्री गणेश की आकर्षक विभिन्न मुद्राओं में प्रतिमा तैयार की गई है कहीं भगवान श्री गणेश चूहे पर सवार हैं तो कहीं कमल के फूल पर तो कहीं रिद्धि सिद्धि के साथ तो कहीं भगवान शंकर और पार्वती जी के साथ दिखाई दे रहे हैं इसके



अलावा भी भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं को कलाकारों द्वारा बहुत ही सुंदर ढंग से सजाया जा रहा है कहीं-कहीं भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं झूला झूलते हुए बनाई गई हैं। इस तरह से भगवान श्री गणेश की विभिन्न मुद्राओं में आकर्षक प्रतिमाएं श्री गणेश उत्सव के दौरान दिखाई देंगी । जिला मुख्यालय रायसेन सहित जिले भर में अगर बात करें तो श्री गणेश उत्सव के दौरान हजार से ऊपर स्थान पर भगवान श्री गणेश की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की जाएगी, इसके अलावा हर सनातन धर्म प्रेमी के घर-घर में भगवान श्री गणेश की विधिवत स्थापना की जाएगी जिसकी तैयारी मे जिले भर के सनातन धर्म प्रेमी लगे हुए हैं पूरे जिले भर में श्री गणेश उत्सव को लेकर भारी उत्साह लोगों में देखा जा रहा है।

# पत्रकार होना एक बड़ी चुनौती- कमिश्नर

***पत्रकारिता में आने वाले युवाओं को संबल मिलना चाहिए- कमिश्नर***

***पत्रकार प्रशिक्षण एवं संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन***

**विजय तिवारी**

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री राजीव शर्मा ने कहा है कि पत्रकार होना एक बड़ी चुनौती है। पत्रकारिता में निरंतर परिवर्तन हो रहे हैं। पत्रकारों को इन चुनौतियों का सामना करते हुए आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा है कि कोई पत्रकार छोटा पत्रकार नहीं होता है। जो भी युवा पत्रकारिता के क्षेत्र में आता है, उसे संबल मिलना चाहिए। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री राजीव शर्मा आज संभागीय मुख्यालय शहडोल के ओएसिस होटल में जनसम्पर्क कार्यालय शहडोल द्वारा आयेजित संभाग स्तरीय पत्रकार प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं मीडिया संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होनें कहा कि सब को खूब पढ़ना चाहिए अलग-अलग विषयों पर पढ़ना चाहिए और इसका उपयोग अपनी लेखनी में करना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ए0डी0जी0 शहडोल जोन श्री डी0 सी0 सागर ने कहा कि हमेशा सकारात्मक सोच के साथ पत्रकारिता करें। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के कारण ही आज शहडोल संभाग की फुटबाल क्रांति पूरे देश, प्रदेश एवं विश्व में जानी जा रही है। उन्होंने कहा कि फुटबाल खेल में 11-11 खिलाडी होते है, सभी का उदेश्य एक लक्ष्य का होता है कोई भी खिलाड़ी घंमड नही होते है, खिलाड़ी खेल की भावना से खेलते है और लक्ष्य हासिल करते है। उन्होंने कहा कि हमें अच्छी चीजों को आत्मसात करना चाहिए, लक्ष्य को पाए और उनके गुणों को सीखे। आज के युग में कुछ नही बदला लेकिन इंसानों की सोच बदल चुकी है। पत्रकारिता समाज को आईना दिखाता है, हमेशा सोच सकारात्मक रखे और ऊचाईयों को छूए। उन्होंने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का युग सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया जा रहा



है यदि हम सोशल मीडिया का इस्तेमाल अच्छी चीजों को जानने के लिए करें तो हमें सोशल मीडिया के माध्यम से अच्छी-अच्छी जानकारिया हासिल होती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी चाहे प्रतियोगी परीक्षा या अन्य परीक्षाओं में उच्चतम अंक प्राप्त करने के लिए यूट्यूब के माध्यम से ला सकते है क्योंकि यूट्यूब में बेहतर से बेहतर शिक्षकों द्वारा पढाया जाता है, हमें यूट्यूब को बेहतर ढंग से उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकार हमेशा संवेदनशील और मेहनती होते है। उन्होंने कहा कि पसीने की सिहायी से जो लिखते हैं अपने हौसल के ईरादे,उनके मुकददर के पन्ने कभी कोरे नही होते, सड़क और पत्रकार कुछ ऐसी चीजें है जो खुद तो अपने जगह पर रहते है, पर दूसरों को मंजिल तक पहुंचा देते है।

कार्यशाला में उप संचालक जनसम्पर्क श्री जीएस मर्सकोले ने पत्रकार कल्याण, योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि पत्रकारों के कल्याण के लिए मध्यप्रदेश सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने श्रद्वा निधि की राशि में वृद्धि करते हुए 10 हजार रुपए से बढाकर 20 हजार रुपए कर दिया है। साथ ही 65 वर्ष की आयु वाले पत्रकार एवं उनके पत्नि के बीमा का पूरा प्रिमियम राज्य शासन द्वारा बहन किया जाएगा। उन्होने बताया कि गंभीर रूप से घायल पत्रकारा के उपचार के लिए राशि में भी वृद्वि की गई है यह राशि 50 हजार रुपए से बढकर 1 लाख रुपए की गई है। वहीं सामान्य बीमारी के उपचार की राशि भी 20 हजार रुपए से बढाकर 40 हजार रुपए कर दी गई है। उप संचालक जनसम्पर्क ने पत्रकारों को तहसील स्तरीय अधिमान्यता, जिला स्तरीय अधिमान्यता एवं राज्य स्तरीय अधिमान्यता के नियमों की जानकारी भी दी। पत्रकार प्रशिक्षण कार्यशाला एवं संवाद कार्यक्रम को वरिष्ठ पत्रकार गोपालदास बंसल, दिनेश अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार शुभम सिंह बघेल, विनोद शुक्ला, राहुल सिंह राणा, हुसैन अली, बृजेश सिरमौर,शिरीष नंदन श्रीवास्तव एवं अन्य पत्रकारों ने भी सम्बोधित किया।

पत्रकार प्रशिक्षण एवं मीडिया संवाद कार्यशाला का शुभारंभ वरिष्ठ पत्रकार गोपालदास बंसल, दिनेश अग्रवाल द्वारा मॉ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जलित कर किया गया। ।इस अवसर पर शहडोल, अनूपपुर एवं उमरिया जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पत्रकारगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

# ऐतिहासिक रायसेन दुर्ग की तलहटी पर मृत अवस्था में मिला तेंदुआ, चोट के निशान, शिकार की आशंका

**सीएल गौर, संभागीय ब्यूरो, समाज जागरण**

रायसेन। प्राचीन ऐतिहासिक रायसेन दुर्ग की तलहटी पर शहर के वार्ड क्रमांक एक नरापुरा क्षेत्र में एक जंगली तेंदुआ मृत अवस्था में पड़ा हुआ मिला है सर्वप्रथम तेंदुआ को नरापुरा क्षेत्र के लोगों ने देखा और इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी गई । मृत अवस्था में मिले तेंदुआ के शरीर पर कई जगह चोटों के निशान हैं जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि तेंदुआ को किसी ने मारा है लोगों में इस बात की चर्चा है कि तेंदुआ की मौत नहीं बल्कि शिकार किया गया है । उक्त घटना जैसे ही वन विभाग के अधिकारियों को मिली वैसे ही वह मौके पर पहुंचे और वहां जांच शुरू कर दी, अभी फिलहाल में वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी तेंदुए की मौत को लेकर कुछ भी बताने से कतरा रहे हैं, उनका मानना है कि तेंदुए की मौत वेंमौसम बारिश और बीमारी के



कारण हुई है जबकि प्रत्यक्ष दर्शी नरापुरा के लोगों से मिली जानकारी के अनुसार उनका कहना है कि तेंदुए के शरीर पर चोटों के स्पष्ट निशान दिखाई दे रहे हैं जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि तेंदुए को किसी ने मारा है अब इस मामले को लेकर सामान्य वन मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है और वह इस बात का पता लगाने में जुटे हुए हैं कि आखिरकार जंगली तेंदुए की मौत कैसे हुई। ज्ञात हो कि इससे पूर्व लंबे समय से जंगली तेंदुआ क्षेत्र में सक्रिय था और अभी तक तेंदुआ कई जानवरों को अपना शिकार बन चुका है, लोग भी तेंदुए से काफी दिनों से परेशान चल रहे थे कई बार उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से तेंदुओं को पकड़ने की मांग की परंतु वन विभाग के अधिकारी उनकी मांग को अनसुना करते रहे अंततः तेंदुए का सब मृत अवस्था में पड़ा मिला । जिसे लेकर चचाओं का बाजार गर्म है कोई इसे शिकार बता रहा है तो कोई बीमारी से मौत होना बता रहा है वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मृत्य तेंदुआ को वन विभाग के अधिकारियों ने अपनी कस्टडी में रखा है डॉक्टर के परीक्षण करने के बाद ही बता पाएंगे।

# सूने मकान में फिर किया चोरों ने हाथ साफ, लाखों के गहनों के साथ नगदी किया पार

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 18 सितम्बर )चोरों एवं अराजक तत्वों की वजह से शहर वासियों का जीना मुश्किल हो गया है। आये दिन चोरी, लूट, मार पीट की घटनाएं होना आम हो गयी है जिस पर पुलिस अंकुश लगाने में नाकामयाब साबित हो रही है जिससे अराजक तत्वों का मनोबल बढ़ता जा रहा है ।एक बार फिर चोरों ने शनिवार व रविवार की दरमियानी रात एक घर में हाथ साफ करते हुए जेवरात समेत लाखों का माल पार कर दिया जिसको लेकर पुलिस सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। चित्र गुप्त नागर में रहने वाले महाराष्ट्र बैंक में कलेक्शन का करने वाले महेश पिता बंशीलाल सोनी उम्र-61 वर्ष अपनी पत्नी नंदा सोनी के साथ चित्रगुप्त नगर में रहते है। गुरुवार को महेश की चाची सास की तबियत खराब होने की सूचना पर वह पत्नी नंदा के साथ बैतूल चले गए। पत्नी को बैतूल में छोड़कर शुक्रवार को वह बालाघाट आ गए। घर में अकेले होने व



निर्माण कार्य के चलते व अपने भाई जो वार्ड क्रमांक-16 में रहते है उनके यहां रह रहें थे। महेश सोनी के घर के पहले तल पर निर्माण कार्य चल रहा है इसलिए वह अपने भाई के घर से अपने घर काम देखने के लिए आना-जाना करते हैं। शनिवार रात आठ बजे महेश फिर अपने घर आए और कुछ देर रुकने के बाद भाई के घर चले गए, लेकिन रविवार को जब वह दोबारा अपने घर आए तो चैनल गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखने पर चार आलमारी में रखा सामान, जेवर के डिब्बे बिखरे पड़े थे। चार सोने की चूड़ी, दो हार, दो सोने की चेन, मंगलसूत्र सहित 40 हजार नकद कुल लगभग चार से पांच लाख रुपये की चोरी हुई है। संभावना है कि चोरों ने शनिवार व रविवार की दरमियानी रात वारदात को अंजाम दिया है। पड़ोसियों को जानकारी मिलने के बाद कोतवाली को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम के साथ फिंगर प्रिंट विशेषज्ञों के साथ डाग स्क्वाड की टीम ने मौके पर पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस आसपास सीसीटीवी कैमरे से फुटेज खंगाल रही है, जिसकी मदद से पुलिस चोरों को जल्द गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

# संत रामपाल जी का उद्देश्य दहेज-प्रथा, रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचारी, नशा जैसी बुराइयों को दूर करना है

**दैनिक समाज जागरण**

बारां - 17 सितंबर 2023 दिन रविवार को जिला बारां के तहसील शाहबाद कस्बा केलवाड़ा, किराड धर्मशाला सीताबाड़ी में संत रामपाल जी महाराज के आध्यात्मिक प्रवचनो को एलइडी टीवी के माध्यम से दिखाया गया। इसमें आसपास के गांवों से बडी संख्या में श्रद्धालु सत्संग सुनने आए। जिनमें एक गजब का अनुशासन देखने को मिला, कोई भी अनुयायी नशा करता हुआ नजर नहीं आया। सत्संग के माध्यम से संत रामपाल जी महाराज ने बताया कि सृष्टि की रचना कैसे हुई? हमको जन्म देने वा मारने में किस प्रभु का स्वार्थ है ? पूर्ण संत की क्या पहचान होती है? श्री ब्रह्मा जी, श्री विष्णु जी और श्री महेश जी के माता-पिता कौन है ? इन सभी प्रश्नों की जानकारी शास्त्रों से प्रमाणित करके बताई सत्संग में बताया है कि मनुष्य



जीवन भक्ति करने के लिए प्राप्त होता हैं जो मनुष्य पूर्ण संत से नाम लेकर सदभक्ति नहीं करता उस मनुष्य को 84 लाख योनियों में जाना पड़ता है। वह मनुष्य मोक्ष की प्राप्ति नहीं कर सकता। जिला सेवादार राजेंद्र दास ने बताया कि संत रामपाल जी महाराज जी का मुख्य उद्देश्य है समझ में फैल रही जैसे दहेज प्रथा, रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचारी, नशा जैसी तमाम बुराइयों को दूर करना है सत्संग में उपस्थित सेवादार विशालदास, नीलेशदास, रतनदास, बलरामदास, कालूदास, तेजप्रकाश दासअंकित दास, समसूदास, गोविंददास, मानसिंह दास, अशोक दास, गणेशदास , विक्रमदास, छोटूदास, सेतानदास, ईश्वरदास, धर्मेंद्र दास, रामस्वरूपदास, बनवारी दास, रघुनंदन दास आदि सेवादार उपस्थित रहे

# प्रतिबंधित क्षेत्र में हो रहा रेत का अवैध उत्खनन

शहडोल। शहडोल एवं सीधी जिले के सीमा पर सोन घड़ियाल अभ्यारण क्षेत्र से रेत का अवैध उत्खननधड़ल्ले से किया जा रहा है फिर भी सोन घड़याल अभ्यारण अमला और वन विभाग के मैदानी एवं आला अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। रेत के अवैध उत्खनन परिवहन रोकथाम हेतु संबंधित अमले द्वारा किसी भी प्रकार की ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है जिसके कारण अवैध परिवहन कताओं के हौसले बुलंद हैं और वह अपनी मनसा के अनुरूप अवैध कार्य को अंजाम भी दे रहे हैं। सोन घड़ियाल अभ्यारण क्षेत्र वन विभाग से संबंधित है लेकिन यह विभाग पूरा सुपड़ा खनिजअमले के ऊपर फोड़ देते हैं। बताया जाता है कि सोन नदी जोगदा पुल बंद होने की वजह से क्षेत्र के कई सोन नदी घाटों पर अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन सोन नदी के बीट गार्ड प्रभारियों के द्वारा कराया जाता है ।जिस तरह से सोन नदी से रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन इन दिनों धड़ल्ले से चल रहा है। सोन नदी के करीब एक दर्जन घाटों में रात दिन रेत कारोबारी सक्रिय रहते हैं। और सैकड़ों ट्रैक्टर ट्राली 407 ट्राली रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हैं। गोदवाल क्षेत्र के आसपास नदी-नालों के विभिन्न घाटों में रेत का कारोबार कई दिनों से चल रहा है। आसपास के अन्य घाटों में दर्जन भर से ज्यादा वाहन रेत निकासी में सक्रिय हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोन घड़याल अभ्यारण निर्धारित रेट फिक्स है जिसमें अधिकारी व कर्मचारी सम्मिलित है। वही बीट प्रभारी के द्वारा रेत माफियाओं से अवैध रेत का उत्खनन एवं परिवहन कराया जाता है। उसके एवज में मोटी रकम की राशि ली जाती है और बंदरबांट अधिकारियों तक पहुंचाई जाती है ।सीधी जिले से प्रभावित होने वाली सोन नदी में घड़याल अभ्यारण होने के कारण यहां से किसी भी तरह का उत्खनन एवं परिवहन पूरी तरह से प्रतिबंधित है जहां अवैध रेत के उत्खनन एवं परिवहन को कड़ाई से पालन कराने के लिए जिला टास्क फोर्स टीम गठित है जिसमें राजस्व पुलिस खनिज व सोन घड़ियाल अभ्यारण के अधिकारी को शामिल किया गया है। अवैध उत्खनन को देखते हुए शहडोल कलेक्टर ने संजय टाईगर रिजर्व सीधी को पत्र लिखते हुए कहा है कि तहसील ब्यौहारी में पदस्थ खनिज निरीक्षक द्वारा अवगत कराया गया है।

# जिले में अब तक 1103.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज बीते 24 घंटे में हुई 7.7 मिलीमीटर औसत वर्षा

**रायसेन, 17 सितम्बर 2023**

जिले में 01 जून 2023 से 17 सितम्बर 2023 तक 1103.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 435 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2023 से 17 सितम्बर 2023 तक जिले के वषामापी केन्द्र रायसेन में 891.2 मिलीमीटर, गैरतगंज में 1279, बेगमगंज में 1141.5, सिलवानी में 968, गौहरगंज में 850, बरेली में 1497.6, उदयपुरा में 1308, बाड़ी में 939.4, सुल्तानपुर में 933 तथा वषामापी केन्द्र देवरी में 1223.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।



दैनिक वर्षा की जानकारी जिला रायसेन

जिला रायसेन सामान्य औसत वर्षा 1197.1 (वर्षा मि.मी.में)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रायसेन | 6.0 | 891.2 | 0.0 | 1623.4 | 172.4 | |
| 2 | गैरतगंज | 15.4 | 1279.0 | 2.0 | 1639.2 | 235.2 | |
| 3 | बेगमगंज | 8.0 | 1141.5 | 4.3 | 1698.8 | 256.5 | |
| 4 | सिलवानी | 4.0 | 968.0 | 0.7 | 1403.8 | 248.9 | |
| 5 | गौहरगंज | 25.0 | 850.0 | 27.0 | 1585.9 | 207.0 | |
| 6 | बरेली | 1.0 | 1497.6 | 9.8 | 1533.6 | 299.4 | |
| 7 | उदयपुरा | 1.0 | 1308.0 | 10.1 | 1747.0 | 337.1 | |
| 8 | बाड़ी | 15.0 | 939.4 | 4.0 | 1575.0 | 243.0 | |
| 9 | सुल्तानपुर | 1.3 | 933.0 | 1.3 | 1427.4 | 200.7 | |
| 10 | देवरी | 0.0 | 1223.6 | 6.0 | 1146.9 | 258.1 | |
| | योग जिला | 76.7 | 11031.3 | 65.2 | 15381.0 | 2458.3 | |
| | औसत वर्षा | 7.7 | 1103.1 | 6.5 | 1538.1 | 245.8 | |

बीते 24 घंटे में 7.7 मिलीमीटर औसत वर्षा

जिले में बीते 24 घंटे में 17 सितम्बर 2023 को प्रातः 08 बजे तक 7.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषामापी केन्द्र रायसेन में 06 मिलीमीटर, गैरतगंज में 15.4, बेगमगंज में 08, सिलवानी में 04, गौहरगंज में 25, बरेली में 01, उदयपुरा में 01, बाड़ी में 15, सुल्तानपुर में 1.3 तथा वषामापी केन्द्र देवरी में 0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# कानपुर में धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती,

***फैक्ट्रियों संग दुकानों में पूजन***

***– 15 लाभार्थियों को 78 लाख रुपये का ऋण और 55 लाभार्थियों को टूल किट***

**सुनील बाजपेई**

कानपुर` आज यहां रविवार को विश्वकर्मा भगवान की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर जिले के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में पूजा अर्चना के साथ प्रसाद वितरण किया गया। वहीं औद्योगिक संगठनों की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के तहत 15 लाभार्थियों को 78 लाख रुपये का ऋण वितरित किया गया, जबकि 55 लाभार्थियों को टूल किट प्रदान की गई। विश्वकर्मा जयंती के इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक प्रतिभा शुक्ला,



देहात डीएम जेपी सिंह व सीडीओ सौम्या पांडेय की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत रोहित यादव को डेयरी उद्योग के लिए पांच लाख रुपये की चेक दी गई। जबकि शिव नारायण विश्वकर्मा को लौह कला उद्योग के लिए 10 लाख, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत अमर सिंह को टेंट हाउस के लिए 10 लाख रुपये की चेक दी गई। इसी प्रकार 15 लाभार्थियों को कुल 78 लाख रुपये स्वीकृत करते हुए उन्हें चेक दी गई। इसी क्रम में शेष 55 लाभार्थियों को टूल किट दी गई। फैक्ट्रियों के साथ ही दुकानों पर भी पूजा हुई। इस दौरान कलपुर्जों, वाहनों की पूजा कर हवन किया गया। इसके साथ ही लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। यह भी अवगत कराते चलें कि लोहे के व्यापारी भगवान विश्वकर्मा को अपना आराध्य मानते हुए विश्वकर्मा जयंती के दिन भगवान की पूजा बड़े विधि विधान से करते हैं। देवताओं के शिल्पी भगवान विश्वकर्मा का जिस दिन पूजन अर्चन होता है, उस दिन ज्यादातर व्यापारी अपना कारोबार बंद रखते हैं। इसी तरह के इसी तरह से शहर के औद्योगिक क्षेत्र में भी विश्वकर्मा भगवान की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई।

# अवैध गांजे के कारोबारियों पर पुलिस का शिकंजा, चार किग्रा गांजा सहित तीन आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 18 सितंबर )चुनाव के पहले पुलिस ने अपराधियों पर नकेल कसते हुए दबोचना शुरू कर दिया है जिसमे रविवार को पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा की विक्री करते तीन लोगों को गिरफ्तार किया। कोतवाली पुलिस ने नगरीय क्षेत्र के सरेखा बाइपास मार्ग पर पुरानी कवेलु फैक्ट्री के पास सुनसान जगह पर तीन संदिग्धों को रोककर उनकी तलाशी ली गयी तो उनके पास से 45 हजार रुपए कीमत का 3 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद किया।आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने 8/20, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला कायम कर विवेचना में लिया।



पुलिस ने इस मामले में महाराष्ट्र गोंदिया के गौतम नगर वार्ड 32 निवासी विकास उर्फ महाराज पिता चक्रवती शुक्ला (37), भावना पिता अनिल सहारे (29) और भरवेली वार्ड 9 निवासी सलीम पिता इमाम खान (50) को गिरफ्तार किया। इनके पास से गांजा सहित मोबाइल और नगद राशि पुलिस ने बरामद की। पुलिस की मानें तो आरोपी विकास उर्फ महाराज शुक्ला, गोंदिया का गांजा व्यापारी है, जो महिला मित्र भावना सहारे के साथ उड़ीसा से गांजा लेकर आता है, यहां आकर वह बालाघाट सहित आसपास के क्षेत्रो के फुटकर गांजा विक्रेताओं को बेचता है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ में और भी जानकारी मिल सकती हैं।

इस मामले में थाना प्रभारी, उपनिरीक्षक विकास सिंह, महेश शर्मा, अमित गौतम, योगेंद्र चौहान, एएसआई शब्बीर खान, अजय डेहरिया, प्रभुदयाल कानतोड़े, आरक्षक गजेंद्र माटे, शैलेश गौतम, अंकुर गौतम, शेख शहजाद, पदम उइके, महिला एएसआई अर्चना बैस, मआर. शहाना खान, चालक प्रआर दिनेश ठाकरे सहित कोतवाली स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# चपानी के जंगल एवं केवइ बैरियर के आसपास लग रहा जुए का फड

कोतमा। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनूपपुर जिले के कोतमा क्षेत्र अंतर्गत चपानी के जंगल एवं केवइ बैरियर के आसपास हुए का फड संचालित किया जा रहा है किंतु पुलिस प्रशासन अभी तक अवैध कारोबारी पर नकेल नहीं कसपाई है जिसके कारण प्रतिदिन आसपास क्षेत्र के जुआ खेलने वाले किस्मत आजमाने पहुंच रहे हैं। सूत्रों की माने तो किसी जोशी द्वारा उक्त अवैध कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है। जन चचाओं के मुताबिक कोतमा, बिजुरी ,क्षेत्र में इन दोनों 52 परी का खेल जोरों पर संचालित किया जा रहा है।